CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, मंगलवार 3 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 170 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभः योगी पेज 2




भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाकिस्तान को चेताया खेल टाइम्स



सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी सम्पादकीय



भारत-ईयू डील से पाकिस्तान में एक करोड़ नौकरियां खतरे में पेज 12

# सिंधु जल समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत गठित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (सीओए) की कार्यवाही को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह इस अदालत की वैधता को नहीं मानता और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होगा। जब सिंधु जल संधि को ही भारत ने स्थगित कर रखा है, तो उस संधि के तहत बनी किसी संस्था को जवाब देने की बाध्यता नहीं है।

कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने फरवरी 2-3 को नीदरलैंड्स के पीस पैलेस में सुनवाई तय की है। साथ ही भारत के बगलिहार और किशनगंगा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स से जुड़े 'पोंडेज लागबुक'



**कहा: इस अदालत की वैधता को नहीं मानते और इसकी किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे**

**दस्तावेज नहीं मिलने पर वह एडवर्स इनफेरेंस यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है: कोर्ट**

दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है। भारत ने इन आदेशों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने 24 जनवरी 2026 के आदेश में कहा था कि अगर भारत मौजूद नहीं रहता, तो पाकिस्तान अकेले ही सुनवाई में दलीलें देगा। इसके बाद 29 जनवरी को कोर्ट ने भारत से बगलिहार और किशनगंगा प्रोजेक्ट्स के ऑपरेशनल रिकॉर्ड मांगे। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि दस्तावेज नहीं मिलने पर वह 'एडवर्स इनफेरेंस' यानी प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकता है। साथ ही यह भी कहा गया कि भारत द्वारा संधि को स्थगित करने का फैसला कोर्ट की अधिकार-सीमा को प्रभावित नहीं करता। भारत का कहना है कि मौजूदा विवाद तकनीकी है और इसे न्यूट्रल एक्सपर्ट के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। सिंधु नदी के पानी को लेकर जब भी कोई तकनीकी विवाद होता है, तो उसे सुलझाने के लिए न्यूट्रल (निष्पक्ष) एक्सपर्ट की व्यवस्था की गई है। यह प्रावधान सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) में पहले से तय है। न्यूट्रल एक्सपर्ट कोई अदालत नहीं होता। वह एक स्वतंत्र और तटस्थ तकनीकी विशेषज्ञ होता है, जो पानी से जुड़े तकनीकी सवालों पर राय देता है। भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कशमीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 फीसदी जमीन पाकिस्तान, 39 फीसदी जमीन भारत, 8 फीसदी जमीन चीन और 6 फीसदी जमीन अफगानिस्तान में है।

## इंडिगो विमान के टॉयलेट में पेपर पर लिखा मिला 'ब्लास्ट'

**वाराणसी।** हैदराबाद से वाराणसी आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-6719 में रविवार शाम को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस की टीमें तत्काल सक्रिय हो गईं। विमान के लैंड करने के बाद तुरंत गहन जांच शुरू कर दी गई। जांच के बाद हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इंडिगो की यह फ्लाइट वाराणसी पहुंच रही थी, तभी क्रू सदस्य को टॉयलेट में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिस पर कुछ लिखा हुआ था। एयरपोर्ट प्रशासन तुरंत सतर्क हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### निलंबन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे अलंकार अग्निहोत्री

**प्रयागराज।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सलाह लेने के बाद वह अपने निलंबन आदेश को न्यायालय में चुनौती देंगे। मीडिया से बातचीत में श्री अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति नरम रुख दिखाते हुए कहा कि उनकी मुख्य आपत्ति केंद्र सरकार की कार्यशैली को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक कंपनी की तरह संचालित हो रही है, जहां निर्णय सीमित लोगों के हाथ में केंद्रित हैं।।

### तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को मिला ग्रैमी अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा को यहां रविवार देर रात संपन्न हुए 68वें ग्रैमी अवाड्र्स में 'बेस्ट ऑडियोबुक, नरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' श्रेणी में विजेता चुना गया। इस श्रेणी के लिए चार अन्य लेखक भी दौड़ में थे, लेकिन दलाई लामा को पुरस्कार के लिए चुना गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके ऑडियोबुक प्रोजेक्ट 'मेडिटेशंस : द रिफलेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए मिला है। उनके अलावा इस श्रेणी में मशहूर कॉमेडियन और लेखक ट्रेवर नोआ (इंटू द अनकट ग्रास), केतनजी ब्राउन जैक्सन (लवली वन) और कैथी गार्वर (एल्विस रॉकी एंड मी) जैसे नाम शामिल थे।

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार भूकंप का केन्द्र बड़गाम जिले में था, जिससे घाटी के कुछ हिस्सों में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई। भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह 5:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 मापी गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का केन्द्र 33.9 उत्तरी अक्षांश और 74.76 पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, शोपियां और आसपास के इलाकों में भी महसूस किए गए, जिससे लोग घरों से बाहर निकल आए।

### CBI ने 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 'अमेरिका (एफबीआई), ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर चलाए गए एक बहुद्देशीय अभियान ऑपरेशन साइस्ट्राइक' की शुरुआत की यह अभियान भारत और दूसरे देशों से काम करने वाले उन लोगों और समूह को लक्ष्य करता है, जो सीमा पार (अंतर्राष्ट्रीय), साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क में शामिल हैं।

# जाति जनगणना 2027 पर पीआईएल खारिज

## सुप्रीम कोर्ट का जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व- निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बने 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है, जो संबंधित अधिकारियों को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि जनगणना किस तरीके और किन बिंदुओं पर की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई -शेष पृष्ठ दो पर

**शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से कहा: सुझावों पर करें विचार**



## वांगचुक लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश बनाना चाहते थे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है। जिला मजिस्ट्रेट ने हालात को देखते हुए गिरफ्तारी का सही फैसला लिया। मेहता ने कहा कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त आधार है।

**■ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा: वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, जहर उगलने नहीं दे सकते**

# जामिया के पूर्व कुलपति इकबाल हुसैन का निलंबन रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के पूर्व कुलपति प्रोफेसर इक़बाल हुसैन के निलंबन को निरस्त करते हुए कहा है कि उनके खिलाफ चलाई गई अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने प्रोफेसर हुसैन की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें उनके निलंबन को चुनौती दी गई थी।

जेएमआई विश्वविद्यालय ने सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया कि उसने छह सितम्बर 2024 के निलंबन आदेश को पहले ही वापस ले लिया है और इसके लिए 20 जनवरी 2026 को एक नया आदेश जारी किया गया था। न्यायालय ने इसी बात को रिकॉर्ड पर लेते हुए प्रोफेसर हुसैन को उनकी अकादमिक और शैक्षिक जिम्मेदारियां फिर से शुरू करने की इजाजत दे दी। साथ ही न्यायालय ने यह निर्देश दिया कि जब तक अनुशासनात्मक कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे एस्टेट ऑफिसर के तौर पर काम नहीं करेंगे। न्यायालय ने कहा कि विभागीय जांच डेढ़ साल से ज्यादा समय से लंबित थी और माना कि इतनी लंबी जांच से बेवजह परेशानी होती है। इसलिए, पीठ ने विश्वविद्यालय को छह हफ्ते के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया। यह मामला जेएमआई की कार्यकारी परिषद के एक फैसले से जुड़ा है, जिसमें विधि संकाय के पूर्व डीन और सेवा न्यायशास्त्र के जाने-माने विशेषज्ञ प्रोफेसर हुसैन से विश्वविद्यालय के जमीन खरीदने के पहले अधिकार के बारे में राय देने को कहा गया था। प्रोफेसर हुसैन ने जमीन खरीदने के खिलाफ सलाह देते हुए सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को अपनी मौजूदा जमीन का सही इस्तेमाल करना चाहिए और मेडिकल कॉलेज एवं दूसरे अकादमिक विकास जैसी जरूरी परियोजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन बचाने चाहिए। उनके विचार का कार्यकारी परिषद के ज्यादातर सदस्यों ने समर्थन किया, जिसके बाद यह तय हुआ कि विश्वविद्यालय जमीन नहीं खरीदेगा। प्रोफेसर हुसैन ने परिषद के निर्देश पर काम करते हुए औपचारिक रूप से जमीन मालिक को फैसले की जानकारी दी और कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। प्रोफेसर हुसैन की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अद्वैत घोष ने अधिवक्ता अंकुर चिब्बर के साथ मिलकर कहा कि कार्यकारी -शेष पृष्ठ दो पर



**■ अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो उनके पक्ष में थी और न ही संस्थान के पक्ष में: दिल्ली हाईकोर्ट**

# सोना 891 महंगा व चांदी 10,856 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में सोमवार को करीब 900 रुपये चढ़कर 1,48,644 रुपये दस ग्राम पर पहुंच गई, जबकि चांदी में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम पांच बजे सोना 891 रुपये (0.60 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 1,48,644 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। पीली धातु के विपरीत चांदी 10,856 रुपये यानी 4.09 प्रतिशत टूटकर 2,54,796 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर रही। पिछले महीने सोना 1,75,000 रुपये प्रति दस ग्राम को पार कर गया था। चांदी भी चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई थी। लेकिन उसके बाद दोनों कीमती धातुओं के दाम घटे हैं, विशेषकर चांदी में बड़ी गिरावट देखी गई है। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं के दाम बढ़ गए।

# ममता काली शॉल ओढ़कर सीईसी से मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) से मुलाकात की। उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे।

मुलाकात के बाद ममता ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैं चार बार केंद्रीय मंत्री और सात बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। ममता बोलीं, मैंने चुनाव आयुक्त से कहा कि उनकी कुर्सी का सम्मान करती हूं, क्योंकि कोई भी कुर्सी हमेशा के लिए नहीं रहती। एक दिन उनको जाना ही होगा। बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? चुनाव लोकतंत्र का त्योहार होते हैं, लेकिन उन्होंने 58 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए और अपना बचाव करने का मौका तक नहीं दिया।



**■ बोलीं: चुनाव आयोग भाजपा का आईटी सेल है, ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा**

# यूपी के 30 जिलों में कोहरा राजस्थान व मप्र में ओले गिरे

नई दिल्ली, वार्ता

**उत्तर भारत** का मौसम फिर बदल गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी। मैदानी राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही। आईएमडी ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर से आने वाली हवाओं का सिस्टम है, जो सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है। सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में पारा माइनस 8.0, लद्दाख के द्रास में माइनस 15.1 और हिमाचल के काल्पा में माइनस 3.8 डिग्री रहा।

**■ हिमाचल के मनाली में बर्फबारी**
**■ अगले 5 दिन में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस मौसम बदलेंगे**

### दिल्ली पर कोहरे व प्रदूषण की चादर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में सोमवार सुबह हल्की धुंध देखी गई और वायु प्रदूषण सामान्य से खराब स्थिति में दर्ज किया गया। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह करीब सात बजे के आंकड़ों में द्वारका के सेक्टर तीन, छह और 10 'खराब' श्रेणी में थे, जिनका एक्यूआई 243 था। जबकि महिपालपुर (एक्यूआई 134) और मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग (एक्यूआई 118) जैसे अन्य स्थान 'सामान्य' श्रेणी में रहे। गाजियाबाद में भी 259 एक्यूआई के साथ हवा 'खराब' श्रेणी में रही।

# राहुल बोले: चीनी टैंक लद्दाख पहुंचे, शाह -राजनाथ ने टोका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब का हवाला देते हुए कहा कि 4 चीनी टैंक लद्दाख सीमा में पहुंच गए थे।

राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका। राहुल करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 3 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राहुल ने बोलना शुरू किया, लेकिन हंगामे के चलते महज 9 मिनट बाद ही कार्यवाही शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दी -शेष पृष्ठ दो पर



**■ स्पीकर ने माइक बंद कराया, जनरल नरवणे की किताब के 9 प्वाइंट पर लोकसभा में हुआ हंगामा**

### सरकार डरती है, मुझे जनरल नरवणे के शब्द बोलने से रोकती है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की लिखी कुछ बातें लोकसभा में बोलना चाहते थे, लेकिन इससे सरकार डर रही है और उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। श्री गांधी ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मुझे सिर्फ 2-3 लाइनें बोलनी हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये पूर्व सेना प्रमुख के शब्द हैं। ये उनके रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत के अंश हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 तक सम्पन्न करा लें 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं: सचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर मंगलवार को संशोधित आदेश जारी किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर 4 फरवरी तक इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक प्रथम चरण की प्रायोगिक परीक्षाएं पहले 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक निर्धारित थीं, लेकिन 1 फरवरी को कुछ विद्यालयों में परीक्षाएं शेष रहने के कारण अब इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 फरवरी 2026 कर दी गई है।

### उप्र में 384 मुख्य पुलिसकर्मी बने उप निरीक्षक, आदेश जारी

**लखनऊ।** शासन स्तर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के 384 मुख्य आरक्षियों (नागरिक पुलिस) को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। यह पदोन्नति उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक एवं निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली- 2015 (संशोधित) के अंतर्गत वरिष्ठता के आधार पर की गई है। सोमवार को उत्तरप्रदेश पुलिस मुख्यालय के पुलिस उपमहानि. रीक्षक स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की प्राधिकृत विभागीय चयन समिति द्वारा चयनित कार्मिकों को पुलिस महानिद. शक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन के बाद उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया है।

आदेश में यह भी स्पष्ट

# भाजपाई अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश कर रहेः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोटर लिस्ट से नाम कटवाने वाले फार्म-7 के कथित दुरुपयोग को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर भाजपाई घपलेबाज खुद फ़ार्म-7 छापकर और नक़ली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं।

सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने इसे लो. कतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उनका आरोप है कि बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फ़ार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रुक नहीं रही है। उन्होंने कहा कि फ़ार्म-7 का ग़ैरक़ानूनी इस्तेमाल एक बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सज़ाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके। सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता अपने स्तर पर इस कथित फ़र्ज़ीवाड़े का पर्दाफ़ाश कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। अखिलेश यादव ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चाहे वह गांव-मोहल्ले का स्थानीय मंच हो या ज़िला-मंडल-राज्य स्तर का मीडिया, जो भी इस मुद्दे को उठाकर लोकतंत्र के 'चौथे स्तंभ' की भूमिका निभा रहा है, समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी है। उन्होंने इस 'महा-घोटाले' का भंडाफोड़ करने और तथ्यों को सामने लाने का आग्रह किया है।

### पाकिस्तान के टी-20 वर्ल्ड कप बहिष्कार को लेकर अखिलेश ने उठाए विदेश नीति पर सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पाकिस्तान द्वारा आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार की घोषणा के बाद केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं।

संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए यादव ने कहा कि भारत सरकार को अपनी विदेश नीति की दिशा पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के घटनाक्रम देश की वैश्विक छवि और कूटनीतिक प्रभाव को प्रभावित करते हैं, इसलिए सरकार को गंभीरता से इस विषय पर ध्यान देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सरकार ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ निर्धारित मुकाबले का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यदि पाकिस्तान अपने रुख पर कायम रहता है और मैच नहीं खेलता है, तो उसके खिलाफ आईसीसी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# 69000 शिक्षक भर्ती पर फिर भड़का आरक्षित वर्ग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुटे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों का सब्र एक बार फिर टूटता नजर आया। सोमवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर जुट गए और न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।

उच्चतम न्यायालय में सुनवाई न हो पाने से नाराज अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उपमुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी 'केशव चाचा न्याय करो' जैसे नारे लगा रहे थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, लेकिन परिणाम घोषित होने के बाद आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 13 अगस्त 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नियमों के अनुसार नियुक्ति के आदेश दिए थे।

# डोकलाम के सच से डरी सरकार राहुल को संसद में नहीं बोलने देती

नई दिल्ली, वार्ता



■ नियम व प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोका

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार डोकलाम में जुड़े सत्य के खुलासे से बहुत डरी हुई है और अब वह लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर रोक रही है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह सरकार अपनी अक्षमता के सत्य के सामने आने से इतनी डरी हुई है कि इसने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने से रोकने के लिए अपने सबसे वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का समूह बनाकर तैनात कर दिया है। वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की पुस्तक का प्रकाशन रोकने के लिए जमीन-आसमान एक कर दिया है और अब जो अंश सामने आ रहे हैं वे उनकी तथाकथित राष्ट्रवादी प्रतिबद्धताओं को उजागर करते हैं। अब वे विपक्ष के नेता को घेर रहे हैं और चुप करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में नियम और प्रक्रियाओं का हवाला देकर उनकी गलत व्याख्या की जा रही है। सदन तथा देश की जनता को चीन के खिलाफ संघर्ष में सरकार की हिमालई भूलों के बारे में जानने से वंचित किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आगे लिखा कि यह 21वीं सदी के फासीवाद का मामला है, जहां पहले जनता में असहमति को दबाया जाता है और फिर विरोधियों को चुप कराने के लिए नियमों का दुरुपयोग किया जाता है।

### उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए गए

# बजट 2026-27 से यूपी को सर्वाधिक लाभः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में उत्तर प्रदेश के लिए व्यापक और दूरगामी प्रावधान किए हैं। उन्होंने बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की प्रगति में निर्णायक योगदान दे रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो सुदृढ़ नीतियों और सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा 'नेशन फर्स्ट' की भावना को प्राथमिकता दी है। अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों की बात करना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौलिक अधिकारों की चर्चा तो होती है, लेकिन कर्तव्यों की उपेक्षा कर दी जाती है, जबकि हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराना जरूरी है। वर्तमान बजट इसी सोच को मजबूती देता है। योगी ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। किसान, युवा, महिलाएं और गरीब वर्ग इस बजट के केंद्र में हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश के छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और उत्तर प्रदेश इससे सर्वाधिक लाभ उठाने वाला राज्य होगा। बजट में प्रस्तावित सात रेलवे कॉरिडोर में से दो कॉरिडोर उत्तर प्रदेश को मिले हैं। आने वाले समय में इससे राज्य को बेहतर कनेक्टिविटी, तेज रेल सेवाओं और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि का लाभ मिलेगा। साथ ही, अंतर्देशीय जलमार्गों (वॉटरवेज) के उपयोग से भी प्रदेश को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ललितपुर में 1200 एकड़ भूमि पर बायोफार्मा सेक्टर को विकसित किया जा रहा है। ग्लोबल बायोफार्मा के लिए केंद्र सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया है। इसके अलावा भारत को डाटा सेंटर हब बनाने के लिए 22 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक ग्राम पंचायतें उत्तर प्रदेश में हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इससे युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में मदद मिलेगी।

### जिलाधिकारी और पुलिस राजस्व अधिकारी मामलों को गंभीरता से लें: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी मामलों को गंभीरता से लें, लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनें और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अवैध अतिक्रमण से जुड़े कई मामले भी रखे गए। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित प्रार्थना पत्र स्वीकार किए और आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार देश



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े

मुंबई, वार्ता



बजट के दिन रही भारी गिरावट के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 943.52 अंक (1.17 प्रतिशत) चढ़कर 81,666.46 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 262.95 अंक यानी 1. 06 फीसदी की तेजी के साथ 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। बजट के दिन रविवार को विशेष सत्र में दोनों सूचकांक करीब दो प्रतिशत लुढ़क गए थे। शेयर बाजारों की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद में अच्छी लिवाली देखी गई। रुपये में तेजी से बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 41.50 पैसे की वृद्धि के साथ 91. 52 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वाहनों की बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से सेक्टर में तेजी रही। तेल एवं गैस, धातु, एफएमसीजी, रियलटी, रसायन, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के समूहों में भी लिवाली हावी रही। आईटी और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक टूट गए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। अडानी पोर्ट्स में पौने चार प्रतिशत और बीईएल तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में सवा तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट में दो से तीन प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, इटरनल, मारुति सुजुकी, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

# जनवरी में फिर बढ़ी विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार

**मुंबई।** उत्पादन और नए ऑर्डरों में मजबूत वृद्धि के दम पर देश के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार माह-दर-माह आधार पर जनवरी में एक बार फिर बढ़ गई। एचएसबीसी द्वारा जारी भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई), जो दिसम्बर 2025 में 22 महीने के निचले स्तर 55.0 पर रहा था, जनवरी में 55.4 दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना क्षेत्र की गति. विधियों में बढ़ोतरी को दिखाता है, जबकि इसका 50 से नीचे रहने गिरावट बताता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता दर्शाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश की विनिर्माण कंपनियों ने जनवरी में गतिविधियों में दोबार सुधार देखा। इसके पीछे मुख्य कारक थे - नए ऑर्डरों, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि। लागत हल्की बढ़ी है जबकि विक्रय मूल्य में कमी आई है। इससे उत्पादकों का लाभ अनुपात थोड़ा प्रभावित हुआ है। नए ऑर्डरों पहले के मुकाबले तेज वृद्धि के बाद भी कारोबारी भरोसा सुस्त बना हुआ है और भविष्य में उत्पादन को लेकर उम्मीद जुलाई 2022 के बाद के निचले स्तर पर है। एचएसबीसी द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में उपभोक्ता उत्पाद का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। वहीं, पूंजीगत वस्तुओं में सबसे धीमा सुधार देखा गया।

# चावल, चीनी, दालें महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं नरमी देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 97 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 13 रुपये फिसलकर 2,861 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 228 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 182 रुपये और मसूर दाल 166 रुपये मजबूत हुई। मूंग दाल का भाव 133 रुपये और उड़द दाल का 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। विदेशों में अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0. 78 प्रतिशत टूटकर 53.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। मलेशिया में बाजार बंद रहे। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 167 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल 112 रुपये और सूरजमुखी तेल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल भी 63 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति की कीमत 155 रुपये और सरसों तेल की 114 रुपये प्रति क्विंटल क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 112 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े हुए। चीनी की कीमत भी 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जाति जनगणना....**

संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं और पहले ही रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष रखे जा चुके हैं। इन टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया और केंद्र सरकार से कहा कि वह कानूनी नोटिस और याचिका में दिए गए सुझावों पर उचित विचार कर सकती है। 2027 की जनगणना देश की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहली बार होगी जब व्यापक स्तर पर जाति आधारित गणना की जाएगी। साथ ही, यह भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना भी होगी, जिससे आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। यह याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। याचिकाकर्ता का आरोप था कि जनगणना संचालन निदेशालय ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि नागरिकों की जाति पहचान दर्ज करने के लिए कौन-से मानदंड अपनाए जाएंगे, जबकि इस बार जाति गणना का दायरा अनुसूचित जाति और जनजाति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

**जामिया के...**

परिषद के फैसले के मुताबिक काम करने के बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन ने कथित तौर पर द्वेष की वजह से प्रोफेसर को निलंबित कर दिया। अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रोफेसर हुसैन पर कोई गलत काम करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। उच्च न्यायालय ने अपील का निपटारा करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की जरूरत पर जोर दिया और संबंधित विश्वविद्यालय अधिकारियों को तुरंत आदेश की जानकारी देने का निर्देश दिया।

**राहुल बोले:...** गई। शाम 4 बजे भी कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा हुआ और 11 मिनट बाद कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। राहुल गांधी को राजनाथ ने 11 बार, शाह ने 7 बार टोका। इसके अलावा किरेन रिजिजू ने 2 बार और अनुराग ठाकुर ने 6 बार रोका। राहुल गांधी ने सदन में कहा कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहा हूं। जिसमें पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की किताब (मेमायर) को कोट किया गया है। राजनाथ सिंह खड़े हुए और बोले कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। राहुल बोले 'आप सब ध्यान से सुनें कि मैं क्या पढ़ रहा हूं इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। 4 चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे। वे कुछ 100 मीटर ही दूर थे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि राहुल जी आप सदन में नेता विपक्ष हैं। सांसद प्रियंका ने एक बात कही थी, तो उन्होंने आथेंटिक स्तर पर प्रस्तुत किया था। आपसे भी यही अपील है। राहुल ने कहा कि ये सौ प्रतिशत आथेंटिक है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल बताएं कि क्या यह प्रकाशित हुआ है या नहीं केवल इतना बताएं। लोकसभा में एनडीए और विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। ओम बिरला ने कहा कि रक्षा मंत्री सही कह रहे हैं। आप सदन में इसका जवाब दें। आप सदन में है, विपक्ष के नेता हैं सही नियम से चलें।

# शंकराचार्य से मिले अलंकार अग्निहोत्री

## एससी-एसटी एक्ट को लेकर सात फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा

**वाराणसी।**



उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए अलंकार अग्निहोत्री ने रविवार शाम को केदार घाट स्थित विद्या मठ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की।

शंकराचार्य के मौन व्रत पर होने के कारण उनकी बातचीत इशारों में ही हो पाई। अलंकार अग्निहोत्री ने एससी-एसटी एक्ट को लेकर सात फरवरी को दिल्ली कूच करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जनाधार लगातार कम हो रहा है। निलंबन के प्रकरण पर वे संवैधानिक तरीके से कोर्ट के माध्यम से जवाब देंगे। आंदोलन एससी-एसटी एक्ट के खिलाफ होगा, जो दिल्ली में बड़ा रूप लेगा। फर्जी मुकदमों में लोगों को फंसाया जा रहा है। सात फरवरी को देश के विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के लोग दिल्ली कूच करेंगे। 6 फरवरी तक एससी-एसटी एक्ट को काला कानून मानकर वापस नहीं लिया गया, तो देश की राजधानी दिल्ली के लिए हम सभी 7 फरवरी को कूच करेंगे। शंकराचार्य जी मौन होने के कारण उनसे इस मुद्दे पर अभी विस्तार से बात नहीं हो पाई। अग्निहोत्री ने कहा कि महाराज जी मौन व्रत पर थे, इसलिए बहुत अधिक बात नहीं हो पाई। सनातन धर्म में किसी भी अच्छे कार्य से पहले बड़ों का आशीर्वाद लेना आवश्यक बताया गया है। एससी-एसटी एक्ट की विभीषिका पूरे देश को झेलनी पड़ रही है। 85 प्रतिशत लोग इस एक्ट को नहीं चाहते। सामान्य वर्ग केंद्र सरकार से काफी नाराज है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। इस संदर्भ में महाराज जी से बातचीत नहीं हो पाई। मेरी कोई राजनीतिक आकांक्षा नहीं है, देश कल्याण की भावना मेरे अंदर है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की जो नियमावली आई थी, अगर वह लागू हो जाती तो सिविल वॉर जैसी स्थिति बन सकती थी। इन सबके मूल में एससी-एसटी एक्ट है।

### देश संविधान से चलता है, किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं: ओमप्रकाश राजभर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मंगलवार को वाराणसी स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। शंकराचार्य के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, ष्देश संविधान से चलता है, किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं। संविधान किसी के कहने से नहीं बदल सकता। किसी व्यक्ति के बयान से कुछ नहीं होता। गौ माता को 'राज्य माता' का दर्जा देने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह विषय जब मंत्रिमंडल के समक्ष आएगा, तब उस पर विचार किया जाएगा।

# युवक की मौत, बहन गंभीर

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नजीबाबाद मार्ग पर डंपर की टक्कर में थाना शेरकोट निवासी बाइक चालक युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। वहीं जिला अस्पताल में युवक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में बाइक पर युवक और उसकी बहन हरिद्वार की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह नजीबाबाद मार्ग स्थित बुंदकी तिराहे पर पहुंचे, तो सामने से आ रहे एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक के पीछे बैठी 18 वर्षीय युवती सोनी एक तरफ गिर गई। बाइक चालक 25 वर्षीय रोहित पुत्र रंजीत निवासी ग्राम नागरपुर खड़कसेन, थाना शेरकोट वाहन समेत डंपर के नीचे आ गया। कई मीटर तक ट्रक के नीचे बाइक और उसके साथ युवक रगड़ते चले गए। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं युवती की हालत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया गया।

युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

नगीना पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि लोगों के अनुसार डंपर चालक हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने डंफर को दुर्घटना स्थल से हटाकर मंडी समिति परिसर में खड़ा करा दिया है।

# बस में डम्पर ने टक्कर मारी

## स्कूल बस में सवार चार बच्चे घायल, एक के पैर में फ्रैक्चर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** स्कूल बस में डम्पर ने टक्कर मार दी। जिसमें चार बच्चे घायल हो गए। एक बच्चा गम्भीर हालत में बिजनौर रैफर कर दिया गया है। पुलिस ने डम्पर को कब्जे में ले लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह रूट्स स्कूल की एक बस क्षेत्र के ग्राम रतनगढ़ से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। जब वह चांदपुर रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास पहुंची, तो सामने से आ रहे डम्पर ने बस में टक्कर मार दी। हादसे के बाद बच्चों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने बस में घायल हुए दक्ष पुत्र विपिन, माधव पुत्र प्रशान्त, युवान पुत्र भविराज व अनन्त तोमर पुत्र प्रशान्त तोमर चार बच्चों को बस से निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने दक्ष के पैर में फ्रेक्चर होने के कारण उसे उपचार के लिए बिजनौर रैफर कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया व कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकान्त सत्यार्थी ने मौके पर पहुंचकर घायलों की जानकारी ली। पुलिस ने डम्पर को कब्जे में ले लिया है। हादसे की सूचना पर स्कूल के चेयरमैन शान्तानु गुप्ता व व्यवस्थापक दिनेश त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बच्चों के परिजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है।

# मोदी सरकार का बजट 'फुस्स सुतली बम' जैसा : जहांगीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 पर विपक्षी दलों ने तीखा हमला बोला है। नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी नहटौर जहांगीर (सुईट) ने इस बजट को आम जनता के साथ छलावा बताते हुए इसे 'फर्जी और निराशाजनक' करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस नेता जहांगीर (सुईट) ने बजट की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि बजट पेश होने से ठीक पहले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में रुपए 50 की बढ़ोतरी करना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि डेढ़ घंटे से अधिक लंबे भाषण में असली समस्याओं पर चुप्पी साधी गई। घरेलू गैस सिलेंडर पर राहत की उम्मीद लगाए बैठी जनता को केवल मायूसी हाथ लगी है। जहांगीर (सुईट) ने बजट के बाद शेयर बाजार में आई गिरावट का हवाला देते हुए कहा कि यह निवेशकों के अविश्वास का प्रतीक है। उनके अनुसार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर गिर रहा है और निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। गिरते रुपये को संभालने के लिए सरकार के पास कोई ठोस रोडमैप नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण की अनदेखी की गई है और पिछले बजट का आवंटित पैसा (शिक्षा व स्वास्थ्य) खर्च तक नहीं हो पाया। बजट के मुख्य बिंदुओं पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 'बुलेट ट्रेन' और 'करोड़ों नौकरियों' जैसे बड़े दावे खोखले साबित हुए हैं। मध्यम वर्ग को इस बजट में कुछ नहीं मिला, बल्कि उन पर महंगाई का बोझ और बढ़ गया है। मोदी सरकार का यह बजट 'फुस्स सुतली बम' जैसा है। यह गरीबों को और गरीब बनाने वाला और मध्यम वर्ग को झुनझुना थमाने वाला बजट है। इसमें न रोजगार की गारंटी है और न ही महंगाई से निजात पाने की कोई योजना।

# धामपुर के ग्रेजुएट युवा हरिद्वार में गिरफ्तार

## नौकरी की तलाश में गए थे हरिद्वार, बन गए मोबाइल चोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के पढ़े-लिखे और ग्रेजुएट युवाओं का गलत रास्ते पर भटकना एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। बेहतर भविष्य और नौकरी की तलाश में हरिद्वार पहुंचे धामपुर तहसील क्षेत्र के युवाओं ने वहां अपराध की दुनिया में कदम रख दिया। हरिद्वार के सिडकुल थाना क्षेत्र में लगातार हो रही मोबाइल लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है, जिनमें दो का संबंध धामपुर तहसील क्षेत्र से बताया जा रहा है।

हरिद्वार पुलिस के अनुसार, सिडकुल थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से मोबाइल झपटमारी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं, जिससे आम लोगों में भय का माहौल बन गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान 31 जनवरी 2026 को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन शातिर मोबाइल लुटेरों को दबोच लिया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी और छीने गए कुल छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर सिडकुल थाने में दर्ज विभिन्न मामलों में विधिक धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़े गए तीनों युवक एक निजी कंपनी में कार्यरत थे और अवसर मिलने पर राह चलते लोगों को निशाना बनाकर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देते थे।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मोबाइल लूट की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने कम समय में ज्यादा पैसा कमाने के लालच में अपराध का रास्ता चुना। बताया गया है कि दो आरोपी अभिनव निवासी इब्राहिमपुर थाना धामपुर, दीपू हरिपुर गोकल थाना अफजलगढ़ का निवासी हैं, जबकि तीसरा युवक दीपक किरतपुर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

इस मामले के सामने आने के बाद धामपुर क्षेत्र में भी चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पढ़े-लिखे युवाओं का इस तरह अपराध की राह पकड़ना समाज के लिए चिंताजनक है। वहीं पुलिस का कहना है कि अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी इस तरह के मामलों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

फिलहाल पुलिस तीनों आरो. पियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक नेटवर्क और अन्य संभावित वारदातों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने पर रिपोर्ट दर्ज



## चबूतरा बनाकर झंडा लगाने का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम बाकरनगर में रविदास जयंती के मौके पर सरकारी भूमि पर दलित समाज द्वारा चबूतरा बनाकर झंडा लगाने के मामले में हल्का लेखपाल की ओर से अवैध कब्जा करने और पुलिस कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए नौ नामजद व 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव बाकरनगर में सरकारी अभिलेखों में 'खाद के गड्ढे' के रूप में दर्ज भूमि पर जबरन झंडा लगाने और निर्माण कार्य शुरू करने के आरोप का आरोप है। गाटा संख्या 127 (रकबा 0.0.41 हेक्टेयर) सरकारी भूमि है। आरोप है कि 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 की मध्य रात्रि को गांव के ही कुछ लोगों ने, जिनमें नौबाहर सिंह, हरकेश सिंह, जयपाल सिंह, हेमराज सिंह, रोहितश, प्रमोद कुमार, छोटू सिंह और विजय लक्ष्मी समेत 20-25 अज्ञात महिला-पुरुष शामिल थे, बिना किसी अनुमति के वहां झंडा लगा दिया। झंडा लगाने के साथ-साथ आरोपियों ने लगभग 06 वर्ग फीट क्षेत्र में ईंटें बिछाकर पक्का निर्माण करने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता गजेंद्र सिंह के अनुसार यह गतिविधि भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से की गई थी। जब प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर अतिक्रमण हटवाने पहुंची, तो आरोपियों ने सरकारी काम में बाधा डाली।

आरोपी पक्ष पुलिस के साथ विवाद और 'आमदा फसाद' (झगड़े) पर उतारू हो गया, जिससे गाँव में अशांति फैलने का खतरा पैदा हो गया। पुलिस ने हल्का लेखपाल गजेंद्र सिंह की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रविदास जयंती धूमधाम से मनाई

## पूर्व सांसद गिरीश चंद ने फीता काट कर किया शोभायात्रा का उद्घाटन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर कस्बे में बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। ऐतिहासिक शोभायात्रा का उद्घाटन बसपा पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी नगीना लोकसभा के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गिरीश चंद ने फीता काट कर उद्घाटन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व सांसद गिरीश चंद का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरु रविदास ने दुनिया में इंसानियत भाईचारे का पैगाम दिया है। हम सबको उनके बताए हुए रास्ते पर जिंदगी गुजारनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के त्यौहार आपसी भाईचारा का संदेश देते हैं। सभी धर्मों के लोगों को एकजुट होकर अपने-अपने त्यौहार मनाने चाहिए।

शोभायात्रा कस्बे के मौहल्ला खालियापार रविदास नगर से शुरू होकर खद्दर बाजार सदर चौक से होकर मुख्य मार्ग से होकर गुजरी शोभायात्रा का सभी धर्मों के लोगों ने जगह-जगह फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। शिरोमणि गुरु रविदास कमेटी ने सभी अतिथियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में बैंड बाजों के साथ दर्जनों झांकियां चल रही थी। शोभायात्रा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर शिरोमणि गुरु रविदास की झांकियां आकर्षक का केंद्र बनीं हुई थी। ताजपुर का मशहूर बैड ढोल नगाड़ों के साथ विशाल बैंड ने देश भक्ति गीत सुनाकर श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया।

इस मौके पर समाजसेवी ग्राम प्रधान प्रत्याशी मकसूद अहमद ठेकेदार, विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह, जिला पंचायत सदस्य इमरान, अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी, सरफराज सिद्दीकी, डॉ. फहीमुद्दीन अंसारी, बलराम सिंह, दरोगा नईम अहमद, एड. राजू, मनोज कुमार, ग्राम प्रधानी प्रत्याशी अमीत त्यागी, पंडित राकेश शर्मा, नरेन्द्र कुमार, शाहरुख फरीदी, मतलूब अंसारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा इंद्रजीत सिंह उर्फ राजा भैया, मंदीप सिंह, सतीश कुमार, धर्म अवतार वर्मा, संजीव, सतीश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, आदित्य कुमार आदि मौजूद थे। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स के साथ शोभायात्रा यात्रा के आगे-आगे चल रहे थे।

# डीएम की सख्ती के बाद पुलिस ने दर्ज की खाद चोरी की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** काजीपुरा में गन्ना समिति के खाद गोदाम में हुई चोरी के मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। गोदाम प्रभारियों और कर्मचारियों के आंदोलन की चेतावनी के बाद जिलाधिकारी के हस्तक्षेप पर नहटौर पुलिस ने 20 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के काजीपुरा उप-खाद गोदाम में बीते 11 जनवरी 2026 को अज्ञात चोरों ने शटर के ताले तोड़कर 63 बोरी डीएपी खाद चोरी कर लिया था। गोदाम प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा ने इसकी लिखित सूचना थाना नहटौर को दी थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसको लेकर कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी देते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली और नहटौर थाना प्रभारी के व्यवहार से

## गोदाम प्रभारियों में भारी रोष

नाराज खाद गोदाम प्रभारियों और गन्ना पर्यवेक्षकों ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया था। कर्मचारियों का कहना था कि जनपद में खाद चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। रिपोर्ट दर्ज न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सुरक्षा के अभाव में कर्मचारी भय के माहौल में काम कर रहे हैं।

कर्मचारियों ने निर्णय लिया था कि जब तक पुलिस सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती, तब तक खाद का वितरण रोक दिया जाएगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को तत्काल एफआईआर दर्ज करने और मामले की जांच के निर्देश दिए। प्रशासन की सख्ती के बाद अब पुलिस ने इन मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### होटल में की तोड़फोड़, गिरफ्तार



**रेहड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम कादराबाद निवासी जसदीप सिंह पुत्र मनोहर सिंह ग्राम जय सिंह जोत (वादीगढ़ चौराहे) पर हंगरी प्लाजा नामक होटल संचालित करता है। जसदीप सिंह ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि रविवार की शाम लगभग सवा छह बजे वह अपने होटल में बैठा था। इसी दौरान नशे में धुत्त बाइक सवार पंकज पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम ऊधोवाला, थाना अफजलगढ़ अपनी होंडा शाइन बाइक से शीशे के गेट को तोड़ता हुआ उसके होटल में घुस आया। जिससे उसका काफी नुकसान हो गया। जसदीप का आरोप है कि कारण पूछने पर पंकज ने गाली-गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि जसदीप सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक पंकज पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम ऊधोवाला को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया।

### ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**नहटौर।** धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी शमशुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 24 जनवरी को सुलेमान उर्फ फरमान नामक व्यक्ति उसके घर आया। उसने खुद को भैंसों का व्यापारी बताकर शमशुद्दीन को मुनाफे का लालच दिया। सुलेमान उसे और उसके बेटे को नहटौर के ग्राम शेरपुर बल्ला ले गया, जहां उसका एक और साथी (पिता बताकर) मौजूद था। दोनों आरोपियों ने जालसाजी करते हुए शमशुद्दीन को भैंसें दिखाई और 1,57,000 रुपये में सौदा तय कराया। इसके बाद आरोपियों ने भैंस मालिक को पैसे देने के बहाने शमशुद्दीन से 1,07,000 रुपये नकद ले लिए और चकमा देकर रफूचक्कर हो गए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने 31 जनवरी को नहटौर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर मिलते ही नहटौर पुलिस सक्रिय हुई और मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान जिला हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर के गांव नानपुर के सुलेमान उर्फ फरमान व मेहरवान उर्फ इकराम उर्फ राजा पुत्र हनीफ के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से ठगी गई राशि में से 39 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# मॉडर्न ऐरा में नौनिहालों ने दिखाया टैलेंट

## ग्रुप डांस, सोलो डांस, योगा व फैंसी ड्रेस शो का शानदार आयोजन






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के वैली ऑफ फ्लावर विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा बालवाटिका 3 के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था।

इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। सबसे पहले विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। फिर कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर प्रिंसिपल ने अभिभावको के साथ दीप प्रज्वलन करके की। उसके बाद दिल है छोटा सा ग्रुप डांस, सोलो डांस इत्ती सी हँसी, बैंड टीम का प्रदर्शन, योगा, फैंसी ड्रेस शो, हिंदी लघुनाटिका सोशल मीडिया, कविता पाठ हरे भरे वृक्ष और पॉलीबैग्स, हिंदी और अंग्रेजी कहानी, बम बम बोले ग्रुप डांस, टग ऑफ वॉर, स्केटिंग और ताइक्वांडो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों में से ही कुछ अभिभावकों को जजों के रूप में स्थान दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान पाएंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर अपने माता पिता और अपने विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने जिले और देश का नाम भी रोशन करेंगे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की खूब सराहना की और डायरेक्टर प्रिंसिपल मैम को कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और उनसे अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जाना चाहिए, जिससे छोटे बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा का आकलन किया जा सके व वे उसी क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, शालिनी तुली, रेनू सिंह, गीतांजलि सिंह, स्वाति मालिक, ममता ओलिहान, विनीता वर्मा, रश्मि वर्मा, एकता शर्मा, गीता खन्ना, अंशिका, पारुल, निधि, सोनम, महिमा, संजना, खुशबू, दीक्षा एवं रानी का पूर्ण सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# संत गुरु रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकाली

## आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर नगर में भव्य जुलूस का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया।

युवाओं ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की फोटो व नाम का टैटू अपने सीने पर बनवाकर उनसे मौहब्बत का इजहार करते हुए जुलूस में चल रहे थे। यह जुलूस नगर के 11 मौहल्लों से परंपरागत रूप से निर्धारित मार्गों से निकलते हुए बस स्टैंड पर एकत्र हुआ, जहां से मेन बाजार होते हुए अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस में एसपी सिटी, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद थाना प्रभारी मय पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

जुलूस में संत शिरोमणि गुरु रविदास के जीवन, उनके उपदेशों और सामाजिक समरसता का संदेश देती आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। रंग-बिरंगी एवं सुसज्जित झांकियों को देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जुलूस के दौरान कमेटी की ओर से आए हुए सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक मनोज पारस एवं सांसद चंद्रशेखर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जिनका नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर सांसद चंद्रशेखर ने समाजहित में सराहनीय पहल करते



हुए जुलूस मार्ग पर पड़ने वाली शराब की दुकानों को बंद कराने के निर्देश दिए, उनके इस कदम की नगरवा. सियों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

कार्यक्रम के समापन पर कमेटी के अध्यक्ष धनीराम सिंह व चंद्रप्रकाश रवि सहित विशाल कुमार, गौतम सिंह एवं सभासद पति अखिलेश कुमार ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और नगरवासियों का धन्यवाद किया।

जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा



नगर भक्तिमय एवं उत्सवमय वातावरण में डूबा रहा।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** दो फरवरी को होने वाले विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर अमानगढ़ टाइगर रिजर्व वन रेंज में वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने विद्यार्थियों को जागरुक किया। सोमवार सुबह अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के वन कर्मियों द्वारा मां सरस्वती शिशु सदन विद्यालय फतेहपुर धारा के विद्यार्थियों के साथ पीलीबांध जलाशय पर विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया गया। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने बच्चों को बताया कि विश्व आर्द्रभूमि दिवस प्रतिवर्ष दो फरवरी को संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जल भराव वाले क्षेत्रों (वेटलैंड्स) के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। ग्लोबल वार्मिंग का सामना करने में आर्द्रभूमि जैसे दलदल तथा मंग्रोव के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। बच्चों को यह भी बताया गया कि आर्द्रभूर्मियां पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि वेटलैंड्स एक अति महत्वपूर्ण इकोसिस्टम है, जो प्राचीन काल से ही समाज के विकास में सहायक है। आर्द्रभूमियों के महत्व, जलीय पक्षियों, उनके आवास, प्रजातियों एवं संरक्षण की आवश्यकता के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से जानकारी दी गई। इस दौरान वन दरोगा रवि कुमार, कुलदीप सिंह, कु. स्वाति, दीपेंद्र पाल आदि वनकर्मी मौजूद रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, नोडल शिक्षकों और बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विवेकानंद हॉल नहटौर डिग्री कॉलेज में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, विकास क्षेत्र के नोडल शिक्षकों तथा प्रत्येक न्याय पंचायत से चयनित 5-5 नोडल बच्चों को सम्मानित किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डायट प्रवक्ता मेघा शर्मा तथा सीडीपीओ हेमलता ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम को खंड शिक्षा अधिकारी, डायट मेंटर मेघा शर्मा, एआरपी सुखवीर सिंह, हेमराज सिंह तथा अभिषेक भटनागर ने संबोधित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में बेसिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा बच्चों के समग्र विकास



की नींव है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अहम है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करें और बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर मजबूत आधार प्रदान करें। डायट मेंटर मेघा शर्मा ने बेसिक शिक्षा के बारे में संक्षिप्त में कहा कि यह न केवल ज्ञान प्रदान करती है बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास भी करती है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को शिक्षा के प्राथमिक केंद्र के रूप में मजबूत करने पर जोर दिया तथा कार्यकत्रियों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों से अवगत कराने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई।

कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राम अवतार सोनी तथा एक्यूएम आईएसडब्ल्यूए द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में थम्मन सिंह, मोहित रतन, नवनीत कुमार, सोनू तोमर, आनंद कुमार, सुधीर कुमार तथा सूरजमल आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# संत रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

## भंडारे का आयोजन बच्चों ने दी प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सत्य विहार कॉलोनी में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यह जयंती भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत रविदास को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक महत्वपूर्ण दिन है। जिन्होंने जाति भेद के विरुद्ध आवाज उठाई और समानता का संदेश दिया। उनके जन्मस्थान वाराणसी के



सीर गोवर्धनपुर में विशेष आयोजन होते हैं, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं।

सत्य विहार कॉलोनी में आयोजित विचार गोष्ठी में बच्चों ने समाज में फैली कुरीतियों, समाज में योगदान और धार्मिक जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। पत्रकार नरेंद्र सिंह ने अपने वक्तव्य में सभी से महापुरुषों के कार्यक्रमों को मिलकर आयोजित करने का आग्रह किया, जिससे समाज में एकता कायम रहे। उन्होंने बताया कि रविदास के दोहे जीवन, भक्ति और समानता का संदेश देते हैं और हमें अहंकार त्यागकर सच्चाई व ईश्वर के प्रति निष्ठा रखने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ हवन कीर्तन के साथ हुआ। इसकी अध्यक्षता वेदपाल फौजी ने की, जबकि संचालन योगेंद्र और विमल ने किया। कार्यक्रम का समापन समिति अध्यक्ष द्वारा किया गया और भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक समिति ने पुलिस प्रशासन और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम और भंडारे में बच्चे, महिलाएं और पुरुष भारी संख्या में सम्मिलित हुए।

# पूर्व प्रधान मुंशी रहीम बख्श की याद में कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान संगठन एकता के जिला अध्यक्ष जाहिद मकरानी के आवास पर उनके वालिद पूर्व प्रधान मरहूम मुंशी रहीम बख्श की याद में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उनकी यादों को संजोया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मुंशी रहीम बख्श ने आजादी के बाद ग्राम का नेतृत्व एक प्रधान के रूप में किया। उन्होंने सभी को साथ लेकर अपनी गंगा-जुमनी तहजीब को कायम रखा जो कि आज भी कायम है। ग्राम व सभी लोग मिजजुलकर रहते है। इसकी एक मिशाल है। ग्राम के सभी लोग एक दूसरे के त्यौहारों को मिलजुलकर प्रेम सौहार्द के साथ मनाते है। मरहूम मुंशी रहीम बख्श व उनके बड़े बेटे मरहूम अब्दुल माजिद मकरानी, पूर्व ग्राम प्रधान मरहूम सईद अहमद को खिराजे अकीदत पेश करते हुए दरूद शरीफ व इसाले सवाब की दुआ की गई। सभी ने उनके अच्छे कर्मों को याद कर, बिना किसी भेदभाव के कार्य करने के उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# गौ कथा के समापन पर भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में एक माह से चल रही माघ महात्म्य गौ कथा का समापन एक फरवरी को विधिवत रूप से हवन में पूर्ण आहुति के साथ हुआ।

पूर्णाहुति के लिए मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सभी की सुख-शांति की कामना की। समापन के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने माघ पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज माघ पूर्णिमा है, जिस दिन शुक्र उदय और शुभ पुष्य नक्षत्र रहेगा। धर्मशास्त्रों के अनुसार, माघी पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान, ध्यान और दान से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

पंडित शास्त्री ने यह भी बताया कि जप, हवन और पुण्यकर्म से अनंत फल की प्राप्ति होती है और नवग्रह दोषों का शमन होता है। मान्यता है कि माघी पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा की अमृतमयी किरणें जल में विशेष तत्व संचार करती हैं, जो कष्टों को दूर करने वाली और आरोग्य प्रदान करने वाली होती हैं।

# बाल विवाह भारत अभियान व सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** रमा जैन कन्या महाविद्यालय, नजीबाबाद में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के दिशा निर्देशन में शासन के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा से सम्बंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य जीवत आकर्षक व जानकारीपूर्ण पोस्टर के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में जारूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर कु. मानसी व शबनम ने सड़क सुरक्षा के सन्दर्भ में अपने भाषण के द्वारा छात्राओं को जागरूक करने का प्रयास किया।

## एक नजर

### वृद्धाश्रम में कराया सामूहिक भोज

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में आज अन्नपूर्णा भोजनशाला के अंतर्गत श्रीकृष्ण गुप्ता के पुत्र आशु जिंदल के जन्मदिन पर विदुरकुटी स्थित वृद्धाश्रम और प्राथमिक विद्यालय दारानगर में बच्चों को सामूहिक रूप से भोजन कराया गया एवं साथ में मिष्ठान भी वितरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले सभी 25 बच्चों को और विद्यालय में नियमित भोजन बनाने वाली चारों भोजनमाताओं को संस्थान की ओर से हॉट जेल बोतले एवं अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय एवं वृद्धाश्रम का पूरा स्टाफ कार्यक्रम में सम्मिलित रहा। अन्नपूर्णा भोजनशाला के मुख्य अतिथि हरिद्वार से पधारे शनिधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमती एवं जगदीश प्रसाद गुप्ता जी रहे। पिछले अनेक वर्षों से सर्दियों में गुप्त रूप से कंबलदानी संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल एवं श्रीमती वर्षा अग्रवाल को अंगवस्त्र पहनाकर एवं ब्रोच लगाकर स्वागत किया। संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल जी ने बताया कि संस्थान ने अन्नपूर्णा भोजनशाला का प्रारंभ 26 अप्रैल 2017 से किया था एवं कोरा. `नकाल में निरंतर सेवा के बाद इसका समापन किया गया था। अब हमने अन्नपूर्णा भोजनशाला पुनः प्रारम्भ की है। कार्यक्रम में उषा गुप्ता, आशा अग्रवाल, अलका अग्रवाल, रीता अग्रवाल, शशि शर्मा, संध्या अग्रवाल, उमा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, उषा शर्मा, कुसुमलता अग्रवाल, अलका अग्रवाल, ममता शर्मा, लता राठौड़, अंजू शर्मा, पूनम गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, कुमारी पायल, कुमारी रिंकी, कुमारी रणदीप, रेखा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, अंजू शर्मा, अलका गोयल, ओमवती गोयल, रोहित गोयल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, डॉ. आकाश अग्रवाल एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से आधा ग्राम अंधेरे में

**रेहड़।** गुलदार प्रभावित ग्राम बादशाहपुर में विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से 10 दिन से आधे ग्राम में अंधेरा पसरा हुआ है। रात के समय अंधेरा होने से गुलदार आदि जंगली जानवरों के ग्राम में घुस आने का अंदेशा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की है। ग्रामीणों अंजुल कुमार, अनिल कुमार, जोगराज सिंह, सोमपाल सिंह, मदन सिंह, करन सिंह, कपेन्द्र सिंह, सोनू, अरविंद, गीताराम, रामकुमार आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके ग्राम में बिजली की आपूर्ति अफजलगढ़ विद्युत उपकेंद्र से होती है। करीब दस दिन पहले फाल्ट के चलते उनके ग्राम में रखा 25 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिससे आधे ग्राम के करीब 30 से अधिक परिवारों के घरों में रात के समय अंधेरा पसरा हुआ है। रात के समय अंधेरा छाने से चोरों व गुलदार आदि जंगली जानवरों का ग्राम में घुसने का अंदेशा है। ग्रामीणों द्वारा इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत भी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग के संबंधित जेई फोन उठाना भी पसंद नहीं करते हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से जल्द ग्राम में दूसरा विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। अफजलगढ़ के सहायक अभियंता विद्युत दयाशंकर यादव का कहना है कि शीघ्र ही ग्राम में दूसरा ट्रांसफार्मर लगवा दिया जाएगा।

### पुत्री को बहला कर ले जाने का आरोप

**नजीबाबाद।** एक ग्राम निवासी महिला द्वारा थाने में पहुंच कर उसकी पुत्री को दूसरे ग्राम का व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया। इसके संबंध में प्रार्थिनी द्वारा थाना नजीबाबाद पहुंचकर तहरीर दी गई, जिसमें बताया गया कि प्रार्थिनी एक ग्राम तहसील व थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर की निवासी है। 26 जनवरी 2026 को प्रार्थिनी की पुत्री उम्र करीब 25 वर्ष को सुबह में ग्राम बिजौरी, थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर का रहने वाला पिन्टू सैनी पुत्र मुन्ने अपने जाल में फसांकर व बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। पिन्टू पहले से ही शादीशुदा है तथा उसके तीन बच्चे भी है । प्रार्थिनी ने अपनी पुत्री को तलाश करने का काफी प्रयास किया और अभी तक अपनी पुत्री को तलाश कर रही थी, लेकिन प्रार्थिनी की पुत्री का कुछ पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल कुमार के द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया ।

### अंबेडकर छात्रावासों का निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर आज शाम तहसील बिजनौर क्षेत्र अंतर्गत दो अम्बेडकर छात्रावासों का औचक रूप से निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम तिमरपुर स्थित अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया। जहां सफाई व्यवस्था समुचित न पाए जाने पर उन्होंने तत्काल वहां पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। तदुपरांत उनके द्वारा ग्राम रशीदपुर गढ़ी के पास स्थित छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया तथा यहां भी सफाई व्यवस्था सुचारु न पाए जाने पर उन्होंने संचालक को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखें और नियमित रूप से सफाई का बंदोबस्त करें। इसके अलावा उन्होंने दोनों छात्रावासों में फर्नीचर सही न पाए जाने पर निर्देशित किया कि छात्रावास में मानक के अनुरूप फर्नीचर की व्यवस्था करें ताकि यहां प्रवास करने वाले छात्रों को कोई दिक्कत न होने पाए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निरीक्षण करते हुए यह भी निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिगत दोनों छात्रावास में पीआरडी के जवानों को तैनात करें ताकि अवांछित तत्व छात्रावास में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को अंजाम न दे सकें।

### एक शाम देश के नाम कवि सम्मेलन

**नजीबाबाद।** श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम अम्बेडकरनगर इकाई द्वारा एक शाम देश के नाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल चक्रवर्ती व मंच संचालन कवि रामवृक्ष बहादुरपुरी ने किया। गीतकार सुनीलानन्द द्वारा मां सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। साहित्यकारों ने देश भक्ति व भारतीय संविधान के गौरव व गरिमा पर एक से बढ़कर एक रचनाएं पढ़ी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक: 85/न.पा.परि.नह./2025-26 दिनांक:- 02-02-2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत विकास कार्यों की वेबसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 03.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 11.02.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांकः- 11.02.2026 को समय दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर डाल सकते हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender reference | Ltr.No.85/न.पा.प.नह./2025-26 |
| Publish and Time for RFP | दिनांक 03.02.2026 प्रात 11:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | दिनांक 11.02.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक |
| Date of time of Opening Tender | दिनांक 11.02.2026 को सायं 04:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Officer Nagar Palika Parishad Nehtaur |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value |
| E-Tender Document processing | As per Tender List |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, नहटौर
जनपद-बिजनौर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, नहटौर
जनपद-बिजनौर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )

पत्रांक :- 988 (1)/ न.पा.परि. चांदपुर (2025-26) दिनांक:- 02.02.2026

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत स्थानीय निकायों के निजी आय के स्त्रोतों में वृद्धि हेतु निर्देश प्राप्त होते रहे है। जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद चांदपुर बिजनौर की सीमान्तर्गत नेहरू चौक के निकट मौ. मण्डी कोटला वार्ड 12 में निकायों की भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा सब्जी, फल के फड़ लगाकर विक्रय किया जाता है। निकाय की आय में वृद्धि करने हेतु 50 वर्ग फिट से अधिक वाले फड़ से प्रतिदिन प्रतिफड़ रुपये 300 एवं 50 वर्ग फिट से कम वाले फड़ से प्रतिदिन प्रतिफड़ रुपए 200 प्रस्ताव किया गया था। जिसे बोर्ड ने अपनी बैठक दिनांक 26.12.2025 में पारित प्रस्ताव संख्या 68 (6) के द्वारा दरें निर्धारित कि गयी थी, जिने सार्वजनिक सूचना के रूप में दैनिक शाह टाइम्स, दैनिक जागरण के समाचार दिनांक 20.01.2026 में प्रकाशन कराना कराकर प्रभावित व्यक्तियों से आपत्तियों आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित समय के अन्दर 66 आपत्तियां इस कार्यालय को प्राप्त हुई थी। जिनको दिनांक 23.01.2026 को अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा आपत्तिकर्ताओं के समक्ष सुनवाई की गयी। जो प्राप्त आपत्तियों को निस्तारित करते हुए निम्नलिखित दरें नियत की गयी है। जो निम्नवृत है।

| | |
|---|---|
| 01. बड़ा फड़ प्रतिदिन प्रतिफड़ | 150/- |
| 02. मध्यम फड़ प्रतिदिन प्रतिफड़ | 75/- |
| 03. छोटे फड़ प्रतिदिन प्रतिफड़ | 50/- |

अतः दिनांक 03.02.2026 उपरोक्तानुसार वसूली करने हेतु अंतिम रूप से प्रकाशन कराया जाता है।

**कर अधीक्षक ( का. )**
नगर पालिका परिषद
चांदपुर ( बिजनौर )

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
चांदपुर ( बिजनौर )

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
चांदपुर ( बिजनौर )

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया

## स्लाटर हाउस ने नाली और रास्ते की भूमि पर कर रखा था अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील धामपुर क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जनता दर्शन कार्यक्रम में प्राप्त एक शिकायत के आधार पर ग्राम याकूबपुर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर में स्थित ओमार इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस द्वारा सरकारी नाली और रास्ते की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनता दर्शन में शिकायत मिली थी कि संबंधित स्लॉटर हाउस द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर सार्वजनिक नाली और रास्ते को बाधित किया गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथि पर राजस्व टीम का गठन किया गया। टीम ने ओमार इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस के प्रतिनिधि की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर नियमानुसार पैमाइश की, जिसमें शिकायत सही पाई गई।

पैमाइश के बाद नियमानुसार संबंधित संस्था को सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद प्रशासन ने कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया।

सोमवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से सरकारी नाली और रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

इस संबंध में एसडीएम स्मृति मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी नाली, रास्ता या अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जा करना कानूनन अपराध है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सार्वजनिक रास्तों और नालियों से अतिक्रमण हटने से आमजन को राहत मिलेगी।

# महिलाओं की किश्त हड़पने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में संचालित एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी की शाखा में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। कंपनी में सीएसएम के पद पर तैनात सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की ऋण किश्तों की राशि हड़पने और कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित फाइनेंस कंपनी का मुख्य कार्यालय हैदराबाद में स्थित है, जबकि उसकी एक शाखा धामपुर नगर क्षेत्र में संचालित थी। कंपनी द्वारा महिलाओं के स्वयं सहायता समूह गठित कर उन्हें छोटे-छोटे रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिसकी वसूली किश्तों में की जाती है।

आरोप है कि धामपुर शाखा में सीएसएम के पद पर नियुक्त आकाश पाल समूह की महिलाओं से ऋण की किश्तें वसूलने का कार्य करता था। इसी क्रम में 01 अक्टूबर 2025 को स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से लगभग 1 लाख 93 हजार रुपये की किश्त राशि एकत्र की गई, लेकिन यह रकम कंपनी के खाते में जमा नहीं की गई। शिकायत के अनुसार, जब कंपनी द्वारा किश्तों की जानकारी ली गई तो संबंधित सीएसएम द्वारा टालमटोल की जाने लगी। कुछ समय बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया और वह बिना सूचना दिए कार्यस्थल से अनुपस्थित हो गया। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उसके आवास पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। परिजनों की ओर से भी कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई।

शाखा के ब्रांच मैनेजर ने कोतवाली धामपुर में शिकायत दी थी। पुलिस द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुलाकर बयान दर्ज किए गए, जिसके आधार पर आरोपी आकाश पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### बजट संतुलित और सराहनीय: संजीव



**बिजनौर।** केंद्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवाइयों को सस्ता करना आमजन के हित में बड़ा कदम है। वहीं शराब, पान मसाला, गुटखा, बीड़ी और सिगरेट पर जीएसटी बढ़ाने से स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का नया टैक्स नहीं लगाया गया है, जिससे जनता और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। जीएसटी के सरलीकरण से व्यापारियों को राहत मिलेगी और कारोबार करने में आसानी होगी। संजीव अग्रवाल ने कहा कि कुल मिलाकर बजट संतुलित और सराहनीय है, जो जनहित के साथ-साथ व्यापारिक विकास को भी गति देगा।

### शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत



**हल्दौर।** मौहल्ला जमनावाला की धर्मशाला में संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। समाजसेवी संजीव कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा बैंड-बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। संत शिरोमणि रविदास, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा बुद्ध आदि की झांकी आकर्षक का केंद्र बनी रही। युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष आशु कुमार, विकास कुमार, सौरभ कुमार, सिद्धार्थ नाथ, रवि कुमार, वंश, राजवीर सिंह, नीरज कुमार, सागर सिंह, शीशराम सिंह, मुन्नू सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि रहे। वहीं नगर के मौहल्ला अल्लाहवाला, खेड़ा, ग्राम अम्हेड़ा आदि देहात क्षेत्र में भी संत शिरोमणि रविदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

### युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



**शेरकोट।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर नगर में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सौहार्द के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मौहल्ला फतेहनगर में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकियों के माध्यम से संत रविदास जी के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं यात्रा के साथ चल रहे युवा अखाड़े में युवाओं द्वारा किए गए हैरतअंगेज करतबों और शारीरिक प्रदर्शन ने दर्शकों को अचंभित कर दिया। रास्ते भर लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में सौरभ कुमार, शक्ति सिंह, राजू माहशय, कपिल, नरेश, सभासद विपिन, सुखबीर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं मोहल्ला समनासराय में भी धार्मिक झांकियों और युवा अखाड़े के साथ अलग से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अभिषेक कोहली, रणजीत सिंह दारा, विजयपाल सैनी, धर्मवीर चौहान, शुभम बिरला, शिव कुमार आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### सालाना इम्तिहान मुकम्मल




**सहसपुर।** जुमा बाजार रोड निकट मौहल्ला नई सराय मस्जिद मदरसा अनवार उल उलूम में कल सुबह हाफिज तलबा, नाजरा तलबा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सालाना इम्तिहान मुकम्मल हुआ। जिसमें हाफिज अनीस अहमद ने इम्तिहान लिया। जिसमें इम्तिहान के दौरान शहर इमाम मौलाना सुल्तान कासमी, मुफ्ती अब्दुल रहमान नौगांव सादात, मौलाना इफ्तिखार हसन आदि ने तलबाओं उनके उज्जवल मुस्तकबिल की दुआओं के साथ नवाजा और इसी के साथ मदरसा अनवार उल उलूम में हाफिज अम्मार मुफीद अंसारी ने हिफ्ज मुकम्मल किया। हिफ्ज तलबा मुकम्मल तालीम पर उसके उस्ताद कारी मसरूर आलम, कारी इसरारूल हक अंसारी ने तलबा की उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं दूसरी और हाफिज अम्मार मुफीद अंसारी के पिता ने बताया कि इस बार रमजान में मस्जिद उमर फारूक में अपना कलाम पाक तराबियों में सुनाएंगे।

# शोभायात्रा में शामिल गौतम बुद्ध की झांकी को मिला पहला इनाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव जीतपुर खास में रविवार को निकले जुलूस में झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

प्रतियोगिता में गौतम बुद्ध की झांकी को प्रथम, गंगा माता व रविद. ास जी की झांकी द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। मीराबाई की झांकी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता में 16 झांकियों ने प्रतिभाग किया था।

थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर व कमेटी अध्यक्ष भूरे सिंह ने विजेता झांकियों के कलाकारों को पुरस्कृत किया, इस मौके पर पीतम सिंह, तेजपाल सिंह, नरपाल सिंह, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

# श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम

## धूमधाम से मनाया प्रथम वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जंक्शन कॉलोनी के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रथम वार्षिक उत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर के चारों ओर स्थापित किए गए केसरिया ध्वज और ध्वजाओं के कारण कार्यक्रम स्थल केसरिया मय बना रहा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी तथा नूरपुर क्षेत्र की ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान को सामूहिक जयकारों के बीच विशेष सम्मान प्रदान किया गया। धार्मिक संस्था धामपुर जंक्शन पूजा स्थल निर्माण एवं प्रबंधन ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. शंकर लाल शर्मा तथा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा बबलू एवं सचिव राशु चौहान और कोषाध्यक्ष योगेश कुमार के संरक्षण निर्देशन एवं संयोजन में आयोजित इस प्रथम वार्षिक उत्सव समारोह का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया।

समाजसेवी एवं ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा बबलू एवं कामिनी शर्मा, योगेश कुमार एवं मंजू देवी, विकास अग्रवाल एवं मोना अग्रवाल, प्रमोद सिंह चौहान एवं इंदु सिंह चौहान, मुकेश कश्यप एवं अन्नू रानी कश्यप, दुर्गेश राठौड़ एवं शिखा राठौड़, दिनेश भारती एवं वर्षा रानी, श्याम अग्रवाल एवं सोनी अग्रवाल, पवन शर्मा एवं छवि शर्मा, रोहित गौतम एवं आंचल भारद्वाज, बलराम सिंह एवं चंदा देवी, अंकित बंसल एवं नेहा बंसल, सुमित अग्रवाल एवं रूबी अग्रवाल, मोहित आर्य एवं दीप्ति, मुकेश कुमार शर्मा एवं प्रीति रानी शर्मा, सचिन शर्मा एवं रिया शर्मा, विनीत कौशिक एवं नीतू कौशिक, सेवानिवृत पुलिस उप निरीक्षक विनोद कुमार शर्मा आदि अनेक श्रद्धालु परिवारों ने प्रदर्शित की।

मुख्य यजमान सहित सभी यजमान परिवारों ने सामूहिक हवन यज्ञ में भी सहभागिता बनाते हुए हवन कुंड में आहुतियां दी।


## एक नजर

### शेरबाज पठान ने किया शुभारंभ



**चांदपुर।** ग्राम मुराहट में रविदास जयंती के अवसर पर चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शेरबाज पठान ने समाज के लोगों को संत रविदास जी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समाज के प्रति निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर ईश्वर दयाल, पवन फौजी, जयपाल सिंह, रवि कुमार, नेपाल सिंह, विशंभर प्रधान, मोहित कुमार, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे । उद्घाटन पश्चात् एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे सुंदर-सुंदर झांकियां सभी का मन मोह रही थी तथा बैंड बाजे शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। रविदास कमेटी की ओर से चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान का फूलों की मालाओं व ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

### भाकियू प्रधान ने दिया समर्थन



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के तहसील युवा अध्यक्ष चौधरी खेवेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील परिसर मे चल रहे चांदपुर से बास्टा मार्ग बनाने के सम्बन्ध में किसान आंदोलन को समर्थन दिया तथा यथाशीघ्र सड़क निर्माण आरंभ कराये जाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि सड़क निर्माण शीघ्र ही प्रारम्भ नहीं हुआ तो भाकियू प्रधान नौ फरवरी को बड़ा आंदोलन चांदपुर तहसील पर करेंगी, जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। इस मौके पर अंकित कुमार, लोकेश कुमार, दीपक कुमार, आरिफ खान, शीशपाल, खेम सिंह आदि शामिल रहे।

### नितिन मौर्य ने किया शुभारंभ



**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर में चल रही रविदास लीला मंचन का रविवार की रात्रि समापन हो गया। इस अवसर पर कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नितिन मौर्य ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें संत गुरु रविदास के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। उन्होंने सिद्ध किया कि व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान होता है। उन्होंने हमेशा कर्म को प्रधान समझा और अपनी कार्य में संतुष्ट रहे। उन्होंने अपने ज्ञान से पूरे विश्व को प्रकाशित किया। उनके सबद को गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर रविदास लीला के कलाकारों को कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नरोत्तम सिंह, दिग्विजय सिंह, धर्मवीर सिंह, आसाराम सिंह, मिथुन कुमार, पूरन सिंह, रोहिताश सिंह, विपिन मौर्य, कामेंद्र सिंह, जगदीश आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने बजट को फर्जी और निराशाजनक बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे आम जनता, विशेषकर गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील तथा विफल बताया है।

श्रीमती हैनरीता सिंह ने कहा कि यह बजट फर्जी है। भाषण बहुत लंबा ढेड़ घंटे से अधिक, लेकिन असली समस्याओं पर पूर्ण चुप्पी। बजट में महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन या आर्थिक संकट से निपटने की कोई ठोस योजना नहीं है। बल्कि बजट पेश होने से ठीक पहले ही एलपीजी सिलेंडर कमर्शियल के दामों में लगभग 50 रुपए की बढ़ोतरी कर आम आदमी की कमर तोड़ दी गई है। घरेलू सिलेंडरों पर राहत के नाम पर कोई घोषणा नहीं, जबकि महंगाई पहले से ही जनता को परेशान कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि बजट घोषणा के तुरंत बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई, जो बाजार की इस बजट पर नकारात्मक प्रतिक्रिया को दर्शाता है। मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हो चुकी है। मैन्युफैक्चरिंग गिर रही है, निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं, किसान संकट में हैं, युवा बेरोजगार हैं और वैश्विक स्तर पर आर्थिक झटकों की आशंका है। फिर भी बजट में इन मुद्दों का कोई उल्लेख नहीं। श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण की अनदेखी आंकड़ों का आंकलन नहीं किया गया, बल्कि अनदेखा कर दिया गया। रुपए की लगातार गिरावट इसके उभार के लिए कोई योजना नहीं। पिछले बजट का खर्च न होना शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय जैसे जरूरी क्षेत्रों में आवंटित बजट खर्च नहीं किया गया, बल्कि कई योजनाओं से कटौती कर दी गई। सबका साथ, सबका विकास का ढोंग वादे पूरे नहीं हुए केवल कटौतियां की गईं। युवा, महिलाएं, किसान और गरीब निराश महंगाई के बोझ तले दबे हैं। 'बुलेट ट्रेन' या '2000 करोड़ नौकरियां' जैसे बड़े-बड़े दावे खोखले साबित हो चुके हैं। मध्यम वर्ग को केवल निराशा यह बजट गरीबों को और गरीब बनाता है, जबकि मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग को झुनझुना थमा दिया गया है।

श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने इसे 'फुस्स सुतली बम' जैसा बजट बताया, जो आम जनता को केवल निराशा देता है। उन्होंने कहा मोदी सरकार का यह बजट न तो गरीबों के हित में है, न युवाओं के, न किसानों के। यह केवल दिखावा है, जबकि असल समस्याएं अनसुलझी हैं।

## पत्रकार महावीर व खुर्शीद अंसारी को दी श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में एक प्रतिष्ठान पर पत्रकारों के द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्राम भागूवाला के वरिष्ठ पत्रकार महावीर सिंह राजपूत व धामपुर के वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका निधन पत्रकारिता क्षेत्र में एक अपूर्णीय क्षति बताया गया। पत्रकारों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना की। शोकसभा में पत्रकार मुस्तकीम अहमद, प्रीतम सिंह राठी, मोहित कर्णवाल, देवेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. ओपी सिंह, अजहरूद्दीन, मौहम्मद अरशद, डॉ. मुसिफुल हक, रईस अहमद, सतीश कुमार वर्मा, नरेश कर्णवाल, विक्रम सिंह के साथ अवधेशानंद पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार व क्षेत्र के व्यक्ति मौजूद रहे।

# बजट सर्वसमाज हित में : अशोक चौधरी

## सकारात्मक और विकासोन्मुखी बजट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग एवं छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया एक सकारात्मक और विकासोन्मुखी बजट है।



राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा-स्वास्थ्य तथा छोटे व मध्यम उद्योगों को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था को गति देने का कार्य करेंगे। राष्ट्रीय लोक दल सदैव किसान और ग्रामीण भारत के हितों के लिए कार्य करता रहा है। बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश को लाभ मिलने की उम्मीद है। हम आशा करते हैं कि सरकार बजट की घोषणाओं को ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से जमीन पर लागू करेगी, ताकि आमजन को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घायल मिला लापता व्यक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब रविदास जयंती के अवसर पर लापता हुआ एक व्यक्ति सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर खेतों के बीच चकरोड पर संदिग्ध परिस्थितियों में घायल अवस्था में मिला।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कश्मीरी सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम गढ़वावाला, रविदास जयंती के दिन शाम करीब चार बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

सोमवार सुबह करीब नौ बजे ग्रामीण कलवा सिंह खेत पर जा रहे थे, तभी उन्होंने गांव के हरि सिंह के खेत की चकरोड पर कश्मीरी सिंह को घायल अवस्था में बैठे देखा। इसकी सूचना तुरंत परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत बरूकी बस स्टैंड पर सम्पन्न हुई। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई।



भारतीय किसान यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरूकी बस स्टैंड के फ्लाईओवर के दोनों ओर सर्विस रोड पर नहर की पुलिया का तत्काल प्रभाव से निर्माण चालू करने, दुर्घटनाओं को दावत दे रही पुरानी पुलिस चौकी को हटाने, बंदरों एवं आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने, बरूकी के दोनों साप्ताहिक बाजार पूर्व की भांति सहकारी समिति के प्रांगण एवं पानी की टंकी के प्रांगण में भरवाने, पंजाब नेशनल बैंक की शाखा द्वारा बैंक ग्राहकों के खाता पासबुक में एंट्री कराई जाए। मौके पर एनएचएआई के अधिकारी पहुंचे और उन्होंने 7 फरवरी को नहर के पुल पर काम शुरू करने का आश्वासन दिया। अब्दुल मजीद की अध्यक्षता एवं चौधरी धर्मवीर सिंह के संचालन में सम्पन्न हुई पंचायत मोमिन खान, बनवारी लाल, नरपाल सिंह, रमेश कुमार आदि लोगों ने भाग लिया।


## कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर

पत्रांक-134/कांवड मेला-जि.पं./2025-26 दिनांक-30 जनवरी, 2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फाल्गुन शिवरात्रि कांवड मेला 2026 हेतु श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से विकास खण्ड कोतवाली में कांवड़ यात्रा मेला-2026 हेतु नजीबाबाद डिग्री कॉलेज से रायपुर रोड तक लम्बाई 7.85 कि.मी. व विकास खण्ड कोतवाली में कांवड़ यात्रा मेला-2026 हेतु बुन्दकी तिराहे से (रायपुर-नगीना रोड पर) नगीना पैट्रोल पम्प तक लम्बाई 3.50 कि.मी. तथा विकास खण्ड कोतवाली में कांवड़ यात्रा मेला-2026 हेतु बुन्दकी-नगीना मार्ग के विभिन्न स्थानों पर अस्थाई रूप से किराये पर प्रकाश व्यवस्था तथा आईपी बेस कैमरे लगाने सहित (सम्पूर्ण कार्य) दिनांक 05.02.2026 से 15.02.2026 तक, जो दो वर्ष के कार्य का अनुभव रखता हो निविदा मैनुअल प्रक्रिया से जिला पंचायत, बिजनौर में दिनांक 05.02.2026 को आमंत्रित की जायेगी। निविदा फार्म इसी दिनांक को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक विक्रय किये जायेंगे, तथा अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में टेन्डर बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा समिति द्वारा उक्त दिनांक को ही सायं 04:30 बजे खोली जायेगी। निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा का मूल्य जी.एस.टी. सहित व प्रत्येक कार्य की 10 प्रतिशत जमानत ठेकेदार को निविदा क्रय करने से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बिजनौर के पदनाम से बंधक होगी। जमा करना अनिवार्य होगा। शेष शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से देखी जा सकती है।

**अभियन्ता**
जिला पंचायत
बिजनौर

**अपर मुख्य अधिकारी**
जिला पंचायत
बिजनौर

# प्रवेश के लिए प्रचार जारी, आरटीई में नामचीन स्कूलों की सीटें फुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अभी नया शैक्षिक सत्र की शुरूआत भी नहीं हुई है। स्कूलों में प्रवेश आरम्भ करने के बोर्ड गेट और सार्वजनिक स्थानों पर लगा दिए गए हैं जबकि गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के लिए चलायी गई आरटीईयोजना की वेबसाइट खुलते ही सीटें फुल दिखायी जा रही हैं।

**○ गरीब परिवारों के नौनिहालों को शिक्षा से वंचित रखने का प्रयास**

सभी शिक्षित हों और गरीब व आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चे भी अच्छे व नामचीन स्कूलों में प्रवेश पाकर मुफ्त में शिक्षित हो सकें इसके लिए सरकार ने आरटीई योजना का शुभारम्भ किया। योजना का बड़े पैमाने पर गरीब व अर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चे लाभान्वित हुए और हो रहे है। काफी समय से आरटीई की वेबसाइट बंद चली आ रही थी। अपने बच्चे को आरटीई के तहत नामचीन स्कूलों में प्रवेश दिलाने का सपना संजोए अभिभावकों के लिए यह सपना ही बनकर रहने की सम्भावनाएं बलवती हो गयी हैं,क्योंकि आरटीई वेबसाइट खुलते ही साइबर कैफों पर आवेदन करने के लिए लाइने लग गईं। घंटों इंतेजार के बाद आवेदन ऑन लइन भरे गए लेकिन नामचीन स्कूलों में सीटे फुल दिखायी देते ही उनके चेहरे मायूसी से लटक गए। मगर इसी के साथ एक सवाल यह पैदा हो गया है कि नये शिक्षण सत्र के लिए स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर प्रवेश के लिए विज्ञापन लगाकर अभिभावकों को आकृषित किया जा रहा है। जब सीट पहले ही फुल हो गयी हैं तो फिर विज्ञापन के माध्यम से प्रवेश के लिए प्रचार क्यों किया जा रहा है? जब सीटे पहले ही फुल हो चुकी हैं तो फिर आरटीई के बिना निजि जेब खर्च पर शिक्षा पार्जन कराने वाले अभिभावकों के नौनिहालों को प्रवेश देकर सीट कहां से दी जायेंगी। बहरहाल नामचीन स्कूलों ने गरीब बच्चों को योजना का लाभ से वंचित करने को नया रास्ता निकाल लिया है कि आरटीई के तहत आवेदन पर सीटें फुल निजि खर्च पर सीटे काफी खाली है।


सम्भल। सम्पूर्णता अभियान का फीता काटकर शुभारम्भ करते एमएलसी हरिसिंह ढिल्लो।

# रमजान माह में लाउडस्पीकर की मांगी अनुमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रमजान के पवित्र माह की तैयारियों को लेकर शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने जिला प्रशासन से महत्वपूर्ण मांग की है। शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मस्जिद में एक लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति मांगी है। सदर शाही जामा मस्जिद जफर अली ने बताया कि रमजान का पाक महीना शुरू होने वाला है और इस दौरान नमाज के समय इमाम की तकरीर और हिदायतें मस्जिद के अंदर मौजूद आखिरी नमाजी तक साफ और स्पष्ट रूप से पहुंचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर न होने की स्थिति में इमाम और नमाजियों के बीच संवाद में भ्रम की स्थिति बन सकती है, जिसे खत्म करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि लाउडस्पीकर की

**○सदर जफर अली ने डीएम को दिया आवेदन**

अनुमति पूरी तरह से सरकारी नियमों और दिशा-निर्देशों के तहत मांगी गई है। प्रशासन से अपेक्षा है कि रमजान से पहले इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी। वहीं, रमजान के शुरू होने की तारीख को लेकर जानकारी देते हुए अधिवक्ता जफर अली ने बताया कि रमजान 18 फरवरी से शुरू होने की संभावना है। डेकोरेशन या रंगाई-पुताई को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा गया कि फिलहाल इस संबंध में कोई मांग नहीं की गई है, अभी सिर्फ लाउडस्पीकर की अनुमति को लेकर ही पत्र भेजा गया है। बहरहाल लाउडस्पीकर अनुमति दी जाती हे अथवा उसे नामंजूर किया जाता यह गेंद प्रशासन के पाले में है। बता दें कि विगत मस्जिद की रंगाई पुताइ को लेकर अनुमति नहीं दिए जाने पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व विभाग की देखरेख में रंगाई-पुताई कराने का आदेश दिया था जबकि विभिन्न लाईटें लगाने के भी आदेश दिए थे।

# सरकार शिक्षा, सुरक्षा, पोषण पर दे रही विशेष ज़ोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तीन माह के राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान को लेकर शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानपरिषद सदस्य (एम.एल.सी) डा. हरि सिंह ढिल्लों एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू एवं ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी जी रहीं।

विकासखंड असमोली परिसर में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि ने फीता काटकर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान गाया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओ आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वास्थ्य विभाग के स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का एक पुष्प एवं शॉल ओढाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को सम्पूर्णता अभियान 2.0 की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत गोद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सा अधिकारी ने गोवंशीय पशुओं के टीकाकरण को लेकर जानकारी दी।स्वास्थ्य विभाग से एमओआईसी डा. हेमन्त कुमार ने सर्वाइकल कैंसर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, आदि की जानकारी दी। जबकि जिला अर्थ एवं सांख्या अधिकारी रत्लेश कुमार द्वारा नीति आयोग के अन्तर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0 की पृष्ठभूमि के बारे में बताया। जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने संपूर्णता अभियान 2.0 के विषय में जानकारी दी। उन्होंने इसके अंतर्गत 6 इंडिकेटर के विषय में बताया, जिसमें बच्चों को नियमित रूप से पूरा पोषण देना, बच्चों की माप दक्षता करना, आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय होना, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा होना, तथा स्कूलों में बालिका शौचालय होना शामिल है। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा संपूर्णता अभियान 2.0 के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने संपूर्ण अभियान 2.0 के उद्देश्यों के विषय में जानकारी दी, जिसमें नई लक्ष्य, निरंतरता, संस्थागतकरण, अभिसरण और जनभागीदारी की जानकारी दी। इसके अलावा नीति आयोग के आकांक्षात्मक ब्लॉकों ( गुन्नौर एवं असमोली) के 6 संकेतांक के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक चलेगा तथा कार्यक्रम देश भर के 112 जिलों और 513 ब्लॉकों को कवर करता है। उन्होंने कहा कि प्रधनमंत्री का संकल्प है कि 2047 ई तक भारत को विकसित देश बनाना है। कुपोषित से सुपोषित कैसे बनाया जाए उस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री कार्य करें। परिवार में गर्भवती माताओं का विशेष ख्याल रखा जाए। असमोली विकासखण्ड को विकास के पथ पर ले जाने के लिए सभी संकेतांकों को आगे लेकर जाएं। गोवंशीय पशुओं का शत प्रतिशत टीकाकरण हो। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही है। सरकार सबको ध्यान में रखकर एवं बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डा. हरि सिंह ढिल्लों पहले बजट को लेकर प्रधानमंत्री आभार जताया। उन्होंने नीति आयोग द्वारा आकांक्षात्मक ब्लॉक क्यों चिन्हित किये इसकी जानकारी देकर कहा कि सरकार शिक्षा, सुरक्षा, पोषण आदि पर विशेष जोर दे रही है। सम्पूर्णता अभियान 2.0 अभियान 28 जनवरी से प्रारम्भ हुआ तथा 14 अप्रैल बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस पर इसका समापन होगा।

# अब युद्ध हुआ, तो पाक नहीं होगा: प्राची

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन समिति महाराणा प्रताप बस्ती बबराला के तत्वावधान में रेलवे रोड पर हुआ।

सम्मेलन में साध्वी प्राची ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि आरएसएस पर प्रतिबंध लगाओ, उनके काम नेक नहीं है और उनके बाप एक नहीं है। मुंबई में एक 22 साल की मेयर बनी है। जो कह रही है कि पूरे हिंदुस्तान को हम हरा कर देंगे। ऐसे लोगों से सावधान रहो। याद रखो 1400 साल में इन लोगों ने 56 देश बना दिए। तुमने कितने देश बनाये हैं ? लोगों का जवाब था एक, उन्होंने कहा कि हमें चरखे से आजादी नहीं मिली बल्कि भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और राम प्रसाद बिस्मिल के बलिदानों से हमें आजादी मिली है। जो लोग सुई नहीं बना सकते और अपने नाम का पाजामा नहीं बना सकते हैं। वह हमें क्या शिक्षा देंगे। अब भारत 2010-2012 का देश भारत नहीं है अब यह 2026 का भारत है। जो छेड़ता नहीं है, पर जो उसे छेड़ता है उसको फिर छोड़ता नहीं है। उन्होंने कहा कि हम डरते नहीं अणु बंबो से लेकिन हम ताशकंद, शिमला जैसे समझौता नहीं चाहते हैं। हिन्दू सम्मेलन में पाकिस्तान और बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि अब सुन लो अगर युद्ध होगा तो भारत तो होगा लेकिन पाकिस्तान नहीं होगा। अब भारत में जिन्ना जैसा पैदा नहीं होगा। पाकिस्तान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत में एक उपराष्ट्रपति जिसका भी नाम लेना नहीं चाहती। लेकिन जब सीट पर नहीं रहा तो कह रहा है भारत में डर लगता है। उन्होंने कहा कि हमें दया और धर्म की शिक्षा दी गई। इस शिक्षा ने हमें कायर बना दिया और हम दब्बू बन गए। अगर हमें महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी को पढ़ाया जाता तो हम बहादुर बनते। उन्होंने कहा कि कान्वेंट में शिक्षा दिलाओगे तो नौकर बनोगे। मालिक नहीं। जन्मदिन और शादी की सालगिरह पर केक नहीं काटें। हवन कराओ, पेड़ लगाओ जिससे समाज को नई दिशा और नई चेतना मिल सके।संघ के वक्ता सुरेंद्र ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय, जगदीप, विनय वार्ष्णेय, सोमेश पाठक, डिम्पल वार्ष्णेय, अरविंद, नितिन, आकाश, प्रशान्त वार्ष्णेय, अनिल वार्ष्णेय आदि रहे।


बबराला-रेलवे रोड पर हिंदू सम्मेलन को सम्बोधत करती साध्वी प्राची।

# चाईनीज मांझे में फंसी बेजुबान कबूतर की जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रतिबंधित चीनी मांझे का रौद्ररूप एक बार फिर सामने आया। जिला अस्पताल की चौथी मंजिल पर एक कबूतर चीनी मांझे में फंसकर मौत से जूझता दिखायी दिया। काफी देर तक कबूतर हवा में लटककर फडफ़ड़ाता रहा। नीचे खड़े लोग बेबस होकर उसकी हालत देखते रहे, लेकिन तभी देवदूत बनकर सामने आया अस्पताल का एक कर्मचारी ने कबूतर की जान बचा ली। यह घटना सम्भल जिला अस्पताल की है। चौथी मंजिल पर लगे चीनी मांझे में कबूतर बुरी तरह उलझ गया था। कबूतर की तड़प देख नीचे खड़े लोगों की नजरें ऊपर टिक गईं। लोगों की बेचैनी को देखते हुए अस्पताल कर्मचारी चेतन सिंह ने हालात को समझा और बिना समय गंवाए कैंची लेकर अस्पताल की छत पर दौड़ पड़े। उन्होंने साहस दिखाते हुए मांझा काटा, जिससे कबूतर को पहली राहत मिली। हालांकि कबूतर के पंखों में अब भी मांझा फंसा हुआ

**○देवदूत बनकर आया अस्पताल कर्मी ने बचाई जान**
**○काफी देर से मांझे में फंसकर फड़फड़ा रहा था**

था। इसके बाद चेतन सिंह दूसरी मंजिल पर पहुंचे, कबूतर को सावधानी से पकड़ा और उसके पंखों में फंसे पूरे मांझे को काटकर उसे पूरी तरह आजाद कर दिया। कुछ ही देर में कबूतर सुरक्षित उड़ गया। घटना के दौरान अस्पताल परिसर में मौजूद लोग कर्मचारी की मानवता और बहादुरी की तारीफ करते नहीं थके। प्रत्यक्षदर्शी मोहम्मद फैज ने बताया कि अगर समय पर मदद नहीं मिलती तो कबूतर की जान जा सकती थी। यह घटना जहां चीनी मांझे के जानलेवा खतरे को उजागर करती है, वहीं देवदूत बनकर पहुंचे अस्पताल कर्मचारी की इंसानियत भी समाज के सामने एक प्रेरणा बनकर उभरी है।

# वित्तविहीन शिक्षकों को कैशलैस उपचार देने पर हर्ष किया व्यक्त

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के शांतिदेवी कन्या इंटर कालेज में वित्तविहीन शिक्षकों की बैठक हुई। जिसमे वित्त विहीन शिक्षको के उपचार को सरकार द्वारा कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था को मंजूरी दिये जाने को सभी शिक्षको विद्यालय ने हर्ष व्यक्त किया। कॉलेज प्रबन्धक लक्ष्मी नारायन व प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, माध्यमिक शिक्षामंत्री गुलाबो देवी व शिक्षक विद्यायक हरि सिंह ढिल्लो का आभार जताया। शिक्षकों ने अपेक्षा की कि आगे भविष्य में भी वित्तविहीन शिक्षको की समस्याओ का ध्यान रखते हुए समाधान किया जायेगा। बैठक में कालेज प्रबन्धक लक्ष्मी नरायन अग्रवाल प्रधानाचार्य सोमेश पाठक, संजय शर्मा, सरिता गौतम, अश्रू अग्रवाल, डौली, प्रेरणा पाठक, नुसरत जहाँ, फरहत जहाँ, साविया, पूनम आदि मौजूद रही।

## एक नज़र इधर भी

### वन चेतना केन्द्र बहाल करने की मांग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** वन विभाग की प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव से शिक्षक व छात्रों ने वन चेतना केंद्र जो पहले नरोरा पुल के किनारे बना था। उसको बहाल कराए जाने की मांग की।

शिक्षक रवि शर्मा ने प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव को अवगत कराया कि नरोरा पुल के निकट वन चेतना केंद्र की कई वर्ष पूर्व स्थापना की गई थी। उस समय काफी पक्षी इसमें ले गए थे। पेड़ पौधे लगाए गए थे लेकिन उचित देखभाल न होने के कारण यह है उजाड़ हो गया। उसकी जगह चिन्हित है। इस पर फिर इसको बसाया जाए। जिससे छात्र यहां आकर भ्रमण करें और पक्षियों की प्रत्येक जानकारी से अपने को अवगत करा सके।उनको प्रभागीय वनाधिकारी ने आश्वासन देकर संज्ञान लेने की बात कही।इस दौरान डीएवी कॉलेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

### अधिवक्ता की माता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ताओ की मीटिंग बार भवन गुन्नौर में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता बार अध्यक्ष शैलेंद्र यादव एडवोकेट ने की। जिसमें साथी अधिवक्ता संजीव कुमार यादव की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शोकसभा में बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, महासचिव सुरेश चंद्र यादव,चंद्रभान,रागिब उल्ला, डालचंद्र, भूपेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, होशियार सिंह, रामसरन, उदयवीर सिंह, प्रमोद कुमार, अभिषेक यादव, धर्मेश, अमित शर्मा आदि रहे।


बबराला- बजट का प्रसारण देखते नगर पंचायत पति व सर्मथक।

### सरकार का बजट सराहनीय

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत गुन्नौर अध्यक्ष खुशबू प्रजापति के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के बजट का प्रसारण देखा।सरकार के बजट पर सभी की निगाहें जमी थी। इसको लेकर लोगों में उत्सुकता थी कि किस चीज पर टैक्स बढा, किस चीज पर गिरावट आई। इस पर सबकी नजर थी।कौन सी वस्तु के दाम कम हुए। किस वस्तु के दाम बढे। इसको लेकर लोगों में कफी उत्सुकता थी।जिसको लेकर लोगों का ध्यान प्रसारण पर था।नगर पंचायत गुन्नौर अध्यक्ष के पति धर्मेंद्र प्रजापति ने कहा कि सरकार का बजट सराहनीय है।सभी के लिए इसमें कुछ न कुछ स्थान दिया गया है। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि सरकार ने किसान, युवा व सभी वर्गों को धयान में रखते हुए बजट प्रस्तुत किया है। जो सराहनीय है। इस दौरान महीपाल सिंह, सचिन, इंदीवर सिंह, राजू आदि रहे।

### 6 फरवरी को होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर की शांति देवी कन्या इंटर कक्ललेज में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की खेल एव शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा 6 फरवरी 2026 को कक्ललेज में प्रात 10 बजे होगी।छात्राएं समय से कॉलेज में उपस्थित हो। यह जानकारी कॉलेज के प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने दी है।

# तारबंदी होते ही भूमाफिया देने लगे धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का धरना आन्दोलन जारी है। 29वें दिन भी धरने पर बैठक कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगो को दोहराया।

रेलवे-स्टेशन थनारी राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर मे 29 वें दिन भी जारी रहा राष्ट्रीय प्रमुख सचिव श्रृषिपाल सिंह यादव यादव ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि धनारी पर भू-माफियाओ द्वारा लगभग 6 वर्ष पूर्व राजकीय पशु चिकित्सालय की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। जिस पर जिला प्रशासन के आदेशानुसार बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया था किसी भी माफिया की कब्जा करने की हिम्मत नही हुई। अब भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक की मांग पर उपजिलाधिकारी गुन्नौर के आदेशानुसार खड विकास अधिकारी गुन्नौर के नेतृत्व मे सरकारी जमीन पर तारबंदी कर दी गई है।

**○धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ताओं ने लगाए आरोप**

जिससे पूरे इलाके मे खुशी की लहर दौड गई। साथ ही भूमाफियों से धमकिया मिलनी शुर हो गई है ग्राम कमेटी उधरनपुर ने जनता से तैयार रहने की अपील की करते हुए कहा कि कोई भी बड़ा संघर्ष करना पडे लेकिप एक इंच जमीन नही घेरने दी जायेगी। फर्जी बैनामों की जांच कराकर मुकदमे दर्ज किए जाने को आन्दोलन की शुरुआत की जायेगी। अब अवैध रूप से जमीन घेरने बालो को जेल मे डालो सालो को के नारे लगाए हुए आन्दोलन रूप बदलता दिखाई दिया इस मोके पर किसनलाल गजरामसिह सुमन यादव हरपालसिह बदनसिह बहादुरसिह अतरसिह बिजयसिह ओमप्रकाश मेघसिह अतरसिह बिजयसिह ओमकार सिह परमसिह नेकपालसिह मेघसिह आदि मौजूद रहे।

# डीएवी कॉलेज में हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर के डीएवी इंटर कालेज में वन विभाग द्वारा विश्व वेटलैंड दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यार्थियों ने प्रतिभाग गया।चित्रकला प्रतियोगिता में सानिया प्रथम,हेमलता द्वितीय व टिवंकल तृतीय स्थान को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी ब्रजमोहन ने कहा कि वन विभाग द्वारा कालेज में पर्यावरण पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया है। इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी ब्रजमोहन, शिक्षक रवि शर्मा, चन्द्रकेश यादव, केवी आर्य, प्रशान्त कुमार, वन दरोगा पीतमराम, अमित, सुरेश, विशेष कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजनीतिक दलों में भगदड़ मचना शुरू

**○भाजपा की जिला मंत्री ने कांग्रेस का थामा दामन**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आगामी विधानसभा चुनाव का समय करीब आने लगा है। वैसे-वैसे राजनैतिक दलों की ओर से तैयारियां भी की जाने लगी है। जनता के बीच अपनी उपलब्धियां गिनाने के साथ वोट पाने के हत्कंडे भी अपनाये जाने लगे है। जबकि इसी के साथ राजनैतिक दलों में आवागमन भी शुरू हो गया है। भाजपा की जिला मंत्री ने पार्टी को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री सम्भल प्रोफेसर मीनाक्षी सागर ने भाजपा को छोड़ दिया और कांग्रेस का दामन थाम लिया। प्रोफेसर मीनाक्षी सागर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान विरोधी है। महिला दलित मजदूर गरीब किसान विरोधी मानसिकता के साथ कार्य कर रही है तथा बाबा साहब के बनाए संविधान को कमजोर करने की पूरी कोशिश कर रही है। भाजपा मे कार्यकर्ताओं की आवाज को नहीं सुना जाता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संविधान की रक्षा तथा देश में भाईचारे व हर वर्ग के हक अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को लेकर चली है और हर वर्ग को सम्मान देती है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शर्मा सम्भल शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम पूर्व नगर अध्यक्ष चंदौसी मुनेश कुमार जोशी आदि मौजूद रहे।


सम्भल- भाजपा की जिला मंत्री को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहए कराते अजय राय।

# जल जीवन का आधार: प्रीति यादव

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** विश्व वेटलैंड दिवस के अंतर्गत डीएवी इंटर कालेज गुन्नौर के छात्र छात्राओं ने वन विभाग गुन्नौर रेंज के निर्देशन में नरोरा गंगा नदी के किनारे बिचपुरी में पक्षियों को विचरण करते हुए देखा। इसमें विद्यालय के 153 छात्र छात्राओं ने इसमें भाग लिया। अनेक देशी एवं विदेशी पक्षियों की प्रजातियां यहां देखी गई। छात्र छात्राओं ने पक्षियों को देखा एवं इनकी जानकारी विद्यालय के अधयापक रवि कुमार शर्मा के द्वारा दी गई। इस मौके पर वन विभाग की प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव ने बताया कि वेटलैण्ड्स का तात्पर्य नमी वाले उन क्षेत्र या भूभाग से है। जहां पूरे वर्ष या कुछ खास महीनों में पानी भरा रहता है। हमारे आसपास इन वेट्लैंड्स को छोटे-बडे तालाब, पोखर, झील और नदियों की शक्ल में देखा जा सकता है। वेटलैंड्स हमारे उपयोग लायक पानी का एक बड़ा स्रोत होने के साथ-साथ बाढ़ से बचने में भी मानव-समाज की सहायता करते हैं। इंसानी दुनिया के बने रहने में योगदान के साथ ये जलीय जीवन का आधार हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी बृज मोहन ने कहा कि जैव-विविधता को समृ करते हैं। प्रकृति की खूबसूरती को उभारने वाले वेटलैंड्स का इंसानी सभ्यता और संस्कृति को समृद्व करने में बड़ा योगदान रहा है। शिक्षक रवि शर्मा ने कहा कि वेटलैंड (आर्द्रभूमि) वह स्थान है जहाँ भूमि जल से ढकी होती है।नमकीन, ताजा या कहीं बीच में-या तो मौसमी या स्थायी रूप से। यह अपने स्वयं के विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में कार्य करता है। आप आर्द्रभूमि को अन्य प्रकार की भूमि या जल निकायों से मुख्य रूप से उस वनस्पति से पहचान सकते हैं। जो गीली मिट्टी के अनुकूल हो गई है। इस दौरान डीएफओ प्रीति यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी बृज मोहन, मनोज कुमार, विशेष कुमार, सुरेश कुमार, राजकुमार, दीवान सिंह, रवि शर्मा, संगीता शर्मा आदि मौजूद रहे।


बबराला- वैटलैंड के बारे में जानकारी देते क्षेत्रीय वनाधिकारी।

# उच्च क्षमता लाइन के करंट की चपेट में आकर बालक झुलसा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** हाई पावर लाइन के करंट से बालक झुलस गया। उसको निजी चिकित्सक के यहां उपचार को ले जाया गया।

घटना सुबह करीब 10 बजे की है। जब 8 वर्षीय मासूम नवनीत अपने गांव फरीदपुर में अपनी छत पर खेलते खेलते छत के ऊपर से गुजर रही हाई पावर की लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। नवनीत के हाथ की अंगुलयां फट गई और उसका चेहरा भी झुलस गया। गनीमत रही कि मासूम की जान बच गई। थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर में

**○हाथों की अंगुलियां झुलसी चेहरा भी हुआ ज़ख्मी**

रहने वाले अरविन्द का सबसे छोटा पुत्र नवनीत 8 वर्ष अपनी छत पर खेल रहा था। उसके हाथ में शायद गीली लकड़ी की छड़ थी। छत के ऊपर से गुजर रही। वह छड़ तारों छू से लग गई और मासूम बिजली के करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी हाथों की उंगलियां झुलस गई और चेहरा भी जख्मी हो गया। मासूम को तुरंत बबराला स्थिति निजी चिकित्सालय ले जाया गया।

### शब ए बारात पर हो आवश्यक व्यवस्थाएं

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** आगामी शबेबरात शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिएं मुस्लिम समाज और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने प्रशासन से आवश्यक व्यवस्थाओं की मांग की है।

सपा के जिला सचिव सईद अख्तर इस्राइली के नेतृत्व में मुस्लिम साथियों ने एसडीएम रामानुज को पाँच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर सफाई, सुरक्षा, बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की। ज्ञापन में विशेष रूप से कब्रिस्तानों, इमामबाड़ों और प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई कराने पर जोर दिया गया है। सईद अख्तर इस्राइली ने कहा कि शबेबरात के मौके पर बड़ी संख्या में लोग कब्रिस्तानों और इमामबाड़ों में इबादत के लिए जाते हैं, ऐसे में गंदगी और अव्यवस्थाओं से लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने प्रशासन से समय रहते साफ-सफाई अभियान चलाने और रास्तों को दुरुस्त रखने की मांग की। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन से सतर्कता बररतने की अपील की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि शबेबरात की रात इबादत देर तक चलती है, इसलिए पुलिस गश्त और सुरक्षा इंतजाम मजबूत किए जाएं। बिजली आपूर्ति सुचारु रखने और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है, ताकि श्रृद्वालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सपा जिला सचिव सईद अख्तर इस्राइली ने प्रशासन से सहयोग की उम्मीद जताते हुए कहा कि मुस्लिम समाज हमेशा अमन और भाईचारे में विश्वास रखता है। उन्होंने सभी मुसलमानों से शबेबरात का पर्व शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था का पालन करते हुए मनाने की अपील की।

# बीएलओ आंगनवाड़ी कार्यकत्री की मौत

## परिवार का आरोप, काम के दबाव के चलते गई जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मुगल. पुरा थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसने प्रशास. निक तंत्र और समाज दोनों को झकझोर कर रख दिया है। गुइयां बाग, अथर अली रोड निवासी बीएलओ एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री गुलनाज तबस्सुम की रविवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया है।परिजनों के अनुसार रविवार दोपहर अचानक गुलनाज की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर



दिया। इलाज के दौरान रविवार रात करीब 9 बजे उनकी मृत्यु हो गई।परिवार ने गुलनाज की मौत के लिए अत्यधिक कार्यभार और मान. सिक तनाव को जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों का आरोप है कि गुलनाज पर आंगनवाड़ी कार्य के साथ-साथ बीएलओ की जिम्मेदारी भी थी। लगातार काम, समयसीमा का दबाव और अवकाश न मिल पाने के कारण वह लंबे समय से मानसिक तनाव में थीं। उन्होंने कई बार छुट्टी के लिए आवेदन किया, लेकिन अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया।गुलनाज के पति मोहम्मद ताहिर एक निजी फर्म में मजदूरी करते हैं। वर्ष 2010 में दोनों का निकाह हुआ था। गुलनाज की मौत से उनके 6 वर्षीय बेटे हमजा और बेटी सिदरा फातिमा के सिर से मां का साया उठ गया है। घर में मातम पसरा है और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।

इस घटना ने एक बार फिर सरकारी योजनाओं से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओं पर बढ़ते कार्यभार और उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग मामले की जांच और परिवार को उचित सहायता देने की मांग कर रहे हैं।

# कांठ रोड पर अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा

■ चालक हुआ गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत हरथला सब्जी मंडी के पास देर रात एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान निक्की सैनी निवासी पीतल नगरी, थाना कटघर के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार निक्की सैनी देर रात करीब 1:30 बजे सवारी छोड़ने के बाद अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसका ऑटो हरथला सब्जी मंडी के पास पहुंचा, अचानक ऑटो के पहिए के नीचे कुछ आ जाने से वाहन संत. ुलन खो बैठा और सड़क पर पलट



गया। हादसा इतना तेज था कि ऑटो चालक को गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को ऑटो से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।सूचना मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस द्वारा ऑटो को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# गीता के निष्काम कर्म के सिद्धांत को जीवन में करें आत्मसातः डॉ. कोठारी

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के आईकेएस सेंटर की ओर से उद्देश्य, अवसर और व्यावसायिक जीवनः श्रीमद्भगवद्गीता से सीख पर 12वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में प्रतिष्ठित भगवदाचार्य और ज्योतिषाचार्य डॉ. जगदीश कोठारी ने बतौर मुख्य वक्ता की शिरकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रतिष्ठित भगवदाचार्य और ज्योतिषाचार्य डॉ. जगदीश कोठारी ने श्रीमद्भगवद्गीता के चयनित श्लो. कों के जरिए जीवन के उद्देश्य, आत्मज्ञान और निष्काम कर्म के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें निष्काम कर्म के सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इससे न केवल व्यावसायिक सफलता प्राप्त की जा सकती है, बल्कि आंतरिक संतोष और मानसिक शांति भी मिलती है। डॉ. कोठारी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम- आईकेएस की ओर से उद्देश्य, अवसर और व्यावसायिक जीवनः श्रीमद्भगवद्गीता से सीख पर टिमिट के सभागार में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व ज्योतिषाचार्य डॉ. जगदीश कोठारी, आई स्पेशलिस्ट डॉ. उपमा अवस्थी, यूथ मेंटर श्री अरविंदाक्ष माधव दास, इस्कॉन के प्रतिनिधि श्री अरुणोदय

**खास बातें**

● गीता के कर्मयोग से युवा करें लक्ष्य की प्राप्तिः प्रो. मंजुला जैन ● तनाव प्रबंधन में गीता के सिद्धांत प्रासंगिकः डॉ. उपमा अवस्थी ● श्री अरविंदाक्ष माधव ने युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा ● व्यावसायिक जीवन में भी हो नैतिक मूल्यों का समावेशः अरुणोदय ● श्रीमद्भगवद्गीता जीवन प्रबंधन की सशक्त मार्गदर्शिकाः डॉ. अलका

कीर्तन दास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कॉन्क्लेव का शुभारम्भ किया। इस मौके पर डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। प्रो. मंजुला जैन ने यूनिवर्सिटी की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीता का कर्मयोग युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठावान रहने, परिणाम की चिंता किए बिना निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आत्मविकास, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए ऐसे आयोजनों को भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जागरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कॉन्क्लेव के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने वक्ताओं से जीवन, करियर, नेतृत्व और मूल्य-आधारित शिक्षा से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। आई स्पेशलिस्ट डॉ. उपमा अवस्थी ने मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित जीवनशैली और आंतरिक शांति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कह, गीता के सिद्धांत आज भी तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

यूथ मेंटर श्री अरविंदाक्ष माधव दास ने युवाओं से कहा, जुनून और स्पष्ट उद्देश्य के बिना सफलता



अधूरी रहती है। उन्होंने गीता के जरिए नेतृत्व क्षमता, आत्मअनुशासन और सशक्त निर्णय लेने की कला पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्ध और नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलवाई। इस्कॉन के प्रति. निधि श्री अरुणोदय कीर्तन दास ने कहा, जब व्यावसायिक जीवन में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का समावेश हो जाता है, तब व्यक्ति न केवल सफलता प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनता है।

टीएमयू आईकेएस सेंटर की कोऑर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन, नेतृत्व, कर्मयोग और नैतिक मूल्यों की एक सशक्त और व्यावहारिक मार्ग दर्शिका है। इस अवसर पर डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. चंचल चावला, डॉ. विभोर, डॉ. विवेक पाठक, डॉ. अमीषा सिंह आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। संच. ालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

**एक नजर**

## यूजीसी की नीतियों के विरोध में करणी सेना ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




**मुरादाबाद।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की हालिया प्रस्तावित नीतियों के खिलाफ छात्रों और शिक्षकों में बढ़ते असंतोष को लेकर क्षत्रिय करणी सेना ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है,कलेक्ट्रेट पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एक ज्ञापन सौंपा।करणी सेना के द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि यूजीसी के निर्णय उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, स्वायत्तता और समानता के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं।प्रेस नोट में आरोप लगाया गया कि बिना व्यापक संवाद के लागू की जा रही नीतियाँ जमीनी हकीकत से दूर हैं और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की वास्तविक चुनौतियों को नजरअंदाज करती हैं। शिक्षा के बढ़ते निजीकरण, अस्थायी नियुक्तियों को बढ़ावा, शोध अनुदान में कटौती और छात्रों पर बढ़ते आर्थिक बोझ से शिक्षा का अधिकार कमजोर हो रहा है।करणी सेना का मानना है कि शिक्षा को बाजार की वस्तु नहीं, बल्कि एक सार्वजनिक दायित्व के रूप में देखा जाना चाहिए। संगठन ने सामाजिक न्याय, समावेशन और अकादमिक स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। संगठन ने चार प्रमुख मांगें रखीं-विवादित नीतियों की तत्काल वापसी, छात्रों-शिक्षकों से व्यापक परामर्श, सार्वजनिक शिक्षा के बजट व शोध अनुदान में वृद्धि तथा स्थायी नियुक्तियों और अकादमिक स्वायत्तता की सुनिश्चितता। चेतावनी दी गई कि मांगें न मानी गईं तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्राधिकरणों की होगी।

## मिशन-शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत सोमवार को पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## परीक्षा देकर लौट रहे छात्र से मारपीट

**चन्दौसी।** नगर के मौहल्ला लक्ष्मनगंज निवासी समीर पुत्र शफीक ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि सोमवार को वह दोपहर 01 बजे के करीब एफ.आर. इंटर कॉलेज से पेपर देकर आ रहा था, तभी मौहल्ले के ही मुनाजिर पुत्र शाहिद अली व बिलाल ने उसे घेर लिया और गाली-गलौंच करते हुए मारपीट करने लगें।

आसपास के लोगों ने किसी तरह बचाया। समीर ने बताया कि उसके साथ पहले भी उक्त लोग मारपीट कर चुके हैं।

# शब-ए-बारात के पर्व पर क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर सौंपी अधिकारियों को जिम्मेदारी

**कांठ (शाह टाइम्स)।** शबे बारात का पर्व शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए एसडीएम ने क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर जिम्मेदारी सौंपी है बताया गया कि तीन फरवरी यानी मंगलवार को शब ए बारात का पर्व मनाया जाना है जिसमें सुन्नी संप्रदाय के मुसलमानों द्वारा अपने मकान धार्मिक स्थलों सार्वजनिक स्थल आदि पर रोशनी कर सजावट की जाती हैं मुख्य पर्व के दिन ईशा की नमाज के पश्चात रात्रि में कब्रिस्तान में रोशनी कर फतिया पढ़ी जाती है एवं सड़कों आदि पर रोशनी की व्यवस्था की जाती है पीरोमुर्शीदों के मजारों की ज्यारत करने हेतु हाजिरी दी जाती है इन कार्यक्रमों के दौरान आवागमन में असुविधा होने पर विवाद की संभावना बनी रहती है। इस पर्व को कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से संपन्न कराने के लिए तहसीलदार कांठ को थाना कांठ क्षेत्र नायब तहसीलदार कांठ को थाना कांठ क्षेत्र नायब तहसीलदार छजलैट को थाना छजलैट क्षेत्र और एडीओ पंचायत विकास खंड को थाना छजलैट क्षेत्र में तैनात रहने की जिम्मेदारी दी गई है। निर्देशित किया गया की संबंधित अधिकारी अपने संपूर्ण क्षेत्र एवं दिए गए क्षेत्र में भ्रमण शील रहकर कानून व्यवस्था पर नजर रखेंगे और यदि कहीं कोई परेशानी आती है तो समय रहते उस विवाद का हल करेंगे और उच्च अधिकारियों को भी इससे अवगत कराया जाएगा।

इस आदेश की प्रतिलिपि जिला मजिस्ट्रेट अपर जिला मजिस्ट्रेट क्षेत्राधिकारी पुलिस अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई है।

# शब-ए-बारात पर्व पर महानगर में लागू रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

**मुरादाबाद।** शब-ए-बारात पर्व को लेकर जनपद मुरादाबाद में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं कानून-व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। यह व्यवस्था 3 और 4 फरवरी को प्रभावी रहेगी। इसके अंतर्गत नगर क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।प्रशासन के अनुसार दिल्ली, रामपुर, सम्भल एवं चंदौसी की ओर से आने वाली रोडवेज व प्राइवेट बसों का संचालन टीपी नगर एवं नया मुरादाबाद स्थित एमडीए कार्यालय के सामने बनाए गए अस्थायी बस स्टैंड से किया जाएगा। शहर के अंदर रामपुर और दिल्ली की दिशा में चलने वाली बसों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और सभी बसें टीपी नगर अस्थायी बस स्टैंड से ही संचालित होंगी।काशीपुर और रामपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन, जिन्हें बिजनौर या हरिद्वार जाना है, अब हनुमान मूर्ति, स्टेशन रोड व फव्वारा चौक के स्थान पर हाईवे से होते हुए टीएमयू अंडरपास, हकीमपुर चौकी और शेरुआ चौराहा मार्ग का उपयोग करेंगे। इसी प्रकार बिजनौर व हरिद्वार से काशीपुर अथवा रामपुर जाने वाले वाहनों को भी इसी वैकल्पिक मार्ग से भेजा जाएगा। किसी भी प्रकार के भारी वाहन को शहरी क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।इसके अलावा 3 फरवरी को सायं 4 बजे से कोहिनूर तिराहा, दससराय पुलिस चौकी, संभल चौराहा एवं गलशहीद चौराहे से ईदगाह की ओर केवल पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहनों का आवागमन रहेगा। प्रशासन ने बताया कि 3 फरवरी दोपहर 2 बजे से 4 फरवरी सुबह 4 बजे तक नगर क्षेत्र में भारी वाहनों की नो-एंट्री रहेगी तथा मालगोदाम से मालवाहक वाहन पूरी तरह बंद रहेंगे।

# जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित श्री बालाजी मंदिर में हुआ विशाल भंडारा



**मुरादाबाद।** सिविल लाइन क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल परिसर में पुरानी पानी की टंकी के पास बने श्री बालाजी मंदिर में सोमवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राधा-कृष्ण एवं राम दरबार की मूर्तियों की विधिवत स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।मंदिर के पुजारी महेश ने बताया कि आज शुभ मुहूर्त में राधा-कृष्ण एवं राम दरबार की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हवन-पूजन, आरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला अस्पताल प्रशासन का भी भरपूर सहयोग रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था, उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सलेमपुर खास
## विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांकः पराविं/पंचायत सहायक / 2025-26 दिनांकः 30.01.2026

**-: विज्ञापनः -**

कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/पराविं/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अन्तर्गत पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमन्त्रित किये जाते हैं।

**कुल पद**-01

पंचायत सहायक एकाउण्टेन्ट कम डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु समय सारिणी निम्नवत् है:-

| क्र.स. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | दिनांक 27 जनवरी, 2026 से दिनांक 30 जनवरी, 2026 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | दिनांक 02 फरवरी, 2026 से दिनांक 16 फरवरी, 2026 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय तथा विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 17 फरवरी, 2026 से दिनांक 22 फरवरी, 2026 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एंव ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एंव समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | दिनांक 23 फरवरी, 2026 से दिनांक 02 मार्च, 2026 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एंव संस्तुति। | दिनांक 03 मार्च, 2026 से दिनांक 08 मार्च, 2026 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | दिनांक 09 मार्च, 2026 से दिनांक 12 मार्च, 2026 तक |

**आवेदन की प्रक्रियाः** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय मे निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021-989 / 2021 दिनांक 25 जुलाई 2021 मे दिये गये प्राविधानों एवं कार्यालय जिलाधिकारी मुरादाबाद पत्रांक 6252/पराविं/डी.पी.एम/पंचायत सहायक/2025-26 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अनुरूप संचालित होंगे।

**नोटः- पंचायत सहायक का पद अनारक्षित रहेगा।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- सलेमपुर खास**
**विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)**



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपने पुत्र का नाम ABUZAID (अबुजैद) से बदलकर ABUZAID KHAN (अबुजैद खान) पुत्र MOHAMAM WASEEM KHAN (मोहम्मद वसीम खान) निवासी वार्ड न0-12 मोहल्ला मनिहारन ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रख लिया है, भविष्य में इसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं।



**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार एच0डी0एफ0सी0 बैंक लिमिटेड, मुरादाबाद निर्देश पर नोटिस दिया जाता है ऋणी संतोष कुमार ने अपनी एक संपत्ति स्थित भदोरा, मुरादाबाद को बंधक रख ऋण प्राप्त हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति से सम्बंधित पूर्व का विक्रय पत्र जो की कमलेश के पक्ष में निष्पादित किया था जोकि रजिस्ट्रार मुरादाबाद, के कार्यालय में क्रमांक 7920 दिनांकित 25.08.2006 पर पंजीकृत है और विक्रय पत्र जो की जावित्री देवी के पक्ष में निष्पादित किया था जोकि रजिस्ट्रार मुरादाबाद, के कार्यालय में क्रमांक 7431 दिनांकित 16.08.2005 पर पंजीकृत है। उक्त विक्रय पत्र कही गिरकर खो गया है। बहुत तलाश करने पर भी नहीं मिला है। जिसकी सूचना ई-थाने में दी जा चुकी है। यदि उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति संस्था/ बैंक को कोई क्लेम या आपत्ति उक्त संपत्ति का एच0 डी0 एफ0 सी0 बैंक लिमिटेड, मुरादाबाद द्वारा बंधक किये जाने पर आपत्ति या एतराज है तो वो इस विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर-अन्दर मुझे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त संपत्ति के विक्रय और बंधक के सम्बन्ध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा एच0डी0एफ0सी0 बैंक लिमिटेड, मुरादाबाद उक्त संपत्ति को बंधक रख कर ऋणी के हक में ऋण जारी कर देगी। **कपिल गुप्ता विधिक सलाहकार एच० डी० एफ० सी० बैंक लि० मुरादाबाद।** मोब न. 9837115242



**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र व भाई इरफान उम्र 28 साल, प्रार्थीगण के साथ अमानवीय व्यवहार, गाली गलौच और दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इरफान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती अंजुमन आरा पत्नी स्व0 अलीजान, यासीन, आसिफ व अरशद पुत्रगण स्व0 अलीजान निवासीगण मौहल्ला रहमतनगर गली नं. 1 युसुफ पार्क थाना कटघर, मुरादाबाद।



**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र शुभम ठाकुर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवा. रिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में शुभम ठाकुर के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। प्रताप सिंह पुत्र स्व0 हरदयाल सिंह व श्रीमती मधू पत्नी प्रताप सिंह निवासीगण मौहल्ला लक्ष्मनपुरी लाईनपार थाना मझौला जिला मुरादाबाद।

# टिमिट में 'स्पॉन्टेनियस ओरशन' प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट, कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक प्रभावशाली सह-पाठ्यचर्या गति. विधि ष्स्पॉन्टेनियस ओरशनष का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11:30 बजे से किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में त्वरित निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास, तार्किक सोच एवं प्रभावी वक्तृत्व कौशल का विकास करना था। इस प्रतियोगिता की थीम षथिंक फास्ट स्पीक स्मार्ट थीमष रही, जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों को बिना पूर्व तैयारी के विषय दिए गए और सीमित समय में अपने विचार स्पष्ट, सशक्त एवं तार्किक ढंग से करने प्रस्तुत का अवसर मिला। कार्यक्रम में बीबीए छठे सेमेस्टर के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी




बौद्धिक क्षमता व संवाद कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समन्वयन शिक्षकों द्वारा किया गया जिन्होंने ने प्रतियोगिता को अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया तथा छात्रों को मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर टिमिट के डीन द्य प्रोफेसर विपिन जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि द्य इस प्रकार की गति. विधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रो. जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि त्वरित सोच, स्पष्ट संवाद और आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने आयोजन टीम एवं प्रतिभागी छात्रों को उत्कृष्ट प्रयास के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे नवाचारी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं ने प्रतिभागियों की द्य प्रस्तुति की सराहना की। प्रतियोगिता का वातावरण अत्यंत ऊर्जावान, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा। अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया गया। यह आयोजन न केवल छात्रों के व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ, बल्कि टिमिट की अकादमिक एवं सह-पाठ्यचर्या उत्कृष्टता को भी दर्शाता है।

## एसएम डिग्री कॉलेज में कुप्रथाओं पर रोक, कर्मचारी संघ ने जताई संतुष्टि

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को प्राधिकृत नियंत्रक बनने के बाद कई व्याप्त कुप्रथाओं पर रोक लगाई जा रही है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने इस कदम पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि अब रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कोई कर्मचारी गायब नहीं रह सकेगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने शिक्षण कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए स्लिप वाली प्रथा को समाप्त कर दिया है। इससे पहले कर्मचारी अपनी उपस्थिति स्लिप पर हस्ताक्षर कराकर दर्ज कराते थे, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। संघ ने इसे कॉलेज प्रशासन द्वारा कार्यप्रणाली में सुधार की सकारात्मक पहल बताया। शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की ओर से जिला महामंत्री जिलाध्यक्ष मनोज कुमार व अशोक कुमारी पाराशर द्वारा प्राचार्य को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

## एक नजर

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में जरूरत मंदों को वितरित किए गए कम्बल



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति विश्वविद्यालय के कर्मचारियों तथा समीपस्थ ग्रामों के जरूरतमंद लोगों के लिए कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल एवं कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा 4000 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने कहा कि सभी कर्मचारी विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य हैं तथा इन सभी के सुख और दु:ख में कदम मिलाकर चलना हम सभी का कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने सभी कर्मचारियों को चिंतामुक्त होकर पूरे मनोयोग से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सर्दी से बचाव हेतु कम्बल वितरण के अलावा विश्वविद्यालय परिसर में ड्यूटी करने वाले सुरक्षा गार्डों एवं कर्मचारियों के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती ठंड में कम्बलों का वितरण जरुरतमंदों के लिए काफी राहत प्रदान करेगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट, डॉ. नवनीत वर्मा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरूण कुमार मिश्र समेत विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, विभिन्न स्कूलों के निदेशक, शिक्षक और भारी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

### फरवरी में भी नहीं थमा कोहरे का कहर कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

**चन्दौसी।** फरवरी माह में भी घना कोहरा पीछा नहीं छोड़ रहा है। हालांकि जनवरी माह में जमकर कोहरा पड़ा और उम्मीद थी कि जनवरी के अंतिम दिनों तक इसका असर खत्म हो जाएगा, लेकिन जनवरी बीतने के बाद फरवरी में भी सर्द हवाओं के साथ कड़ाके की ठंड लोगों को परेशान कर रही है। घने कोहरे के कारण स्कूलों के छात्र-छात्राओं और राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। सोमवार को स्थिति और भी खराब रही, सुबह के समय बर्फीली बूंदें गिरती रहीं। रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड और फुब्बारा चौक सहित पूरा क्षेत्र घने कोहरे की चपेट में रहा। बर्फीली हवाएं सीधे शरीर में चुभती महसूस हुईं। इधर प्रयोगात्मक परीक्षाएं तथा डिग्री कॉलेजों में सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं, जिससे सुबह की पाली में परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों को घने कोहरे के कारण खासा परेशान होना पड़ा। हालांकि 11 बजे तक धूप निकलने के बाद मौसम सही हुआ और लोगों को राहत मिली।

### चन्दौसी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

**चन्दौसी।** चन्दौसी इंटर कॉलेज, चन्दौसी में इंटरमीडिएट बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार ने बताया कि रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 03 व 04 फरवरी 2026 को, भूगोल की 04 फरवरी 2026 को, भौतिक विज्ञान की 05 व 06 फरवरी 2026 को, जबकि जीव विज्ञान एवं फोटोग्राफी विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 06 फरवरी 2026 को संपन्न होगी। सभी प्रयोगात्मक परीक्षाएं प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होंगी। यह जानक. री कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार ने दी।

### एसआईआर कार्य में जानकारी न देने वालों को नोटिस, तहसील परिसर में भीड़



**चन्दौसी।** प्रशासन ने शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समय पर एसआईआर कार्य शुरू किया। बीएलओ द्वारा पहले ही लोगों के घर जाकर जानकारी भरने के लिए एसआईआर भेजी गई थी, लेकिन कुछ लोगों ने आवश्यक विवरण उपलब्ध नहीं कराए। अब ऐसे व्यक्तियों को नोटिस जारी किया जा रहा है और जबाव के लिए लोग बीएलओ कार्यालय में पहुंच रहे हैं। इसके कारण तहसील परिसर में काफी भीड़ देखने को मिल रही है और प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने का अनुरोध किया है।

# मांगों को लेकर एसडीएम बिलारी से मिला भारतीय किसान यूनियन असली का प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अधूरे पड़े जल जीवन मिशन व सुजानपुर - मुबा. रकपुर संपर्क मार्ग को नया बनाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन असली के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम बिलारी से मिलकर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गन्ने की नई वैरायटी को.05009 का बीज भी उपलब्ध कराने की मांग की गई। सोमवार को भाकियू असली की बैठक बिलारी स्थित अंबेडकर पार्क में हुई। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव-गांव सड़क खोदकर पानी की पाइपलाइन डाली गई और ओवरहेड टैंक बनाकर हर घर स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का सपना दिखाया गया, लेकिन समूचे प्रदेश में हर गांव की सड़क खोदकर पाइपलाइन डाल दी गई लेकिन ना तो अभी तक ओवरहैड टैंक का निर्माण कार्य पूरा हुआ और ना ही सड़कों की मरम्मत की गई। इस बात से किसान बहुत परेशान है। तय किया कि शीघ्र ही अगर सरकार ने इसका समाधान ना किया तो आंदोलन होगा।

बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ चौधरी ने सुजानपुर- मुबा. रकपुर संपर्क मार्ग का जर्जर हालत में होने का मुद्दा उठाया और उसे नया बनवाने की मांग की। इसके अलावा गन्ने की नई वैरायटी को. 05009 का बीज चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराने की मांग की गई। बैठक के बाद प्रतिनिधि मंडल एसडीएम बिलारी से मिला। जहां उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिस पर आश्वा. सन दिया कि शीघ्र ही समुचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ चौधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चौधरी हुकम सिंह, तहसील अध्यक्ष चौधरी शिव सिंह, जिला उपाध्यक्ष होशियार सिंह ,विजय वीर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जहन्नम से आजादी और मगफिरत वाली रात है शब-ए-बरात

## एक दिन मरना है आखिर मौत है करले जो करना है आखिर मौत है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित दावते इस्लामी इन्डिया के मदरसा फैजाने रजा के प्रिंसीपल कारी अब्दुल वकील अत्तारी ने बताया माहे शाबान तो क्या आता है शराफत बुलंदी भलाई उल्फत और नूर का समा बन्ध जाता है इस माहे मुबारक में नेकियों की कसरत खताओं की मगफिरत और नूजूले बरकत का सिलसिला बड़ जाता है इस महीने के बारे में नबी ए करीम सलल्ललाहो अलैही वसल्लम ने इरशाद फरमाया शाबान की पन्द्रहवीं रात साल भर में पैदा होने वाले बच्चों का नाम लिख दिया जाता है, और इसी रात ख मरने वाले का नाम भी लिख दिया जाते हैं और इसी रात मखलूक का रिज्क



तकसीम होता है इसी. रात उनके आमाल उठाए जाते हैं एक और हदीस में आया है इसी रात मख्लूक की उम्र उन की रोजी और

हाजियो के नाम लिखे जाते हैं कितनी नजुक है यह रात न जाने किस्मत में क्या लिख दिया जाए. बाजऔकात बन्दा गफलत में पड़ा होता है और उसके बारे में कुछ का कुछ हो चुका होता है कुछ लौग के

कफन धुल कर तय्यार रखे होते हैं मगर कफन पहनने वाले बाजारो में घूम फिर रहे होते हैं बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिनकी कब्रें खुदी हुई तय्यार होती है मगर उन में दफन होने वाले खुशियों में मस्त होते हैं बहुत से लोग हंस रहे होते हैं हालांकि उनकी हलाकत का वक्त करीब होता है। इस लिए शबे बरआत बेहद अहम रात है कोई नहीं जानता की उसकी किस्मत में क्या लिख दिया गया है लिहाजा किसी

भी सुरत में इस रात को गफलत में नहीं गुजारना चाहिए इस रात में खुसूसियत के साथ रहमतो की छमा छम बारिशें होती हैं एक दिन मरना है आखिर मौत है करले जो करना है आखिर मौत है।

# कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना: अविनाश पांडेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर सोमवार को फैजुल्लागंज वेटलैंड में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन विभाग एवं डब्लू डब्लू एफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी मुरादाबाद अविनाश पांडेय रहे।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा, गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, सरोज अकादमी ऑफ इंटेलिजेंस, शिव सेंट जोसफ इंटर कॉलेज तथा एस. पी.एस.एम. इंटर कॉलेज के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इसके साथ ही वन विभाग के अधिकारी, स्थानीय किसान व ग्रामीण समुदाय, डब्लू डब्लू एफ इंडिया, जिला गंगा समिति के सदस्य, रामगंगा मित्र एवं ग्राम प्रधान छाया रानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 'परिवर्तन दी चेंज' संस्था के कपिल कुमार, नजीबाबाद से आई बर्ड वॉचर वृंदा बजाज तथा हिंदू कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनामिका त्रिपाठी की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी



मुरादाबाद अविनाश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा जलीय जीव-जंतुओं एवं पक्षियों की पहचान संबंधी जानकारी प्रदान करना रहा। इस अवसर पर डब्लू डब्लू एफ इंडिया के कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहम्मद आलम ने आर्द्रभूमियों के विभिन्न प्रकारों एवं उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वेटलैंड्स जलीय जैव विविधता, भूजल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण तथा स्थानीय समुदायों की आजीविका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी अविनाश पांडेय ने शहरी क्षेत्रों में आर्द्रभूमियों के निरंतर घटते अस्तित्व पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आर्द्रभूमियाँ अनेक जलीय जीव-जंतुओं तथा स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास प्रदान करती हैं, अत: इनके संरक्षण में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस दौरान बर्ड वॉचर वृंदा बजाज ने विद्यार्थियों को वेटलैंड में पाई जाने वाली विभिन्न पक्षी प्रजातियों एवं उनकी पहचान के तरीकों की जानकारी दी। वहीं,अनामिका त्रिपाठी ने अपने संबोधन में वृक्षों के महत्व एवं संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को ग्राम पंचायत अदलपुर में धर्मशाला पर मानवता सामान्यता शांति और समृद्धिवना का संदेश देने वाले संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित की गुरु रविदास जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक कुरी. तियो पर प्रहार कर हमे एक प्रगतिशील समाज बनाने का रास्ता दिखाया आई उन्हें हम नमन करते हुए उन मूल्यों की रक्षा का संकल्प लें जो हमें रविदास जी



से मिली है।

कार्यक्रम में मुशाहिद चौधरी सदस्य पीसीसी एव पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत अदलपुर एवं जिला अध्यक्ष बस मोटर ऑपरेटर एसोसिएशन मुरादाबाद एवं जिला उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद ,शेर सिंह पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य अदलपुर मास्टर श्यामलाल सिंह ,ऋषिपाल सिंह पूर्व प्रधान लाल जी राशन डीलर सतीश कुमार भससु सिंह भगत जी चंदरु सिंह भगत जी भगवत सिंह और रेप की सिंह सकटू सिंह तेजू सिंह रामचरन सिंह मगन सिंह शोबीर सिंह खचेड़ू सिंह बच्चन सिंह भूरे सिंह मुन्नू सिंह नन्हे सिंह मिस्त्री रामपाल सिंह कृपाल सिंह ओम प्रकाश सिंह गेंदा सिंह शिशुपाल सिंह मनोज कुमार सिंह महेंद्र सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य रिंकू सिंह सुरेंद्र सिंह सुनील कुमार सिंह रामकुमार सिंह उदयराज सिंह ऋषि पाल सिंह सुनील कुमार सिंह मोती सिंह उमराली मुल्लाजी करि इकबाल हुसैन सद्दाम हुसैन नासिर पहलवान दानिश अली सुरेंद्र कुमार नरेश सिंह धर्मपाल सिंह माही लाल सिंह राजेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह भारी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## हिन्दू सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र-छात्राओं को समारोह पूर्वक सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ठाकुरद्वारा।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय होलिका मंदिर में 22 जनवरी 2026 को विशाल हिंदू सम्मेलन में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को सोमवार को विद्यालय परिसर में समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में ठाकुरद्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर प्रचारक शिवांशु और छुट्टन कुमार, ठाकुरद्वारा ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार और अन्य आचार्य भी इस अवसर पर मौजूद थे। छात्रों को उनके सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को उनकी प्रतिभा और संस्कृति के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र सोनेंद्र कुमार को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी कृत्य से मेरा और मेरे बाकी परिवार का कोई बास्ता नहीं होगा।
**यशवीर सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी पचोकरा खानपुर तहसील कांठ जिला मुरादाबाद।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा सगा भाई भानु प्रताप पुत्र सागर सिंह गलत संगत में पड़ गया है। जिस कारण वह मेरा तथा परिवार का कहना भी नहीं मानता है। भानु प्रताप के गलत आचरण व्यवहार के कारण मैने तथा परिवार ने अपने सभी संबंध विच्छेद/समाप्त कर दिए है। अब भविष्य में उसके किसी भी प्रकार के लेन देन एवं कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
दुष्यंत कुमार पुत्र सागर सिंह सरकथल सानी थाना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदपुर हमीर
### विकास खण्ड- कुंदरकी ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 02.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत फरीदपुर हमीर विकास खण्ड डींगरपुर-कुंदरकी (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष में मनरेगा योजनान्तर्गत महबूब अली के घर से कामिल के घर तक मिट्टी, नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराया जाना है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता दिनांक 06.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 06.02.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की ल. मी. में | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | फरीदपुर हमीर में महबूब अली के घर से कामिल के घर तक मिट्टी, नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य। | - | 4,93,765 | 9875 | 500 | 3 माह |

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत फरीदपुर हमीर**
**वि० खं० कुंदरकी, मुरादाबाद।**

### खोया-पाया सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 व अनुक्रमांक 09448685 का अंक प्रमाण पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव मे कहीं खो गया है। काफी तलाश करने पर भी नही मिला है। शबनम पुत्री श्री अब्दुल हमीद निवासनी ग्राम चौधरपुर हमीरपुर पोस्ट सैदनगर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश।

### खोया-पाया सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 व अनुक्रमांक 0933919 का अंक प्रमाण पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव मे कहीं खो गया है। काफी तलाश करने पर भी नही मिला है। स्वादेकीन पुत्री श्री इबने हसन पत्नी श्री महफूज अली निवा. सनी-ग्राम चौधरपुर हमीरपुर पोस्ट सैदनगर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश।

## उत्तर रेलवे

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद-244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत सेवाओं हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि रु. | अनुमानित मूल्य रु. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/ 2026/ B/ 7123649 | सेवाओं के लिए अनुकूलित निविदा - विभिन्न श्रेणियों में 53 कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग जिनमें 19 सहायक कैंटीन कर्मचारी, 18 सामान्य सहायक सामान्य प्रशासनिक कर्मचारी और 16 गृह रखरखाव सहायक शामिल हैं। यह नियुक्ति ओक ग्रोव स्कूल के रखरखाव और देखभाल के लिए न्यूनतम मजदूरी पर की जाएगी। | 01 Nos | 3,31,460/- | 1,65,72,994/- | 21.02.2026 11:00:00 |

नोट: पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर उपलब्ध हैं। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई-निविदा में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आईटी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र, यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है, प्राप्त मान्य होगा। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

पत्र सं.: **50-S/LP/2026** दिनांक: **02.02.2026** **364/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री सब्बीर अहमद द्वारा संस्था सैफियान मस्जिद समिति, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनाना के पीछे मोहल्ला कुरेशियान बहजोई तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल** का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. सब्बीर अहमद - अध्यक्ष, 2. कमरूद्दीन- उपाध्यक्ष, 3. मौहम्मद कासिम- प्रबन्धक / मुतावल्ली, 4. मौहम्मद शहीद- उपप्रबन्धक, 5. शरीफ अहमद- कोषाध्यक्ष, 6. मौहम्मद अकरम, 7. मौ0 इमरान अली, 8. मौहम्मद कमर, 9. मौ0 फारूख- सदस्य दर्शाये गये हैं।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक


# भारत के मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाक को चेताया




**पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकती है अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद**

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान सरकार द्वारा भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार 'चुनिंदा भागीदारी' की घोषणा के बाद कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईसीसी इस मुद्दे पर जल्द ही बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में आईसीसी भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने पर प्रतिबंध लगा सकता है और आईसीसी की ओर से पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकता। 15 फरवरी को होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से लाभदायक ग्रुप मैच माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद आईसीसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस निर्णय से पीसीबी अपने देश पर होने वाले क्रिकेट के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने की संभावना है, जिसका पाकिस्तान स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार किसी मैच का बहिष्कार होने की स्थिति में पाकिस्तान को अपने अंक गंवाने पड़ेगे और उसके नेट रन रेट पर असर पड़ेगा, लेकिन भारत के नेट रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा भारत को जीत के दो अंक भी मिलेंगे। बयान में कहा गया कि आईसीसी को अब तक इस मामले पर पीसीबी से कोई औपचारिक संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया कि आईसीसी पाकिस्तान सरकार द्वारा दिए गए उस बयान को संज्ञान में ले रहा है, जिसमें उन्होंने 2026 आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम को चुनिंदा मैचों में भाग लेने का निर्देश दिया है। आईसीसी अभी भी इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक संवाद की प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि चयनात्मक भागीदारी की यह स्थिति किसी वैश्विक खेल आयोजन की मूल भावना से मेल नहीं खाती, जहां सभी क्वालिफाई कर रही टीमों से तय कार्यक्रम के अनुसार समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि आईसीसी के टूर्नामेंट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, निरंतरता और निष्पक्षता पर आधारित होते हैं और चयनात्मक भागीदारी प्रतियोगिताओं की भावना और पवित्रता को कमजोर करती है। हालांकि आईसीसी राष्ट्रीय नीति से जुड़े मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करता है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या पाकिस्तान के लाखों प्रशंसकों सहित दुनिया भर के प्रशंसकों के हित में नहीं है। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले इसके महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर

## बीसीसीआई ने खेल भावना पर आईसीसी के रुख का किया समर्थन




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के पाकिस्तान के फैसले के बाद बीसीसीआई खेल भावना पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के रुख से पूरी तरह सहमत है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय बोर्ड आईसीसी के साथ चर्चा करने तक इस पर कोई और टिप्पणी नहीं करेगा।

शुक्ला ने कहा कि आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने खेल भावना के बारे में बात की है और हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं। जब तक हम आईसीसी से बात नहीं कर लेते। बीसीसीआई इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा। उनकी यह टिप्पणी पाकिस्तान सरकार की उस घोषणा के कुछ घंटे बाद आई, जिसमें कहा गया था कि उसकी राष्ट्रीय टीम 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप-चरण मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पाकिस्तान सरकार ने कहा कि उसने टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी है, लेकिन भारत के खिलाफ मैच को इसमें शामिल नहीं किया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## इंग्लैंड ने श्रीलंका को डीएलएस से छह विकेट से हराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** टॉम बैंटन (नाबाद 54) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को वर्षा प्रभावित मुकाबले में (डीएलएस प(ति) से दो गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजए बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने रविवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पवन रत्नायके (40), कामिल मिशारा (36), पुथुम निसंका (34), कुसल मेंडिस (32) और चरित असलंका (नाबाद 28) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 189 का स्कोर बनाया। बारिश के कारण मैच कुछ देर के लिए रुका और फिर कम ओवरों के साथ डीएलएस पद्धति से 168 रनों का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया। इंग्लैंड के लिए आर्चर ने दो विकेट लिए। विल, लियम व रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## श्याम लाल कॉलेज और आईजीआई की जीत से शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्याम लाल कॉलेज व इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमो. रियल हॉकी टूर्नामेंट के सोमवार को खेले गए मुकाबलों में जीत के साथ शुरुआत की। यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर बालाराम पाणि, डीन ऑफ कॉलेजेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेजबान श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने श्री पाणि, प्रो- सरिता त्यागी, एचओडी, डीपीईएसएस, डीयू, डा. ज्योति मान, असिस्टेंट डारेक्टर, डीयूएससी, श्री संजीव गौतम सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## बीसीसीआई ने इंडिया 'ए' टीम की घोषणा की, तिलक वर्मा की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को आयुष बडोनी की अगुवाई में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले होने वाले दो अभ्यास मैचों के लिए 15 सदस्ईय इंडिया ए टीम की घोषणा की। इंडिया ए टीम दो फरवरी को अपने पहले अभ्यास मैच में अमे. रिका का सामना करेगी, जिसके बाद वह वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी के मैचों के तहत छह फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। टीम में शामिल किए गए खास खिलाड़ियों में से एक तिलक वर्मा हैं, जो टी-20 विश्व कप के लिए भारत की सीनियर टीम का भी हिस्सा हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज हाल ही में सर्जरी के बाद टीम से बाहर था, लेकिन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी जारी रखने के कारण उसे इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। इस बीच, सीनियर भारतीय पुरुष टीम भी विश्व कप की तैयारी के तहत एक अभ्यास मैच खेलेगी, जिसमें वह चार फरवरी को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी।

**इंडिया ए टीम :-** आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन जगदीसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान, मानव, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विपराज, रवि बिश्नोई, खलील अहमद और मयंक यादव।

## विश्व कप के शुरुआती दौर से बाहर रह सकते हैं हेजल वुड



**जोश हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई**

**सिडनी, वार्ता।** चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड रिहैब के कारण आगामी टी-20 विश्व कप का शुरुआती दौरे से बाहर रह सकते है। उनकी जगह शॉन एबट को ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप टीम में ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में जोड़ा गया है। पाकिस्तान का दौरा मिस करने के बाद ग्लेन मैक्सवेल, नाथन एलिस और टिम डेविड मंगलवार को कोलंबो में टीम से जुड़ने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का अभ्यास मैच है और फिर 11 फरवरी को उन्हें आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलना है। हेजलवुड इंग्लैंड सीरीज की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे और फिर रिहैब के दौरान उन्हें दूसरी समस्या हो गई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं और मेडिकल स्टाफ ने निर्णय लिया है कि वे फिलहाल सिडनी में ही रहेंगे। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने इस बारे में कोई समय-सीमा नहीं बताई है कि वे श्रीलंका कब पहुंचेंगे। डोडेमाइड ने कहा कि हमें लगा कि जॉश के लिए श्रीलंका जाने से पहले घर पर जाने-पहचाने माहौल में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखना अधिक व्यावहारिक और फायदेमंद होगा। नाथन के भी खेल में वापसी की प्रक्रिया पूरी करने के साथ, हमने शॉन को अपने साथ तेज गेंदबाजी कवर के तौर पर लाने का फैसला किया है ताकि अगर कम समय के नोटिस पर कुछ भी होता है तो वह उपलब्ध रहें। शॉन एक मंझे हुए और बहुमुखी खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई विश्व कप अभियानों का अनुभव लिया है। पाकिस्तान दौरे के बाद उनका ग्रुप के साथ बने रहना समझदारी भरा फैसला था। पीठ की चोट से उबर रहे पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप से पहले ही खो चुका है। उन्होंने चोट से उबरने के लिए अभी और समय चाहिए था जिसके कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच में से चार टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे। बेन ड्वारशिवस को अंतिम 15 सदस्ईय स्क्वॉड में शामिल किया गया था।

## आईसीसी ने पुरुष टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम किया जारी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आईसीसी की ओर से आज जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार सात फरवरी से शुरु होने वाले टूर्नामेंट से पहले विभिन्न टीमों के बीच दो से छह फरवरी तक कुल 16 अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत और श्रीलंका के चार शहरों में यह अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत में, बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दो ग्राउंड मैचों की मेजबा. नी करेंगे, जबकि भारत में शेष अभ्यास मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई के एम-ए चिदंब. रम स्टेडियम में होंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, आर-प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड की मेजबानी करेंगे।

## बीबीसी आईएसडब्ल्यूओटीवाई पुरस्कार के लिए दिव्या हुई शॉर्टलिस्ट



**● हर साल भारत की शीर्ष पांच महिला खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है**

**मुम्बई, वार्ता।** बीबीसी ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना, निशानेबाज सुरूचि सिंह तथा एथलेटिक्स ज्योति याराजी को वर्ष 2025 में उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया है। बीबीसी आईएसडब्ल्यूओटीवाई का यह छठा संस्करण है।

इसमें उन महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने बाधाओं को तोड़ा है, लाखों लोगों को प्रेरित किया है और अंतर्राष्ट्रीय खेल मंचों पर भारत की मौजूदगी को मजबूत बनाया है। इन खिलाड़ियों को खेल संपादकों, लेखकों और विशेषज्ञों की प्रतिष्ठित जूरी ने साल 2025 में उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद शॉर्टलिस्ट किया है। हर साल भारत की शीर्ष पांच महिला खिलाड़ियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कलेक्टिव न्यूजरूम की एडिटर इन चीफ और सह संस्थापक रूपा झा कहती हैं कि अक्सर महिलाओं को शादी, उम्र, शरीर से जुड़े मानकों या विकलांगता जैसी वजहों से खेल से दूर रहने के लिए हतोत्साहित किया जाता रहा है। इस साल की एडिटोरियल थीम, एक बेहद सरल लेकिन जरूरी बात को मजबूती से सामने रखती है कि सभी खेल सकते हैं क्योंकि खेल सबका है- उसका असली असर केवल नतीजों से नहीं, बल्कि सभी को शामिल किए जाने और मिलने वाले मौकों से मापा जाना चाहिए।

## शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के राजनीतिकरण की निंदा की



**● शशि थरूर ने नई दिल्ली में पत्रकारों से कहा कि सच कहूं तो यह काफी अपमानजनक है कि दोनों तरफ से खेल का इस तरह राजनीतिकरण किया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के बढ़ते राजनीतिकरण की आलोचना करते हुए भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश से जुड़े हालिया घटनाक्रमों को 'शर्मनाक' बताया और चेतावनी दी कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है।

पाकिस्तान के भारत के खिलाफ 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के फैसले और बंगलादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान से जुड़े विवाद पर श्री थरूर ने प्रतिक्रिया दी है कि खेल को राजनीतिक तनाव का शिकार बनने के बजाय जोड़ने वाली शक्ति के रूप में काम करना चाहिए। श्री थरूर ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि सच कहूं तो यह काफी अपमानजनक है कि दोनों तरफ से खेल का इस तरह राजनीतिकरण किया गया है। मुझे नहीं लगता कि मुस्तफिजुर को कोलकाता में खेलने के लिए उनके अनुबंध से वंचित किया जाना चाहिए था। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण था। श्री थरूर ने इस घटनाक्रम पर बंगलादेश की प्रतिक्रिया को जरूरत से ज्यादा बताया और कहा कि पाकिस्तान का यह कदम बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाने का प्रयास है। श्री थरूर ने कहा कि बंगलादेश की प्रतिक्रिया जरूरत से ज्यादा थी, लेकिन यह उसी का प्रतिबिब है। पाकिस्तान बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला अब नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। क्षेत्र में क्रिकेट के सांस्कृतिक महत्व पर जोर देते हुए श्री थरूर ने हितधारकों से राजनी. ति को खेल से दूर रखने और उचित माध्यमों से बातचीत बहाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह समझने की जरूरत है कि खेल, जो सभी लोगों के लिए बहुत मायने रखता है, वह कम से कम खेल के मैदान पर तो हमें साथ लाने का जरिया होना चाहिए, खासकर क्रिकेट जैसा खेल। वर्तमान स्थिति को 'चेतावनी की घंटी' बताते हुए श्री थरूर ने सुझाव दिया कि आईसीसी संबंधित पक्षों के बीच तत्काल बातचीत के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर सकती है। श्री थरूर ने कहा कि मैं ईमानदारी से मानता हूं कि यह अब उन सभी के लिए एक चेतावनी की घंटी है, जिन्हें आपातकालीन आधार पर एक-दूसरे से संपर्क करना चाहिए। आईसीसी इसके लिए एक मंच बन सकता है, जो बस यह कहे कि चलिए इस बकवास को यहीं खत्म करते हैं। उनकी टिप्पणियां पाक सरकार की घोषणा के कुछ घंटे बाद आई है कि उसकी राष्ट्रीय टीम भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले ग्रुप-चरण मैच के लिए मैदान में नहीं उतरेगी। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पाक सरकार ने कहा कि उसने टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी की मंजूरी दे दी है।

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए मुंबई टीम में ठाकुर यशस्वी जायसवाल की वापसी

**● शार्दूल ठाकुर और यशस्वी दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे**

**मुम्बई, वार्ता।** शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है।

ठाकुर और जायसवाल दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे। ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था।

एमसीए इस बात से अधिक खुश नहीं था कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतिब(ता से फ्री होने के बावजूद जायसवाल ने पिछले कुछ मैच नहीं खेले। मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है।



**मुंबई टीम इस प्रकार है:-** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, अखिल हरवाडकर, सि(ेश लाड, सरफराज खान, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्एश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।

## हरियाणा थंडर्स ने जीता पीडब्ल्यूएल का खिताब

**● नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में हरियाणा थंडर्स ने 5-4 की रोमांचक जीत दर्ज कर पीडब्ल्यूएल का खिताब पक्का कर दिया**

**नोएडा, वार्ता।** हरियाणा थंडर्स ने रोमांचक फाइनल में मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराकर प्रो रेसलिग लीग 2026 का खिताब अपने नाम किया। नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ आखिरी मुकाबले तक चले रोमांचक फाइनल के बाद प्रो रेसलिंग लीग 2026 का चैंपियन चुना गया। आठ मुकाबलों के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था और अब सब कुछ महिलाओं के 62 किग्रा के फाइनल मुकाबले पर निर्भर था, जहां पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता इरीना कोलियाडेंको ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स के लिए 5-4 की रोमांचक जीत और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब पक्का कर दिया। हरियाणा थंडर्स को डब्ल्यूपीएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1-5 करोड़ की पुरस्कार राशि, जबकि उप विजेता दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रूपए मिले। इंडिविजुअल अवॉर्ड्स में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को 57 किग्रा पुरुष वर्ग में 7 में से 7 बाउट जीतने के लिए 2-5 लाख का प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड मिला, जिससे उन्होंने पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक बनाए, जबकि पंजाब रॉयल्स के चंद्रमोहन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पॉइंट स्कोर करने वाले खिलाड़ी रहे। नेहा सांगवान (हरियाणा थंडर्स) ने आखिरी बाउट तक फाइनल को जिदा रखने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच जीता, जबकि रौनक (दिल्ली दंगल वॉरियर्स) ने पुरुष 125 किग्रा वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच जीता। इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अक्षय ढेरे (हरियाणा थंडर्स) ने 57 किग्राम पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए जीता। चैंपियनशिप नाइट की शुरुआत दिल्ली के 74किग्रा पुरुषों के मुकाबले में बिना हारे तुरान बायरामोव के जरिए हुई, जिन्होंने शुरुआती बढ़त बनाई और मुकाबले को कंट्रोल करते हुए 8-1 से जीत हासिल की। हरियाणा ने 76किग्रा महिलाओं की वर्ग में तुरंत जवाब दिया, जहां अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल धोचक ने यूरोपियन चैंपियन अनास्तासिया अल्पीएवा को 3-1 से हराकर मुकाबला बराबर कर दिया। 65किग्रा पुरुषों के मुकाबले में फिर से मोमेंटम बदला जब दिल्ली के कप्तान सुजीत कलकल ने आखिर में शानदार वापसी करते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के रजत पदक विज. ेता तुमुर ओचिर तुल्गा को 8-6 से हरा दिया। हरियाणा ने अपनी करिश्माई और कई बार की वर्ल्ड चैंपियन यूई सुसाकी के जरिए जवाब दिया, जिन्होंने सारिका पर शानदार टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत हासिल करके स्कोर 2-2 कर दिया। दिल्ली ने 86 किग्रा पुरुषों के मुकाबले में बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब एशियन चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट वफ़ाईपुर हादी बख्तियार ने आशिरोव अशरफ़ को 11-0 से हराया, इससे पहले हरियाणा ने अक्षय के जरिए जोरदार वापसी की, जिन्होंने 57 किग्रा पुरुषों के मुकाबले में दिल्ली के अमित को तकनीकी आधार पर हरा दिया। इसके बाद हैवीवेट मुकाबला अहम साबित हुआ, जिसमें रौनक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनिरुद्धको 12-2 से हराया, जिससे दिल्ली 4-3 से आगे हो गई। हरियाणा ने हार नहीं मानी, और नेहा ने 57 किग्रा महिलाओं के मुकाबले में अंजलि को पिन करके फाइनल को जिंदा रखा।




## आर्सेनल महिला टीम ने जीता पहली बार फीफा चैंपियंस कप



**लंदन, वार्ता।** आर्सेनल महिला टीम ने ब्राजील की एससी कोरिथियंस पर अतिरिक्त समय में 3-2 से रोमांचक जीत के साथ पहला फीफा महिला चैंपियंस कप जीता। एमिरेट्स स्टेडियम में रविवार को खेले गए मुकाबले में सबस्टिट्यूट कैटलिन फोर्ड ने 104वें मिनट में निर्णायक गोल किया। आर्सेनल ने 15वें मिनट में ओलिविया स्मिथ के जरिए स्कोरिग शुरू की, लेकिन कोरिथियंस ने तेजी से जवाब दिया और गैबी जानोटी ने बराबरी कर ली। लोटे वुबेन-मोय ने ब्रेक के बाद हेडर से आर्सेनल की बढ़त वापस ला दी, लेकिन विक अल्बुकर्क ने ब्राजीलियाई चैंपियंस के लिए पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच को अतिरिक्त समय के लिए मजबूर कर दिया। मैच के बाद फोर्ड ने कहा कि इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराना अच्छा है। आर्सेनल की कैप्टन किम लिटिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने कहा कि क्लब के घरेलू मैदान पर ट्रॉफी उठाने से यह उपलब्धि 'एक्स्ट्रा स्पेशल' हो गई। इससे पहले, यूनाइटेड स्टेट्स की गोथम एफसी ने उसी जगह पर मोरक्को की एज फार को 4-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के संबंध में जनपद के विभिन्न राजनी. तिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने प्रारूप 6, प्रारूप 7 और प्रारूप 8 भरवाने को लेकर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आपत्तियों की सुनवाई एवं नोटिस जारी करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में दिशा निर्देशों को लेकर भी जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि बिलारी, ठाकुरद्वारा, कुंदरकी और कांठ विधानसभा क्षेत्र में प्रारूप 6 भरवाने में तेजी लाने की जरूरत है, इसमें



राजनीतिक दलों का सहयोग महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 6 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएगी तथा 27 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण का कार्य चलेगा। इस प्रकार 6 मार्च 2026 को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती संगीता गौतम भी मौजूद रहीं।

# गोशाला की व्यवस्था को लेकर उठाए गो रक्षकों ने सवाल, आखिर कौन करेगा इसकी देखभाल

**कांठ (शाह टाइम्स)।** गौशाला में चल रही अव्यवस्थाओं को लेकर गौ सेवकों ने सवाल खड़े किए और कहा कि आखिर इसकी देखभाल का जिम्मेदार कौन है। गौ सेवा गतिविधि की टीम विकास शर्मा के नेतृत्व में आज सादकपुर खिचड़ी गौशाला पहुंची और वहां जाकर गोवंश की हालत पर दुख व्यक्त किया उन्होंने बताया कि इस गौशाला में लगभग 325 पशु रखे गए हैं जिन्हें हरा चारा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कुछ ग्राम प्रधानों को दी गई है इसके लिए ग्राम समाज की जमीन भी उपलब्ध कराई गई है लेकिन गोवंश को हरा चारा नहीं मिल रहा है 5 दिन पहले जो हरे चारे के चार पूले आए थे वह अभी तक गौशाला में रखे हुए सूख रहे हैं बताया कि कांठ क्षेत्र में सात गौशालाएं बनाई गई हैं हर गौशाला में एक नोडल अधिकारी की



नियुक्ति की गई है। जिनका कार्य गौशाला में रह रहे निराश्रित गोवंशों के लिए आ रही समस्याओं का निस्तारण करना है परंतु अधिकांश नोडल अधिकारियों ने अभी तक अपनी अपनी गौशालाओं का निरीक्षण तक नहीं किया है सिरसा ठाट एवं रमपुरा की गौशालाओं की बाउंड्री टूटी हुई है पशु गौशालाओं से निकलकर निकट के खेतों में फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।

लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा उन्होंने कहा कि आखिर गौशाला की देखभाल करने की जिम्मेदारी किनकी है।

## एक नजर

### शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना स्वागत योग्य: गौरव यादव

**कांठ( शाह टाइम्स )**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट प्राथमिक संवर्ग मुरादाबाद के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार



द्वारा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा की सौगात देने का कदम स्वागत योग्य हैं और हम सभी मुख्यमंत्री को समस्त शिक्षकों ,शिक्षामित्र ,अनुदेशकों रसोइयों और उनके परिवार की ओर से धन्यवाद करते हैं ।सरकार का यह कदम सराहनीय है ।पूर्व में भी इस योजना के लिए आदेश आए थे लेकिन वह शिक्षक हित में नहीं था। इसके लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश द्वारा इस विषय को सरकार के समक्ष विभिन्न मंचों पर रखा गया था।हमारे संगठन की आवाज को साकार कर शिक्षक हित में निर्णय लिया है ।हम उसका स्वागत करते हैं ।कैशलेस इलाज के दायरे में शिक्षा मित्रों,अनुदेशकों और रसोइयों को भी रखा गया है जो बेहतर कदम है।

### विशाल हिंदू सम्मेलन में एकजुटता पर जोर कहा क्रांतिकारियों की कुर्बानी को रखे हमेशा याद



**कांठ ( शाह टाइम्स )** विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन मुख्तियारपुर नवादा गांव के पधान फार्म हाउस पर किया गया जिसमें आए मुख्य अतिथि अमित आजाद और मुख्य वक्ता स्वामी संकल्प देव जी ने हिंदुत्व की रक्षा किए जाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि जाति पाति भुलाकर समस्त हिंदुओं को एक जुटता का परिचय देना चाहिए तभी हिंदुत्व की रक्षा कर सकेंगे। महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के पुत्र अमित आजाद ने कहा कि हिंदुस्तान को आजाद कराने के लिए हजारों क्रांतिकारियों ने अपनी जान की कुर्बानी दी हमें उनकी कुर्बानी को हमेशा याद रखना होगा। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने हिंदुत्व की रक्षा किए जाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठन हुआ कार्यक्रम में गुरु अरविंद भावेश शर्मा मास्टर रामकुमार सिंह चंद्रपाल सिंह विजयपाल सिंह राजपाल सिंह राजेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

### मिस्त्री की दुकान में चोरी, 50 हजार का सामान ले गए चोर

**चन्दौसी।** बीती रात पथरा मोड़ निकट मई गांव में भट्टे के पास स्थित एक मिस्त्री की दुकान में अज्ञात चोरों ने कूमल लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी का पता दुकान मालिक राजेश कुमार को उस समय चला, जब वह सुबह करीब 09 बजे दुकान खोलने पहुंचे। राजेश कुमार ने बताया कि उनकी कार रिपेयरिंग की दुकान है, जिसे वह रोजाना की तरह बंद कर घर चले गए थे। रात में चोरों ने दुकान के पीछे से कूमल लगाकर अंदर प्रवेश किया और वैक्यूम क्लीनर, एक अल्टीनेटर, दो वर्मा की मोटर तथा लगभग 40 फीट कॉपर लीड वायर सहित करीब 50 हजार रुपये कीमत का सामान चोरी कर ले गए।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें अज्ञात चोर बदायूं दिशा की ओर से आते दिखाई दिए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान व तलाश में जुटी हुई है।

# भाकियू ने तहसील में मासिक पंचायत कर किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कांठ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत का आयोजन आज तहसील में किया गया जिसमें गन्ना मिलो द्वारा किसानों को उनकी जमीन के अनुसार गन्ना नही बौने दिए जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई कहा कि गन्ना मिलो द्वारा स्वीकृत गन्ना प्रजाति को भी बौने से किसानों को रोका जा रहा है जो की उत्पादन में अच्छी है। गन्ना तोल के लिए दो और टोल मोड जोड़े जाने की मांग की गई कहा कि एक 63 कुंतल मिल गेट के लिए और 27 कुंतल क्रय केंद्र के लिए होना चाहिए जिससे 18 और 27 कुंटल का मोड होने से किसान का परिवहन और छुलाई खर्च घट सके गन्ना विभाग द्वारा किसानों को बीज समय से उपलब्ध कराया जाए जिनका उत्पादन अधिक हो कांठ में स्कूल के आने और जाने के समय खनन और गन्ने के ट्रैकों का संचालन उतनी देर के लिए बंद हो जाए जिससे बच्चों की जान को खतरा न रहे।



सभी स्कूल प्रबंधन से वार्ता कर स्कूल के आने-जाने का समय सुनिश्चित करते हुए इस समय अवधि का पालन किया जाना चाहिए। कांवड़ पथ पर सड़क के दोनों ओर डाले जा रहे कूड़े को शिवरात्रि के लिए प्रत्येक वर्ष सफाई करने के नाम पर ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव जेसीबी चलवा कर उसे खेतों में धकेलते हैं। जिससे खेत स्वामियों को इससे हानि होती है और कूड़े में शामिल प्लास्टिक और कांच खेतों में पहुंच जाता है इस पर रोक लगाई जाए। विद्युत आपूर्ति नियम अनुसार नहीं की जा रही है शेड्यूल के अनुसार बिजली दी जाए स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं पर दबाव ना दिया जाए और स्वेच्छा से किसी के परिसर में मीटर लगाया जाए विद्युत विभाग की तानाशाही से हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जानी चाहिए हरिद्वार मार्ग के चौड़ी करण को शीघ्र पूरा कराया जाए जिससे दोनों साइड गहरी होने से हो रहे हादसों को रोका जा सके कहा कि सभी समस्याओं का प्रशासन द्वारा तत्काल समाधान कराया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन टिकैत आंदोलन को मजबूर होगी।

इस मौके पर तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह बिश्नोई हरदीप सिंह जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह अरविंद बिश्नोई जॉनी महेश ठाकुर भविष्य बिश्नोई पंकज कुमार नंदकिशोर सिंह अंश सिंह आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पर्व होली समिति की बैठक में 88वीं रंग एकादशी शोभायात्रा को लेकर की गई चर्चा



**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय पर्व होली समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को संरक्षक आजाद कुमार टंडन के आवास टीडीआई सिटी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राकेश कुमार टंडन ने की। बैठक में आगामी 88वीं भव्य रंग एकादशी शोभायात्रा के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि 88वीं रंग एकादशी शोभायात्रा दिनांक 27 फरवरी, शुक्रवार को निकाली जाएगी। शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए इसमें आठ आकर्षक झांकियां, छह ढोल, दो बैंड तथा चार घोड़े पर सवार स्वरूप शामिल किए जाएंगे, जो नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।शोभायात्रा का शुभारंभ खत्री धर्मशाला, बाजीगरान से दोपहर 2 बजे किया जाएगा। यह शोभायात्रा मंडी चौक, अमरोहा गेट, चमक का पुल, गंज गुरहट्टी चौराहा, ताड़ीखाने का चौराहा होते हुए बुध बाजार पुलिस चौकी पर संपन्न होगी।बैठक में विजय कुमार टंडन, मुकेश टंडन, संजीव टंडन, कृष्ण मुरारी त्रिपाठी, गोपाल टंडन, राजेंद्र कुमार टंडन, हर्षित अरोड़ा, शिवम टंडन, दिनेश कपूर, जगदंबा प्रसाद शर्मा, आजाद कुमार टंडन, राजीव टंडन, सुधीर पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभा का संचालन महामंत्री रवि मेहरोत्रा ने किया।

# 25 दिन बाद भी खत्म नहीं हुई हड़ताल, वकीलों का प्रदर्शन जारी



**कांठ ( शाह टाइम्स )** तीन हफ्ते बीत जाने के बाद भी चल रही वकीलों की हड़ताल अभी खत्म नहीं हुई है।

वकीलों द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी है और जिम्मेदार आंख मूंद कर बैठे हुए हैं सभी जानते हैं कि करीब 25 दिन पहले प्राइवेट कर्मचारी और अधिवक्ता के बीच हुई कहासुनी हाथापाई के बाद वकीलों ने तहसीलदार के खिलाफ हड़ताल कर दी और उनकी अदालत के न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया था। समझौता नहीं हुआ तो वकीलों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए प्रतिदिन तहसील स्तरीय अधिकारियों के कार्यालय के सामने नारेबाजी कर अपना विरोध जताना शुरू कर दिया जो कि आज करीब 3 हफ्ते बीत जाने के बाद भी जारी रहा आज भी अधिवक्ता निर्धारित समय पर इकट्ठा होकर तहसील में पहुंचे और अधिकारियों के कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा साधी जा रही चुप्पी को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हड़ताल से क्षेत्र के लोगों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

# यूजीसी बिल के विरोध में क्षत्रिय सभा का विरोध मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** सोमवार को श्री करणी सेना एव क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए यूजीसी बिल के खिलाफ मनकरा मोड़ पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन कर अनित ठाकुर क्षत्रिय महासभा युवा जिलाध्यक्ष ने मूंढापांडे क्राइम इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार को ज्ञापन दिया है,दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि केन्द्र सरकार इस काले कानून को वापस ले, और अगर केंद्र सरकार ये कानून वापस नहीं लेती है तो सभी स्वर्ण समाज खुलकर इस कानून का विरोध करेगा,श्री करणी सेना के जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान ने बताया कि ये लड़ाई हमारी प्रदेश की भाजपा सरकार या इस सरकार के मुखिया से नहीं है, हमारी लड़ाई केन्द्र सरकार द्वारा स्वर्ण समाज पर थोपे गए इस काले कानून के खिलाफ है,इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के युवा जिलाध्यक्ष अनित ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट सचिन ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष मूढापांडे राजीव चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रंजीत सिंह, रंजीत चौहान, चौहान,ग्राम प्रधान मिलक विशाट उदय पाल सिंह,रिंकू ठाकुर,पवन सेरिया, सो. मिल ठाकुर, रवि ठाकुर, अखिल चौहान, सत्यभान सिंह, कृष्णापाल सिंह, संजीव राजपूत, ऋषभ ठाकुर, डॉ श्रीपाल सिंह, यशपाल पहलवान, मनोज ठाकुर, सौरभ ठाकुर, कुंवरपाल आदि क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### मांग दिवस पर डीआरएम कार्यालय पर रेल कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन




**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय मांग दिवस के अवसर पर सोमवार को मंडल के रेल कर्मचारियों ने इसे "संघर्ष दिवस" के रूप में मनाते हुए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के गेट पर भोजनावकाश के दौरान जोरदार गेट मीटिंग की। कार्यक्रम कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा के आह्वान पर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी और पदाधिकारी शामिल हुए।सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कॉमरेड मनोज शर्मा ने की तथा संचालन सहायक मंडल मंत्री कॉमरेड सुहैल खालिद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मंडल मंत्री कॉमरेड राजेश चौबे ने कहा कि रेल कर्मचारी किसी सुविधा की भीख नहीं मांग रहा, बल्कि अपने छीने गए अधिकारों का हिसाब मांग रहा है।

उन्होंने 8वें वेतन आयोग में हो रही देरी, रिक्त पदों पर भर्ती न होना, बढ़ता कार्यभार, निजीकरण, निगमीकरण, लंबी ड्यूटी और पेंशन संबंधी मुद्दों पर तीखा हमला बोला।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अन्य वक्ताओं ने भी संगठन की एकजुटता और भविष्य की रणनीति पर प्रकाश डाला। सभा में लगभग 350 से अधिक रेल कर्मचारी व पदाधिकारी मौजूद रहे और संघर्ष को निर्णायक मोड़ तक ले जाने का संकल्प लिया गया।

## शब-ए-बारात को लेकर एसपी सिटी ने की गोष्ठी, सौहार्दपूर्ण आयोजन की अपील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी शब-ए-बारात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के द्वारा अपने कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में नगर क्षेत्र के समस्त क्षेत्राधिकारी, संभ्रांत नागरिक, विभिन्न धर्मगुरु तथा पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों से आपसी भाईचारे, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शब-ए-बारात का पर्व आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसे सभी को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने की भी अपील की गई।गोष्ठी में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा पर्व के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पीस कमेटी के सदस्यों एवं धर्मगुरुओं ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को शांति एवं सद्भाव का संदेश देंगे।

अंत में पुलिस अधीक्षक नगर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शब-ए-बारात को सकुशल संपन्न कराने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

# यूजीसी को लेकर राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा 15 जनवरी 2025 को अधिसूचित यूजीसी रेगुलेशन 2028 के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि यूजीसी रेगुलेशन 2028 को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है, जो गंभीर संवैधानिक एवं विधिक प्रश्न खड़े करता है। पार्टी का आरोप है कि यह अधिसूचना उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव रोकने के उद्देश्य से लाई गई, लेकिन इसमें एससी/एसटी, ओबीसी एवं दिव्यांग छात्रों के अधिकारों पर विशेष बल देते हुए सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों और संवैधानिक संरक्षण की पूरी तरह अनदेखी की गई है। यह संविधान के अनुच्छेद 14, 15 एवं 21 में निहित समानता के सिद्धांत के विपरीत है।पार्टी ने यह भी कहा कि यह नियम समान अवसर के सिद्धांत को कमजोर करता है तथा संविधान की मूल भावना के खिलाफ प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त, अधिसूचना में झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर कोई दंडात्मक प्रावधान नहीं है, जिससे इसके दुरुपयोग की गंभीर आशंका बनी हुई है। कई राज्यों में इसके लागू होने से शैक्षणिक परिसरों में भय और असंतोष का माहौल बन रहा है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सामान्य वर्ग देश की लगभग 40 से 50 करोड़ जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका शिक्षा, प्रशासन और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पार्टी ने मांग की कि यूजीसी की इस अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और सभी वर्गों के छात्रों के अधिकारों को समान रूप से ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष एवं संविधान सम्मत नीति बनाई जाए। मांगें न माने जाने पर पार्टी ने लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से आंदोलन की चेतावनी दी है।






Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुरक्षा पर सवाल

लोकसभा में सोमवार को उस समय भारी हंगामा देखने में आया, जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे का हवाला देते हुए यह कह डाला कि चार चीनी टैंक लद्दाख की सीमा में आ गए हैं। यह उस समय की बात है जब 2024 में चीनी सेना के साथ भारतीय सेना की डोकलाम में झड़प हो गई थी। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृहमंत्री अमित शाह ने उनको टोका। लोकसभा स्पीकर ने भी नियमों का हवाला देते हुए उनको ऐसा न कहने के लिए कहा, लेकिन राहुल गांधी करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। शोर-शराबा होते देख कई बार लोकसभा को स्थगित किया गया। अगर गिनती की बात करें, राहुल गांधी को राजनाथ सिंह ने 11 बार, देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 4 बार, किरेन रिजिजू ने दो बार और अनुराग ठाकुर ने उनको 6 बार रोका, लेकिन राहुल गांधी यही कहते रहे कि डोकलाम में चीनी टैंक भारत की सीमा में पहुंच गए हैं। अपने दावे के रूप में उनका कहना था कि वह यह बात एक मैगजीन के आर्टिकल के हवाले से कह रहे हैं, जिसमें पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब को कोट किया गया है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खड़े होकर कहा कि अगर ये बातें प्रकाशित हुई हैं, तो इसका जिक्र करें नहीं तो छोड़ दें। इस पर राहुल अपनी चिर-परिचित आक्रामक शैली में आ गए और बोले कि आप सब ध्यान से सुनें इससे पता चल जाएगा कि कौन देशभक्त है और कौन नहीं। राहुल के अनुसार चार टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे और वे कुछ सौ मीटर ही दूर थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी बात पर अड़े रहे कि राहुल बताएं कि क्या यह किताब प्रकाशित हुई है या नहीं। इससे लोकसभा में हंगामा शुरू हो गया। राहुल का दावा है कि नरवणे की किताब में रक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री का जिक्र है मैं यही बता रहा हूं। राहुल का यह भी कहना था कि जो मैं कहना चाह रहा हूं, यह सब पूर्व जनरल नरवणे ने कहा है, लेकिन उनकी किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया। इस पर अमित शाह ने कहा कि राहुल ने खुद ही कह दिया कि पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है अब बात ही खत्म हो जाती है। लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने राहुल का माइक ही बंद करा दिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा कि यह चीन का सवाल देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, राहुल को पढ़ने देना चाहिए। असल में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने फॉर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी नामक किताब लिखी है जो अभी पब्लिश नहीं हुई है, इससे हार्ड कवर अप्रैल 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। इस किताब में भारतीय सेना की 2020 की झड़पों के साथ-साथ अग्निवीर योजना को रिव्यूव किया गया है। जाहिर है उनकी किताब तभी छप सकती है जब रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय इसकी मंजूरी नहीं दे रहा, तो सवाल तो उठेंगे ही।

## अल्पसंख्यकों के वोट कटवाने की कोशिश



भाजपाई घपलेबाज खुद फार्म-7 छापकर व नकली हस्ताक्षर कराकर पीडीए समाज के मतदाताओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के वोट कटवाने की कोशिश कर रहे हैं, यह बात लगभग सभी को पता है, लेकिन निर्वाचन आयोग की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है, बार-बार अपील के बावजूद एसआईआर प्रक्रिया में फार्म-7 से जुड़ी कथित धांधली रूक नहीं रही हैं, फार्म-7 का गैरकानूनी इस्तेमाल बड़ा अपराध है और चुनाव आयोग को चाहिए कि वह सार्वजनिक विज्ञापन जारी कर इसके दुरुपयोग पर होने वाली सजाओं की जानकारी दे, ताकि दोषियों और उनके सहयोगियों को स्पष्ट चेतावनी मिल सके, पार्टी के पीडीए-प्रहरी और जागरूक मतदाता इस कथित फर्जीवाड़े का पर्दाफोड़ कर रहे हैं, लेकिन आयोग को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# सस्ती तकनीक व नागरिक तक पहुंच, एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

**सुशील पाल**



कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है।


लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ए सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है। भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है- ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके। इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा। भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रूपए प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100 प्रतिशत) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं। भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के। आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा। इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।

**( लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं )**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दवाई ऐसी जो डेंगू से दे सकती है राहत



जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने अपने हालिया प्रयास में एक एंटीवायरल दवा का परीक्षण किया है जिससे डेंगू वायरस को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। वर्तमान टीकों की सीमाओं के मद्देनजर यह प्रयास काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह एक विशेष किस्म का परीक्षण था जिसे मानव चुनौती परीक्षण कहते हैं। इसमें चंद स्वस्थ व्यक्तियों को पहले जानबूझकर वायरस से संक्रमित किया जाता है और फिर इलाज किया जाता है।

जेएनजे-1802 नामक इस दवा ने शुरुआती परीक्षणों में डेंगू संक्रमण को रोकने में काफी अच्छे परिणाम दिए हैं। 31 प्रतिभागियों पर इस दवा की उच्च खुराक वायरस के खिलाफ एक मजबूत ढाल साबित हुई। इसमें से कुछ प्रतिभागी तो संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित रहे जबकि अन्य में वायरस की प्रतिलिपियां बनाने की दर काफी कम देखी गई। यह परिणाम अमेरिकन सोसायटी ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड हाइजीन की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि जेएनजे-1802 वायरस के दो प्रोटीनों के बीच एक जरूरी अंतर्क्रिया को रोकने का काम करती है। डेंगू वायरस की प्रतिलिपियां बनने के लिए यह अंतर्क्रिया अनिवार्य होती है। वर्तमान डेंगू टीकों की तुलना में यह नया तरीका काफी प्रभावी है। पुराने टीकों के साथ समस्या थी कि महीनों तक इनकी कई खुराक लेना पड़ता था और तो और, मनुष्यों को संक्रमित करने वाले चार अलग-अलग डेंगू सीरोटाइप के खिलाफ यह टीके समान रूप से प्रभावी भी नहीं थे, लेकिन जेएनजे-1802 प्रकोप के दौरान जल्द से जल्द सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। वैज्ञानिकों के अनुसार भविष्य में यह डेंगू नियंत्रण का एक अमूल्य साधन बन सकता है। फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ। इस कारणवश इस संस्करण को टीके के विकास में नहीं लिया गया। फिर भी, जॉन्स हॉपकिन्स युनिवर्सिटी की वैज्ञानिक एना डर्बिन और उनकी टीम ने इस संस्करण को एक चुनौती के रूप में देखा। इस संस्करण से पीड़ित लोगों में उन्होंने लगातार वायरस प्रतिलिपिकरण पाया जो प्राकृतिक वायरस के जितनी प्रतिलिपियां बनाता था। इसके संपर्क में आने वाले 90 से 100 प्रतिशत व्यक्तियों में एक विशिष्ट प्रकार की फुंसियां बनती हैं। इससे श्वेत रक्त कोशिका और प्लेटलेट की संख्या कम तो होती है लेकिन खतरनाक स्तर तक नहीं। यहां एक आश्चर्य की बात यह है कि शोधकर्ताओं ने संक्रमित मच्छरों का उपयोग करने की बजाय वायरस को सीधे इंजेक्शन से देने का विकल्प क्यों चुना। इस मामले में डर्बिन ने स्पष्ट किया कि चयनित संस्करण मच्छरों के शरीर में कुशलतापूर्व प्रतिलिपियां नहीं बनाता था। यह बाह्य रोगियों पर अध्ययनों के लिए एक आदर्श था। इसके चलते मच्छरों द्वारा वायरस फैलाए जाने की चिंता नहीं रही। दूसरी बात यह है मच्छर द्वारा प्रसारित हो तो वायरस की सटीक मात्रा निर्धारित करना मुश्किल है। इंजेक्शन ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागी संक्रमित हो गए हैं। आने वाले समय में जेएनजे-1802 के विविध उपयोगों को समझने का प्रयास किया जा रहा है। यह यात्रियों, सैन्य कर्मियों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों के लिए रोकथाम के एक उपाय के रूप में काम कर सकता है। इसके अलावा, शोधकर्ता सक्रिय डेंगू संक्रमण के इलाज के लिए इस दवा की चिकित्सकीय क्षमता की खोज कर रहे हैं। हालांकि अभी भी इस विषय में काफी काम बाकी है फिर भी इस अध्ययन के नतीजे एक ऐसे भविष्य की आशा प्रदान करते हैं जहां डेंगू का अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा।

**...स्रोत फीचर्स**

**फिलहाल इसका दूसरा चरण एक प्लेसिबो-तुलना चरण है जिसमें लैटिन अमेरिका और एशिया के लगभग 2000 वालंटियर्स शामिल हो रहे हैं। उम्मीद है कि इसके परिणाम 2025 तक मिल जाएंगे। इस अध्ययन में उपयोग किए गए डेंगू वायरस संस्करण का चयन भी काफी दिलचस्प है। यह वही स्ट्रेन है जिसने 1970 के दशक में इंडोनेशिया में हल्के शारीरिक लक्षण उत्पन्न किए थे। 2000 के दशक की शुरुआत में, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ ने इस संस्करण को कमजोर करके और इसमें विशिष्ट संशोधन करके इसे उम्मीदवार टीके के रूप में उपयोग किया था। लेकिन जब इसे गैर-मानव प्रायमेट्स को दिया गया, तो वायरस कमजोर साबित नहीं हुआ।**

# मदर ऑफ ऑल डील्स को कैसे प्रभावी बनाए सरकार



**विनीत नारायण**



भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, जिसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' के रूप में जाना जा रहा है, 27 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ है। यह समझौता लगभग दो दशकों की लंबी वार्ताओं का परिणाम है और इसमें 2 अरब से अधिक की आबादी तथा 27 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था शामिल है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहा है, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे वैश्विक व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा कवर करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। यह समझौता भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर प्रदान करता है, विशेषकर ऐसे समय में जब अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात प्रभावित हो रहा है। हालांकि, इसे प्रभावी बनाने के लिए सरकार को रणनीतिक कदम उठाने होंगे, जिसमें अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

इस समझौतेके तहत यूरोपीय संघ भारत में निर्यात होने वाले 96.6 प्रतिशत सामानों पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा, जिससे यूरोपीय कंपनियों को सालाना लगभग 4 बिलियन यूरो (लगभग 4.7 बिलियन डॉलर) की बचत होगी। भारत ने यूरोपीय संघ को 102 सेवा उप-क्षेत्रों में पहुंच प्रदान की है, जबकि यूरोपीय संघ ने भारत को 144 उप-क्षेत्रों में अवसर दिए हैं, जिसमें वित्तीय, समुद्री और दूरसंचार सेवाएं शामिल हैं। ऑटोमोटिव क्षेत्र में यूरोपीय कारों पर वर्तमान 110 प्रतिशत टैरिफ को धीरे-धीरे 10 प्रतिशत तक कम किया जाएगा। भारत के लिए यह समझौता टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग निर्यात को बढ़ावा देगा। अनुमान है कि यह समझौता 2032 तक यूरोपीय संघ के भारत में निर्यात को दोगुना कर देगा। साथ ही, यह अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा, जहां भारत के श्रम-गहन निर्यात प्रभावित हो रहे हैं।

माना जा रहा है कि यह समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया'योजनाओं के साथ तालमेल बैठाता है। यह न केवल निर्यात को बढ़ाएगा बल्कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, निवेश और रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहित करेगा। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ के साथ समझौता भारतीय एमएसएमई को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का अवसर देगा। हालांकि, इसके लाभों को अधिकतम करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। यहां जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरुण कुमार की चेतावनियां प्रासंगिक हैं। प्रोफेसर कुमार, जो काले धन और आर्थिक नीतियों के विशेषज्ञ हैं, ने भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को 'अमेरिका जैसा एक और जाल' बताया है।उन्होंने असमान शर्तों, घरेलू उद्योगों विशेषकर कृषि और डेयरी पर जोखिम, व्यापार घाटे में वृद्धि, नीति स्थान की हानि और दीर्घकालिक आर्थिक निर्भरता की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि पिछले एफटीए में भागीदारों को अधिक लाभ हुआ है, और निवेश नियमों, नियामक संरेखण तथा बाजार बाढ़ से आत्मनिर्भरता कमजोर हो सकती है। उन्होंने अमेरिकी व्यापार समझौतों से सबक लेने की सलाह दी है, जहां कृषि बाजार खोलने की मांग भारत के लिए कठिन है। इन चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए, सरकार को रचनात्मक कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। समझौते में डेयरी और कुछ कृषि उत्पादों को बाहर रखा गया है, लेकिन कुमार की चेतावनी के अनुसार, बाजार बाढ़ से बचने के लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित करें। सरकार कृषि क्षेत्र में सब्सिडी और समर्थन को मजबूत करे, जैसे कि फसल बीमा और बाजार लिंकेज को बढ़ावा देकर। साथ ही, एग्रीस्टैक जैसी डिजिटल पहलों को तेज करें ताकि किसान वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन कर सकें।

दूसरा, एमएसएमई और छोटे उद्योगों की तैयारी पर फोकस करें। प्रोफेसर कुमार की निर्भरता की चेतावनी को संबोधित करने के लिए, उत्पादन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को विस्तार दें, विशेषकर टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स में। एमएसएमई को क्रेडिट पहुंच, कौशल विकास और निर्यात प्रशिक्षण प्रदान करें। यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त निवेश कोष स्थापित करें जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर केंद्रित हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' मजबूत हो सके। तीसरा, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी मानकों का अनुपालन। यूरोपीय संघ का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम), जो 1 जनवरी 2026 से पूर्ण रूप से लागू है, भारतीय स्टील और एल्यूमिनियम पर कार्बन टैक्स लगा सकता है, जिससे निर्यातकों को 22 प्रतिशत तक कीमत कम करनी पड़ सकती है। सरकार को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाकर, जैसे कि 500 जीडब्ल्यू सौर लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर, इस चुनौती का सामना करना चाहिए। सीबीएएम-अनुपालन प्रमाणन प्रणाली विकसित करें और यूरोपीय संघ के साथ संयुक्त हरित प्रौद्योगिकी परियोजनाएं शुरू करें। चौथा, व्यापार घाटे को संतुलित करने के लिए विविधीकरण। प्रोफेसर कुमार की व्यापार घाटे की चेतावनी को देखते हुए, सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश करे, जैसे कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका। साथ ही, समझौते के तहत निवेश नियमों को मजबूत करें ताकि नीति स्थान सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय निवेश बोर्ड को सक्रिय करें जो विदेशी निवेश की समीक्षा करे और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। पांचवां, मानव संसाधन और प्रवासन पर फोकस। समझौता प्रवासन और मोबिलिटी फ्रेमवर्क से जुड़ा है, जो 'टैलेंट एंड सिक्योरिटी' पर केंद्रित है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रमों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए, जैसे कि आईटी और इंजीनियरिंग में। इससे युवा रोजगार बढ़ेगा और ब्रेन ड्रेन को रोका जा सकेगा। इन सुझावों से, सरकार यदि चाहे तो प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को अवसर में बदल सकती है। समझौता वैश्विक अनिश्चितताओं, जैसे कि अमेरिकी टैरिफ और चीन से व्यापार विचलन के बीच, भारत को रणनीतिक लाभ देगा। अनुमान है कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को 41-65 प्रतिशत बढ़ाएगा और जीडीपी में 0.12-0.13 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। यह चीन से व्यापार विचलन (5-9 प्रतिशत) को बढ़ावा देगा, जो यूरोपीय संघ की डी-रिस्किंग और भारत की विविधीकरण रणनीति से मेल खाता है। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जाने का माध्यम बन सकता है। कबीरदास के दोहे, 'निंदक नियरे राखिए, ऑंगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।।' को ध्यान में रखते हुए सरकार को प्रोफेसर कुमार की चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए और संतुलित और समावेशी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत ने बांग्लादेश की मदद घटाकर आधी की

## अब 60 करोड़ देंगे, मालदीव-म्यांमार का भी फंड कटा, भूटान को बढ़ाकर 2288 करोड़ किया



■ यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है
■ 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाक से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में बांग्लादेश को दी जाने वाली मदद में बड़ी कटौती की है। इस साल बांग्लादेश के लिए सिर्फ 60 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जबकि पिछले साल 120 करोड़ रुपये दिए गए थे।

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में तनाव चल रहा है। इसकी वजह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हिंसा और वहां की विदेश नीति में बदलाव है। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश ने पाकिस्तान से संबंध मजबूत करने शुरू किए हैं। बांग्लादेश के अलावा मालदीव को 550 करोड़ रुपये मिलेंगे, लेकिन यह पिछले साल से कम है। म्यांमार के लिए 300 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो पहले से कम हैं। इस बजट में भारत ने भूटान के लिए 2288.55 करोड़ रुपये रखे हैं, जो पिछले साल से करीब 138 करोड़ रुपये ज्यादा हैं। भारत ने बजट में अफ्रीकी देशों के लिए 225 करोड़ रुपये, लैटिन अमेरिकी देशों के लिए 120 करोड़ रुपये और यूरेशियन देशों के लिए 38 करोड़ रुपये रखे हैं। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि इन रीजन के किस देश को कितना पैसा दिया जाएगा। भारत सरकार ने 2026-27 के लिए विदेश मंत्रालय का कुल बजट करीब 22118 करोड़ रुपये रखा है। इसमें दफ्तर चलाने का खर्च और दूसरे जरूरी कामों का पैसा दोनों शामिल हैं। यह रकम पिछले साल के मुकाबले थोड़ी ज्यादा है। विदेश मंत्रालय के तहत सचिवालय, विदेशों में बने दूतावास और मिशन, पासपोर्ट और इमीग्रेशन से जुड़े कामों पर भी पैसा खर्च होता है। इन सब पर सरकार करीब 9,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा भारत दूसरे देशों को आर्थिक मदद भी देता है। इसके लिए 2026-27 के बजट में 5685.56 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह रकम पिछले साल से लगभग 100 करोड़ रुपये कम है। पिछले साल यानी 2025-26 में इस मद के लिए 5785.40 करोड़ रुपये रखे गए थे।

## लॉर्ड मैंडेलसन ने एपस्टीन से संबंधों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी से इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमेरिका में पूर्व राजदूत लॉर्ड पीटर मैंडेलसन ने दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ अपने पिछले संबंधों के बारे में नए खुलासे के बाद सत्तारुढ़ लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मैंडेलसन कहा कि उन्होंने लेबर सरकार को और शर्मिंदगी से बचाने के लिए पार्टी छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने एपस्टीन के साथ अपने संबंधों की जानकारी देने वाले ईमेल सामने आने के बाद पिछले साल अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के पद से इस्तीफा दे दिया था। मैंडेलसन ने पार्टी के महासचिव को लिखे एक पत्र में लिखा कि इस सप्ताहांत जेफरी एपस्टीन को लेकर हो रहे हंगामे से मेरा नाम और जोड़ा गया है और मुझे इस पर अफसोस है। पत्र के कुछ हिस्से मीडिया में भी छपे।



**शिमला। कुल्लू जिले में बर्फ से ढकी सोलांग घाटी में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग सहित शीतकालीन और साहसिक खेलों का आनंद लेते पर्यटक।**

## ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च के निर्माण का समर्थन किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राजधानी वॉशिंगटन, डीसी में दुनिया के सबसे बड़े ट्रायम्फल आर्च (स्मारक द्वार) के निर्माण के प्रस्ताव का समर्थन किया है। ट्रम्प ने रविवार को एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि आर्च 'सबसे बड़ा' हो और उन्होंने अमेरिका को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बताया। उन्होंने कहा, '200 वर्षों के लिए वह एक आर्च बनाना चाहते थे,' और राजधानी के स्वरूप को बदलने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने प्रस्ताव को वैश्विक नजरिए से देखते हुए कहा कि दुनिया भर के लगभग 57 शहरों में पहले से ही ट्रायम्फल आर्च हैं।

# भारत-ईयू डील से पाक में एक करोड़ नौकरियां खतरे में

## पाकिस्तानी नेता बोलेः हमारा जीरो-टैरिफ हनीमून खत्म, अरबों डॉलर के नुकसान का खतरा



■ सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें

**इस्लामाबाद।** भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से पाकिस्तान में 1 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। उसे अरबों डालर के नुकसान का भी डर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस समझौते को लेकर गुरुवार को कहा कि वह ईयू के अधिकारियों के संपर्क में है। वो ये समझने की कोशिश कर रहा है कि भारत-ईयू एफटीए का उसके निर्यात पर क्या असर पड़ेगा। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व वाणिज्य मंत्री गोहर एजाज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईयू के साथ पाकिस्तान का 'जीरो-टैरिफ हनीमून' खत्म हो गया है और करीब एक करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। सरकार उद्योगों को सस्ती बिजली, कम टैक्स और आसान कर्ज दे, ताकि वे दूसरे देशों की इंडस्ट्री से मुकाबला कर सकें।

भारत और (ईयू) ने 27 जनवरी को एफटीए पर साइन किए थे। इस समझौते से दो ऐसी अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आई हैं, जो दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी, 25 प्रतिशत ग्लोबल जीडीपी और करीब 2 अरब लोगों का साझा मार्केट बनाती हैं। पाकिस्तान इस डील से परेशान इसलिए है क्योंकि लंबे समय से उसे यूरोपीय मार्केट में भारत पर बढ़त हासिल थी। इसकी वजह ईयू की जीएसपी प्लस योजना थी। इस योजना के तहत पाकिस्तान को अपने करीब 66 प्रतिशत उत्पादों को बिना टैक्स के यूरोप भेजने की सुविधा मिली हुई थी। इसमें कपड़ा और रेडीमेड कपड़े जैसे सामान शामिल थे। वहीं भारत को ऐसे ही सामान पर 9 से 12 प्रतिशत तक टैक्स देना पड़ता था। इसके बावजूद पाकिस्तान का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 6.2 अरब डालर रहा, जबकि भारत का टेक्सटाइल एक्सपोर्ट 5.6 अरब डालर का था।

अब भारत और ईयू के बीच हुआ यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे श्मदर ऑफ आल डील्सश कहा जा रहा है, भारत को यूरोप में बिना टैक्स के बड़ा बाजार देता है। इससे पाकिस्तान की वह बढ़त लगभग खत्म हो जाती है। इसके साथ ही पाकिस्तान की जीएसपी प्लस सुविधा, जो उसे 2014 में मिली थी, दिसम्बर 2027 में खत्म होने वाली है। अगर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया, तो पाकिस्तान को यूरोप में मिलने वाली यह खास व्यापार सुविधा पूरी तरह खत्म हो सकती है। ईयू पाकिस्तान का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। ऐसे में पाकिस्तान के कारोबारी वर्ग को डर है कि इस समझौते के बाद वह यूरोपीय बाजार में अपनी पकड़ खो सकता है और दूसरे देशों से मुकाबला और कठिन हो जाएगा। ऑल पाकिस्तान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन के प्रमुख कामरान अरशद ने कहा कि भारत अब यूरोपीय बाजार में काफी ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो गया है। कई सेक्टर्स में पाकिस्तान की जीएसपी प्लस बढ़त खत्म हो चुकी है। एफपीसीसीआई के उपाध्यक्ष साकिब फैयाज मगून ने कहा कि जैसे ही भारत को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी, पाकिस्तान की बढ़त खत्म हो जाएगी और उसके निर्यात को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक बार बाजार हाथ से निकल गया, तो उसे वापस पाना बहुत मुश्किल होता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि जीएसपी प्लस योजना पाकिस्तान और ईयू दोनों के लिए फायदेमंद रही है। इसके जरिए यूरोप को सस्ते कपड़े और रेडीमेड सामान की लगातार आपूर्ति मिलती रही है। उन्होंने बताया कि जीएसपी प्लस का मुद्दा पिछले साल हुई रणनीतिक बातचीत में उठा था और इसके बाद ईयू और उसके सदस्य देशों के साथ कई बैठकों में इस पर चर्चा हुई है। पाकिस्तान इस मामले को ब्रसेल्स स्थित ईयू के मुख्यालय और अलग-अलग सदस्य देशों के साथ लगातार उठा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत के करीब 95 प्रतिशत लेबर बेस्ड प्रोडक्ट्स को ईयू में बिना टैक्स के पहुंच मिलेगी।

## बलूचिस्तान में महिला फिदायीन हमला पाक के 200 से ज्यादा जवान हताहत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसका एक बड़ा सैन्य अभियान 'ऑपरेशन हीरोफ फेज-सेकेंड' 40 घंटे से ज्यादा समय तक चला। इस दौरान कई जिलों में हमले किए गए और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलोच के मुताबिक, इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और फ्रंटियर कोर के 200 से ज्यादा जवान मारे गए हैं। जबकि 17 लोगों को पकड़ा गया हैं। उन्होंने आगे बताया कि बीएलए की तरफ से करान, मस्तुंग, तुंप और पसनी जैसे इलाकों में अभियान पूरा किया गया, इसके साथ ही क्वेटा और नोश्की के कुछ हिस्सों में पाकिस्तानी सेना को पीछे धकेला गया है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने कहा कि बलोचों के हमलों में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिक मारे गए हैं। वहीं पाकिस्तानी सेना के अनुसार, शुक्रवार को 41 और शनिवार को 92 उग्रवादी मारे गए हैं। इस अभियान की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि महिला फिदायीन (आत्मघाती हमलावर) भी शामिल थीं। आसिफा मेंगल ने नोश्की में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) मुख्यालय को निशाना बनाकर कार बम से हमला किया।

## ब्रिटेन प्रिंस ने एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीर भेजी

■ बेटी ने पिता से रिश्ता तोड़ा, सर्वाइवर बोलीः शाही महल में यौन संबंध के लिए मजबूर किया गया

**लंदन।** ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू ने 2008 में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजीं थी। यह खुलासा 2010 और 2011 के ईमेल्स से हुआ है, जिसे जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को जारी किया था। प्रिंस एंड्रयू की तरफ से एपस्टीन को 20 दिसम्बर 2012 को एक कार्ड भेजा गया। इसमें कुल 4 तस्वीरें थीं। दो तस्वीरों में प्रिंसेस बीट्रिस को फरवरी 2012 में मोंट ब्लांक पर चढ़ाई करते हुए दिखाया गया है, जबकि प्रिंसेस यूजिनी की साइकिल चलाते तस्वीर भेजी गई थी। इस महीने की शुरुआत में प्रिंसेस यूजिनी ने अपने पिता एंड्र्यू से सभी संपर्क तोड़ने का ऐलान किया था। यह तस्वीरें उस समय भेजी गईं, जब एंड्र्यू दावा कर चुके थे कि उन्होंने एपस्टीन से सभी संबंध खत्म कर दिए हैं।

ब्रिटिश अखबार 'द सन' के मुताबिक उस समय यूजिनी 21 साल की और बीट्रिस 23 साल की थीं। नए दस्तावेजों के मुताबिक, 21 दिसम्बर 2011 को 'एचआरएच द डयूक ऑफ यार्क' ईमेल आईडी से एपस्टीन को एक क्रिसमस कार्ड भेजा गया था। इसमें दोनों बहनों की बर्फ में ली गई तस्वीर थी। कार्ड पर एंड्रयू के साइन थे। एपस्टीन से जुड़े एक और मामले में गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक महिला के वकील ने बीबीसी न्यूज को बताया कि एपस्टीन ने उसे प्रिंस एंड्रयू के साथ यौन संबंध बनाने के लिए ब्रिटेन भेजा था। वकील के मुताबिक, यह कथित घटना साल 2010 की है। महिला और एंड्रयू की मुलाकात उनके निजी निवास रायल लाज में हुई थी। महिला ब्रिटिश नागरिक नहीं थी और उस समय उसकी उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। अमेरिका की कानूनी फर्म एडवर्ड हेंडरसन से जुड़े वकील ब्रैड एडवर्ड ने कहा कि एंड्रयू के साथ रात बिताने के बाद महिला को शाही पैलेस घुमाया गया और वहां चाय भी पिलाई गई। बीबीसी ने इस मामले पर एंड्रयू से प्रतिक्रिया मांगी है। आमतौर पर बकिंघम पैलेस आने वाले मेहमानों का रिकॉर्ड रखा जाता है, लेकिन महिला की पहचान सार्वजनिक न होने की वजह से ठठब उसके दौरे की पुष्टि नहीं कर सका। यह पहली बार है जब किसी एपस्टीन सर्वाइवर ने किसी शाही निवास में यौन संबंध होने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने प्रिंस एंड्रूय से अमेरिकी संसद की कमिटी के सामने गवाही देने को कहा है।

## न्यूयॉर्क शहर में ठंड से 14 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में पिछले हफ्ते खुले में रहने के कारण ठंड की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई है। महापौर जोहरान ममदानी ने रविवार को इस बात की पुष्टि की। स्थानीय मीडिया ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आठ लोगों की मौत बहुत अधिक ठंड लगने से हुई थी। 25 जनवरी को आए भीषण बर्फीले तूफान में रिकॉर्ड तोड़ बर्फबारी से सड़कें और फुटपाथ कीचड़ भरे मलबे में तब्दील हो गए। ममदानी ने कहा कि अब तक 670 लाख पाउंड बर्फ पिघल चुका है और इसे हटाने के लिए 1880 लाख पाउंड नमक का इस्तेमाल किया गया है। बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए नए उपाय भी अपनाए गए हैं। बेघर लोगों के लिए नए एक कमरे वाले आश्रय गृह खोले जाएंगे।

## तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों पर रोक लगाई



■ चेतावनी देकर दवाएं नष्ट कर रहे, महिलाओं को प्रेग्नेंसी और मिसकैरेज में इलाज नहीं मिल पा रहा

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने महिलाओं के लिए गर्भनिरोधक गोलियों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। तालिबानी डाक्टरों को धमकी देते हैं कि दवा दी तो क्लीनिक बंद करा देंगे।

देशभर में क्लीनिक भी बंद हो रहे हैं। महिलाओं को गर्भधारण या मिसकैरेज का इलाज नहीं मिल पा रहा। बदगीस प्रांत की एक निजी क्लीनिक में चेतावनी देते हुए सभी दवाएं नष्ट कर दी गईं। जवजजान प्रांत में 30 साल से क्लीनिक चला रही एक डाक्टर कहती हैं, तालिबान के सत्ता आने के बाद गर्भनिरोधक गोली तेजी से खत्म हो रही हैं। यहां 70 में से 30 महिलाओं को इसकी जरूरत होती थी, अब हम कह देते हैं कि हमारे पास कुछ भी नहीं है। कंधार प्रांत सहित कई जगहों पर सीधे पुरुष डाक्टरों से इलाज लेने पर सख्ती है। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था। इसके बाद से वहां महिलाओं की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए कई कानून लागू किए गए हैं। 2021 में तालिबान, अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था।

## पोलैंड में कड़ाके की ठंड से 50 से अधिक लोगों की मौत

**वॉरसॉ।** पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। श्चेपान्स्की ने कहा कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया (शरीर का अत्यधिक ठंडा हो जाना) के मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परित्यक्त इमारतों (जिन इमारतों में कोई नही रहता है) में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर हम परित्यक्त इमारतों में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि वे अधिक तापमान वाले स्थानों पर चले जाएं।

# नार्वे के डिप्लोमेट ने भारतीयों को सांप से बदतर कहा

## यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से कहा थाः इंडियन और सांप मिलें, तो पहले इंडियन को मारो



**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी करीब 30 लाख से ज्यादा फाइलें सार्वजनिक कर दी हैं। इन फाइलों के सामने आते ही कई बड़े और रसूखदार लोगों के छिपे हुए सच बाहर आ रहे हैं। इन्हीं दस्तावेजों में नार्वे के एक डिप्लोमेट टेर्जे राड-लार्सन का 25 दिसम्बर 2015 का एक ईमेल है। इसमें उन्होंने भारतीयों को सांप से भी बदतर बताया है।

दस्तावेजों से पता चला है कि एपस्टीन ने लार्सन को किसी भारतीय नेता का ईमेल फारवर्ड किया था। इसके जवाब में लार्सन ने कहा था कि जब आप एक भारतीय और एक सांप से मिलें, तो पहले भारतीय को मार डालो। हालांकि ये अभी तक क्लियर नहीं है कि लार्सन ने भारतीयों के खिलाफ ये मेल क्यों लिखा था। एपस्टीन फाइल से ये भी पता चला था कि लार्सन ने 2013 में बिल गेट्स और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की मुलाकात की जानकारी सीधे जेफरी एपस्टीन को भेजी थी। यह मुलाकात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई थी। ईमेल में इस बैठक की पूरी रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि बिल गेट्स ने पाकिस्तान में पोलियो खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों की तारीफ की थी और कहा था कि इस दिशा में पाकिस्तान ने अपने काम को दोगुना कर दिया है। वहीं, नवाज शरीफ ने साइंस और टेक्नीक को आगे बढ़ाने को लेकर अपनी सोच शेयर की थी। उन्होंने खास तौर पर युवाओं के लिए आईटी सेक्टर में नौकरियां पैदा करने, टेक्नोलाजी एक्सपोर्ट बढ़ाने, ई-गवर्नेंस और टेक पार्क बनाने की बात कही थी। लार्सन एक नार्वेजियन डिप्लोमेट रहे हैं। वे इंटरनेशनल पीस इंस्टीटयूट के अध्यक्ष थे और यूएन में भी काम कर चुके हैं। साल 2020 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उनका नाम जेफी एपस्टीन से जुड़ा था। हाल ही में जब टेर्जे रोड-लार्सन से जब जेफी एप्स्टीन से जुड़े मामलों पर सवाल पूछे गए थे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इस पूरे मामले में वे लगातार मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं।

# ट्रम्प को ईरान के साथ समझौते की उम्मीद

## ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई ने युद्ध के खिलाफ दी चेतावनी



■ ट्रम्प ने कहाः हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ 'समझौता होने की' उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किए हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।

ट्रम्प ने कहा कि हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जाएगा कि वह सही थे या नहीं। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि अगर वे युद्ध शुरू करते हैं तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नई बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीजों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है या नुकसान पहुंचाता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने ईरान में अमेरिका के हस्तक्षेप के इतिहास की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान के कई आकर्षण केन्द्र हैं, जिनमें उसका तेल, उसके खनिज और उसकी भौगोलिक स्थिति दूसरे देशों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है।

## रूस ने यूक्रेन से संचालित धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटर को किया बंद

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूसी पुलिस ने लेनिनग्राद क्षेत्र में यूक्रेन से संचालित हो रहे कॉल सेंटर को बंद करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। रूस के पश्चिम में यह दूरसंचार केंद्र यूक्रेन के जालसाज संचालित कर रहे थे। रूसी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इस संबंध में सेंट पीटर्सबर्ग से दो संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि दोनों संदिग्ध यूक्रेन में मौजूद कॉल सेंटरों से अगस्त 2025 से संपर्क में थे। वे अंतर्राष्ट्रीय कॉल लगाने के लिए सिम बॉक्स का इस्तेमाल कर रहे थे, जो कॉल करने वाले की पहचान और लोकेशन छिपा लेता है। पुलिस ने कहा कि यह कॉल सेंटर हर दिन 5000 से ज्यादा लोगों को धोखाधड़ी वाली कॉल करता था।

